# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | भोपाल, शनिवार 29 नवंबर 2025




डॉ. अभिमन्यु

## उज्जैन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के घर शादी की धूम!

# बेटे अभिमन्यु की रस्मों में उमड़ी भारी भीड़ माता पूजन में जमकर नाचे परिजन व दोस्त

◀ अभिमन्यु की शादी 30 नवंबर को पद्मश्री डॉ. वाकणकर ब्रिज के पास शिप्रा तट, उज्जैन में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में होगी



परिजनों और दोस्तों के डांस का वीडियो सामने आया

हरिभूमि न्यूज ⏭उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के छोटे बेटे डॉ. अभिमन्यु यादव की शादी के कार्यक्रम शुक्रवार से शुरू हो गए हैं। अभिमन्यु यादव की शादी 30 नवंबर 2025 को पद्मश्री डॉ. वाकणकर ब्रिज के पास शिप्रा तट, उज्जैन में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में होगी।

मुख्यमंत्री के बेटे की शादी समारोहों के पहले दिन माता पूजन हुआ, जिसमें परिजनों के साथ कुछ मित्र ⏩शेष पेज 4 पर



### सीएम दोपहर ढाई बजे उज्जैन पहुंचे

आयोजन के दौरान सीएम की बहन और नगर निगम सभापति कलावती यादव ने कहा कि बाबा महाकाल की कृपा से घर में खुशियों का प्रसंग आया है। यह हर्ष और उल्लास का अवसर है। भगवान सभी के जीवन में ऐसी खुशियां भरें। वहीं, सीएम की बेटी डॉ. आकांशा यादव भी भाई की शादी के जश्न में शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि भाई की शादी है, खुशी का मौका है। सीएम दोपहर 2:30 बजे उज्जैन पहुंचे, इसलिए वह माता पूजन में शामिल नहीं हो सके, लेकिन अब शादी तक सभी कार्यक्रमों में वे मौजूद रहेंगे।

### *सम्मेलन में 22 जोड़े लेंगे फेरे*

*सामूहिक विवाह समारोह 30 नवंबर 2025 को सांवराखेड़ी में होगा, जहां एक साथ 22 जोड़े फेरे लेंगे। सामूहिक विवाह को लेकर सांवराखेड़ी में बड़े स्तर पर तैयारी चल रही है।*


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## रायसेन की 6 साल की बच्ची का गुनहगार

◀ *रायसेन ले जाते वक्त कीरत नगर में पुलिस की गाड़ी पंक्चर, दूसरी गाड़ी में सलमान को शिफ्ट करते वक्त उसने एसआई की रिवॉल्वर छीनकर भागने की कोशिश की*

# रात 3.30 बजे दरिंदे सलमान का शॉर्ट एनकाउंटर, पैर में लगी गोली

**पहले उसे राजधानी के जयप्रकाश फिर हमीदिया में कराया भर्ती, जहां हालत गंभीर**

दरिंदे सलमान की गिरफ्तारी तो हो गई है। पर, उसकी गिरफ्तारी पर व शॉर्ट एनकाउंटर पर कई सवाल हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि उसकी फरारी के दौरान मदद किसने की?



कीरत नगर में फॉरेंसिक टीम पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल



6 साल की मासूम बच्ची से दरिंदगी करने वाले सलमान को भोपाल पुलिस ने गुरुवार रात सवा ग्यारह बजे गांधी नगर इलाके से दबोच लिया। भोपाल पुलिस ने उसे रायसेन पुलिस को सौंप दिया। रायसेन पुलिस उसे रायसेन ले गई पर रास्ते में रात लगभग 3.30 बजे गौहरगंज ले जाते समय रास्ते में कीरत नगर के पास पुलिस वाहन पंक्चर हो गया। आरोपी को दूसरी गाड़ी में शिफ्ट करते समय जैसे ही पुलिस अधिकारी नीचे उतरे उसने तुरंत उनकी सर्विस रिवॉल्वर छुड़ा कर पुलिस पर दो फायर कर दिए। ⏩शेष पेज 4 पर ⏩पढ़ें पेज 03 भी



हमीदिया अस्पताल में घायल आरोपी सलमान



रायसेन में आईजी मिथिलेश शुक्ला ने प्रेस कांफ्रेंस कर घटनाक्रम की जानकारी दी

⏩ *दुष्कर्म के बाद जंगल में छिपा रहा सलमान*

⏩ *रात में बायपास से बस पकड़कर पहुंचा था भोपाल*

### सलमान ने काजी कैंप में दो दिन तक हम्माली भी की

सुलतानगंज थाना प्रभारी श्यामराज ने बताया कि सलमान के बारे में पुलिस ने पूरी जानकारी जुटा ली थी। पुलिस पहले तो पीड़ित पक्ष और ग्रामीणों के कहने पर जंगल में सर्चिंग करती रही फिर रायसेन और आसपास उसकी तलाश की। गंभीर प्रकरण होने के कारण लोगों में आक्रोश था। पुलिस धरना प्रदर्शन चक्काजाम में व्यस्त रही। लिहाजा, भोपाल में उसकी सर्चिंग करने में देरी हो गई। वे दस पुलिसकर्मियों के साथ दो गाड़ियों से भोपाल पहुंचे थे। दुर्गा नगर में आरोपी के आने की पुष्टि होने के बाद यह तय हो गया था कि आरोपी भोपाल में है। गुरुवार सुबह से रात तक आरोपी की तलाश ⏩शेष पेज 4 पर

**सीएम डॉ. यादव का बड़ा बयान**

### कानून को हाथ में लेने वालों को हम छोड़ने वाले नहीं

शॉर्ट एनकाउंटर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का भी सख्त बयान आया है। उन्होंने कहा कि जो कानून को हाथ में लेगा, सरकार उससे निपटना जानती है। हमारी पकड़ से कोई भाग नहीं सकता। कानून को हाथ में लेने वालों को हम छोड़ने वाले नहीं हैं। अपराधियों के खिलाफ हमारी सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रही है।

### हमीदिया अस्पताल पहुंचे मजिस्ट्रेट, आरोपी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

लोगों के आक्रोश और आरोपी की सुरक्षा को देखते हुए पहली बार मजिस्ट्रेट हमीदिया अस्पताल पहुंचे। यहीं पुलिस ने आरोपी सलमान को पेश किया। मजिस्ट्रेट ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। 11 दिसंबर तक वह न्यायिक हिरासत में पुलिस के पास रहेगा।

**आईजी मिथिलेश शुक्ला से सीधी बातचीत**

### जिन लोगों के संपर्क में रहा सलमान, उनकी भी खैर नहीं

◀ *सलमान ने 6 दिन की फरारी कहां काटी?*

जवाब - हम सलमान से पूछताछ के बाद ही कुछ स्पष्ट कह पाएंगे।

◀ *क्या करता रहा 6 दिन?*

जवाब - हमें भी इन्हीं बातों का इंतजार है।

◀ *इस दौरान किनके संपर्क में रहा?*

जवाब - कुछ लोगों के नाम सामने आए हैं। उनके बारे में जानकारी लगाई जा रही है।

◀ *पुलिस ने उसे कैसे पकड़ा?*

जवाब - पुलिस को सूचना मिली थी। जिसके आधार पर लोगों ने वेरिफाई करते हुए सूचना दी।

◀ *क्या भोपाल की किसी कॉलोनी में उसे शरण मिली हुई थी?*

जवाब - स्थानीय लोगों से इंकार किया है। फिर से पुलिस जांच कर रही है।

◀ *पुलिस इनाम किसे देगी?*

जवाब - आरोपी की गिरफ्तारी पुलिस के लिए ज्यादा जरूरी है। इनाम किसे दिया जाएगा। यह बाद का विषय है।

◀ *क्या पुलिस अपनी इंटेल में मात खा गई, सलमान भोपाल में था और पुलिस जंगलों में?*

जवाब - पुलिस कई एंगल पर काम कर रही थी। रायसेन के अलावा दूसरे जिलों में भी सर्चिंग की गई ⏩शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### हिस्ट्रीशीटर की डंडों से पीट-पीटकर हत्या

**सागर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के लाजपतपुर में हिस्ट्रीशीटर की डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई।



शुक्रवार को वारदात का वीडियो सामने आया है, जिसमें आरोपी डंडों से मृतक को बेरहमी से पीटते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो सामने आते ही पुलिस ने संज्ञान में लिया है। प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। वारदात 25 नवंबर की रात की है।

### महू में दिनदहाड़े 10 लाख रु. की लूट


**इंदौर।** महू में शुक्रवार सुबह ड्रीमलैंड चौराहे पर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के ठीक बाहर बाइक



सवार बदमाशों ने शराब कंपनी के कर्मचारियों से 10 लाख रुपए से भरा बैग छीन लिया। शराब कंपनी में काम करने वाले तीन कर्मचारियों ने बैंक से चालान भरने के लिए 10 लाख रुपए विड्रॉल किए और बैग में रखे थे।

### पिकअप-बाइक की भिड़ंत दो चचेरे भाइयों की मौत

**जबलपुर।** डिंडौरी जिले में गुरुवार देर रात बाइक और पिकअप की जोरदार टक्कर में दो चचेरे भाइयों



की मौके पर ही मौत हो गई। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के अमरकंटक मार्ग स्थित ग्राम कूड़ा के पास हुई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पिकअप में फंसकर घिसटती चली गई और कुछ ही क्षणों बाद आग की लपटों में जलकर राख हो गई। पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

## रूसी राष्ट्रपति पुतिन का भारत दौरा

# 4 व 5 दिसंबर को पीएम मोदी के न्योते पर आ रहे हैं दिल्ली

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बुलावे पर 4-5 दिसंबर को भारत आ रहे हैं।

■ मोदी से करेंगे द्विपक्षीय वार्ता रक्षा और व्यापार पर होगी चर्चा

भारतीय विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को इस बात की जानकारी दी है। माना जा रहा है कि इस दौरे में रूसी राष्ट्रपति से तेल खरीद के साथ ⏩शेष पेज 4 पर



फाइल फोटो


### राष्ट्रपति भवन में दावत का आयोजन

विदेश मंत्रालय के मुताबिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पुतिन की अगवानी करेंगी और उनके सम्मान में दावत का आयोजन करेंगी।

## अर्धकुंभ 2027: स्नान की तिथियां हुईं घोषित

# 14 जनवरी को होगा पहला शाही स्नान, 3 माह तक चलेगा अर्धकुंभ

एजेंसी ⏭हरिद्वार



**पहली बार चार अमृत स्नान**

साल 2027 में होने वाले अर्ध कुंभ को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। साल 2027 में होने वाले अर्धकुंभ को लेकर सभी तिथियां जारी कर दी गई हैं। 14 जनवरी 2027 से अर्धकुंभ शुरू होगा। पहला स्नान 14 जनवरी 2027 को होगा, इसके बाद अन्य तिथियां भी घोषित कर दी गई हैं। साल 2021 में हरिद्वार में पूर्ण कुंभ हुआ था। इसके बाद अर्ध कुंभ 2027 में होना है, लेकिन राज्य सरकार 2027 में होने वाले अर्ध कुंभ को पूर्ण कुंभ की तरह मनाना चाहती है। ⏩शेष पेज 4 पर

## *देश में एक नया अध्याय शुरू*

# कोटा बना देश का पहला ट्रैफिक-सिग्नल मुक्त शहर

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

21वीं सदी के शहरों के लिए शहरी गतिशीलता सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बन चुकी है। बढ़ती आबादी और वाहनों की निरंतर वृद्धि ने पारंपरिक ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम को समाधान से ज्यादा बाधा में बदल दिया है। यही कारण है कि अब कई नगर नियोजक यह सवाल उठाने लगे हैं कि क्या भविष्य के शहरों को सिग्नल-फ्री ⏩शेष पेज 4 पर



कोटा की सड़कें


www.bachpanglobal.com

अपने शहर में बचपन प्ले स्कूल शुरू करें!

BACHPAN



- निवेश 15+ लाख एवं 200 वर्ग मीटर जगह
- पाठ्यक्रम तथा संचालन में सहायता
- प्राइमरी/10-12 स्कूल अपग्रेड संभव
- रॉयल्टी फ्री मॉडल

1300+ Schools | 3 Lakh Students | 400+ Cities | 25 States

फ्रैंचाइजी मध्य प्रदेश + छत्तीसगढ़ के सभी क्षेत्रों से आमंत्रित-संपर्क करे :-

BHOPAL Anjali 7042419033 | JABALPUR Nargis 8527800779
INDORE Pooja 9717878282 | RAIPUR Varsha 8860619134
BILASPUR Rashmi 9818573200 | ALL CITIES Amit Kumar 9811437000

For Admissions call us at 7290047000 ; QR School Locator
Web : www.bachpanglobal.com ; Mail : franchise@bachpanglobal.com
Phone : 011-35106666/011-35107777 ; CIN : U74899DL1999PTC101251
Regd. Office :- S.K Tower, 9988/B-1, Sarai Rohilla, New Rohtak Road, Delhi-110005


## मजबूत वृद्धि दर: अनुमान से भी आगे निकले आंकड़े, आ गई रिपोर्ट

**भारत की जीडीपी दूसरी तिमाही में अनुमान से काफी बेहतर रही**

# बुलेट ट्रेन की रफ्तार से दौड़ी जीडीपी इस बार 8.2 प्रतिशत की ग्रोथ दर्ज

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

भारतीय अर्थव्यवस्था ने वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर अवधि) में 8.2 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर हासिल की है, जो कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की विकास दर 5.6 प्रतिशत से काफी अधिक है। यह जानकारी सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने शुक्रवार को दी गई।

इससे वित्त वर्ष 26 की पहली छमाही में विकास दर 8 प्रतिशत की हो गई है, जो कि वित्त वर्ष 25 की पहली छमाही में 6.1 प्रतिशत थी। मंत्रालय ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर अवधि में देश की नॉमिनल जीडीपी में 8.7 प्रतिशत की दर से इजाफा हुआ है। सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया कि रियल जीडीपी वृद्धि दर ⏩शेष पेज 4 पर

### ⏩फाइनेंशियल, रियल एस्टेट और प्रोफेशनल सर्विसेज की यह रही वृद्धि दर




फाइल फोटो

द्वितीयक क्षेत्र में शामिल मैन्युफैक्चरिंग की वृद्धि दर 9.1 प्रतिशत और कंस्ट्रक्शन की वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रही है। तृतीयक क्षेत्र में फाइनेंशियल, रियल एस्टेट और प्रोफेशनल सर्विसेज में 10.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक कृषि और उससे जुड़े हुए सेक्टर की विकास दर 3.5 प्रतिशत रही है। वहीं, इलेक्ट्रिक, गैस, वाटर सप्लाई और अन्य यूटिलिटी सर्विसेज सेक्टर की वृद्धि दर 4.4 प्रतिशत रही है।

### पीएफसीई में कितनी हुई बढ़त?

वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही में निजी अंतिम उपभोग व्यय (पीएफसीई) में 7.9 प्रतिशत की बढ़त हुई है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में इसमें 6.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में सरकारी अंतिम उपभोग व्यय (जीएफसीई) में 2.7 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 4.3 प्रतिशत बढ़ा था। सरकार की ओर से दी गई जानकारी ⏩शेष पेज 4 पर

# भारतीय स्वास्थ्य सिस्टम को सुदृढ़ करने को लेकर संगोष्ठी

**जीएमसी में 'वन वर्ल्ड वन हेल्थ' पर जागरुकता संगोष्ठी का हुआ आयोजन**

**डॉ वार्ष्णेय ने बताया कि हेल्थ सिस्टम को मजबूत कैसे करें**


जीएमसी में आयोजित संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग में 'वन वर्ल्ड वन हेल्थ' विषय पर जागरुकता संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें मुख्य वक्ता पुणे से आए यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर सुरेश पाटणकर, आरोग्य भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री अशोक वार्ष्णेय ने विषय को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सबके समक्ष प्रस्तुत किया एवं इंटीग्रेटेड हेल्थ सिस्टम की आवश्यकता के बारे में बताया। संगोष्ठी की अध्यक्षता कर आईएएस मयंक अग्रवाल ने विचार व्यक्त किए। जीएमसी की डीन डॉ कविता एन सिंह ने महाविद्यालय में 'वन वर्ल्ड वन हेल्थ' पर किए गए प्रयासों का उल्लेख करते हुए संगोष्ठी प्रारंभ की। डॉ अशोक वार्ष्णेय ने स्वस्थ व्यक्ति निर्माण कैसे होगा और भारतीय स्वास्थ्य सिस्टम को सुदृढ़ कैसे किया जाए इस विषय पर अपने विचार व्यक्त किया।

इंटीग्रेटेड हॉलिस्टिक हेल्थ अप्रोच किस तरह से हो इस पर संगोष्ठी में विचार विमर्श किया गया। डॉ सुरेश पाटणकर जी यूरोलॉजिस्ट ने एलोपैथी में प्रैक्टिस करते हुए किस प्रकार कुछ आयुर्वेदिक दवाओ से मरीज को फायदा हो सकता है, इस पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण से रिसर्च करने के बारे में बताया। डॉ अंशुली त्रिवेदी ने 'वन वर्ल्ड वन हेल्थ' आईएपीएसएम एवं आईसीएमआर के थीम के बारे में सबको परिचित कराया।

# कार्डियो-डायबिटीज सम्मेलन में एम्स रेजिडेंट्स का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स भोपाल के मेडिसिन विभाग के रेजिडेंट्स ने भोपाल में आयोजित कार्डियो-डायबिटीज सम्मेलन के राज्य स्तरीय कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।
डॉ. सुरिया, डॉ. अंसिल और डॉ. प्रसाद ने पीजी क्विज में राज्य स्तरीय जीत हासिल की और अब जनवरी 2026 में पटना में होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

डॉ. अंसिल को ओरल पेपर प्रेजेंटेशन श्रेणी में प्रथम पुरस्कार मिला। उन्होंने डॉ. रजनीश जोशी और डॉ. अभिषेक सिंघई के मार्गदर्शन में क्रॉनिक लीवर डिजीज पर अध्ययन प्रस्तुत किया। कार्यपालक निदेशक डॉ. माधवानंद कर ने सभी रेजिडेंट्स को बधाई दी।

## खबर संक्षेप

### बीएड योग्यताधारी प्राथमिक शिक्षक ब्रिज कोर्स के लिए 25 दिसंबर तक करा सकेंगे

**भोपाल।** प्रदेश में 11 अगस्त, 2023 के पूर्व नियुक्त बीएड योग्यताधारी शिक्षक ब्रिज कोर्स के लिए अपना रजिस्ट्रेशन 25 दिसम्बर 2025 तक https://bridge.nios.ac.inवेबसाइट के माध्यम से करा सकेंगे। लोक शिक्षण संचालनालय ने इस संबंध में प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को परिपत्र जारी किए गए है। परिपत्र में कहा गया है कि प्राथमिक शिक्षक की व्यावसायिक योग्यता के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय ने आदेश पारित किया है। बीएड योग्यताधारी प्राथमिक शिक्षकों को राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली से 6 माह का ब्रिज कोर्स ओपन एण्ड डिस्टेंस लर्निंग ओडीएल मोड से कराए जाने का उल्लेख है। पत्र में कहा गया है कि संबंधित प्राथमिक शिक्षक समय-सीमा में रजिस्ट्रेशन सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार नहीं कराते हैं अथवा रजिस्ट्रेशन के बाद एक वर्ष में ब्रिज कोर्स पूर्ण नहीं करते हैं, तो ऐसे प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति आगे जारी नहीं रखी जा सकेगी। इस संबंध में प्राथमिक शिक्षक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### पहाड़ी सड़कों पर रिटेनिंग वॉल्स टूटे, आयोग के जांच के निर्देश

**भोपाल।** मप्र मानव अधिकार आयोग के सदस्य डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने भोपाल शहर के अधिकांश क्षेत्रों में कई पहाड़ी सड़कों पर रिटेनिंग वॉल्स के जगह-जगह टूटने का मामले में संज्ञान लिया है। मामले में आयोग ने मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन दो सप्ताह में मांगा है।

### वार्ड कार्यालय के पास ही बना था अवैध शेड, निगम अमले ने ढहाया

**भोपाल।** नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी अमले ने शुक्रवार को खजूरी रोड पर वार्ड कार्यालय के पास ही बने अवैध शेड व पक्के चबूतरे को तोडने की कार्रवाई की। जेसीबी से उक्त अवैध निर्माण को ढहाया गया। इसके अलावा अयोध्या नगर में घर के सामने अवैध रूप से लगाई गई जाली, रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर एक की ओर अवैध रूप से बना छप्पर व झुग्गी हटाने की कार्रवाई की गई। इसी तरह अशोका गार्डन क्षेत्र से अवैध छप्पर व पानी की टंकी के पीछे अवैध रूप से बनाया गया पक्का जीना तोड़ने की कार्रवाई निगम अमले ने की।

### 77 हजार 224 कृषकों ने लिया कृषि पंप नवीन विद्युत कनेक्शन

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी अपने कार्यक्षेत्र में ग्रामीण एवं कृषि उपभोक्ताओं को अब मात्र 5 रुपये में स्थायी कृषि पंप कनेक्शन उपलब्ध करा रही है। जब से यह योजना शुरू हुई है तब से अब तक इस योजना का लाभ 77 हजार 224 ग्रामीण कृषकों को मिल चुका है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने कहा है कि कृषि पम्पों के कनेक्शनों की संख्या बढ़ाए जाने के लिए ऐसे कृषक जो विद्युत की उपलब्ध लाइन के समीप स्थित हैं उनको सुविधानुसार आसानी से स्थाई कृषि पंप कनेक्शन दिया जा रहा है।

## सोशल मीडिया पर वीडियो-फोटो वायरल होने के बाद अभाविप-एनएसयूआई ने किया विरोध प्रदर्शन

# पुलिसकर्मी के सामने कर्मचारियों ने छात्र को पीटा, मौजूद लोग बनाते रहे वीडियो

**घटना के वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं**

**कर्मचारियों-गार्ड द्वारा छात्र पर जमकर चांटे-घूसे मारे**


घटना को लेकर विरोध-प्रदर्शन। इनसेट में छात्र को पीटने का वायरल वीडियो।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश फार्मासिस्ट काउंसिल परिसर में शुक्रवार को एक फार्मासिस्ट विद्यार्थी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना के वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं। जिसमें साफ नजर आ रहा है कि कर्मचारियों-गार्ड द्वारा छात्र पर जमकर चांटे-घूसे मारे जा रहे हैं। इसके बाद घसीसकर अंदर ले जा रहा है। इस दौरान वहां मप्र फार्मासिस्ट काउंसिल के अध्यक्ष संजय जैन भी नजर आ रहे हैं। आरोप हैं कि इसके बाद छात्र के साथ बंद कमरे में भी जमकर मारपीट की गई है।

वायरल वीडियो में एक पुलिसकर्मी बीच बचाव कराता भी नजर आ रहा है, लेकिन छात्र को पिटने से नहीं बचा पाया। इस दौरान वहां मौजूद भीड़ वीडियो बनाते नजर आ रही है। हालांकि पूरे मामले में मध्यप्रदेश फार्मासिस्ट काउंसिल के अध्यक्ष संजय जैन छात्र की गलती बताते हुए कर्मचारियों का समर्थन किया है।

वायरल वीडियो के सवाल पर उन्होने कहा कि उन्हे जानकारी नहीं है। मामले में एफआईआर दर्ज कराई गई है। इधर मामले में विरोध के बाद छात्र तुषार सोनारे की ओर से संजय जैन सहित एक अन्य कर्मचारी के विरूद्व एफआईआर दर्ज कराई गई है।

### एनएसयूआई ने नेम प्लेट पर पोती कालिख

मप्र फार्मेसी काउंसिल में रजिस्ट्रेशन की समस्या को लेकर पहुंचे छात्र के साथ की गई मारपीट के विरोध में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने विरोध जताया है। एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार और जिलाध्यक्ष अक्षय तोमर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने फार्मेसी काउंसिल कार्यालय पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने काउंसिल परिसर में संजय जैन की नेम प्लेट पर कालिख पोतकर उनका सार्वजनिक विरोध दर्ज किया।

### प्रबंधन ने कहा: छात्र ने ही की गार्ड से मारपीट

मध्यप्रदेश फार्मासिस्ट काउंसिल के अध्यक्ष संजय जैन ने कहा कि यह सभी आरोप निराधार है। छात्र ने सबसे पहले गार्ड के साथ मारपीट की है। मामले में हमारे द्वारा हबीबगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। इसके अलावा कर्मचारियों द्वारा भी शिकायत की गई है।
एमपी फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश मीडिया प्रभारी राजवीर त्यागी ने कहा कि छात्र से हुई मारपीट की दुर्भाग्यपूर्ण है।

## अभाविप ने फूंका फार्मेसी काउंसिल के अध्यक्ष का पुतला, इस्तीफे की मांग

इधर फार्मासिस्ट विद्यार्थी के साथ मारपीट पर विरोध दर्ज कराते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मप्र फार्मासिस्ट काउंसिल के अध्यक्ष संजय जैन का पुतला फूंका और उनके इस्तीफे की मांग की है। आरोप हैं कि छात्र किसी कार्य से कार्यालय पहुंचा था और रजिस्टर मैडम से मिलने के लिए गार्ड से अंदर जाने का अनुरोध कर रहा था। गार्ड द्वारा प्रवेश नहीं देने पर दोनों के बीच मामूली कहासुनी हो गई। इस छोटे से विवाद के बाद कार्यालय के कुछ कर्मचारियों ने युवक को पहले खींचकर पार्किंग तक घसीटा और उसके बाद उसे भीतर एक कमरे में बंद कर सामूहिक रूप से उसकी जमकर पिटाई की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अचानक हुई इस घटना से कार्यालय परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

### यह पूरी व्यवस्था पर बड़ा सवाल है

अभाविप के शिवम् जाट ने कहा कि अभाविप संजय जैन के इस्तीफा की मांग करती है। आज छात्र के साथ जो मारपीट हुई है, उससे छात्रों की सुरक्षा खतरे में है। उन्होंने कहा कि अभाविप पहले भी फार्मासिस्ट काउंसिल के विषय उठाती आई है और आगे भी छात्र हित में लड़ती रहेगी। प्रांत फार्माविजन संयोजक सचिन पाटीदार ने कहा कि फार्मासिस्ट काउंसिल में विद्यार्थी को पार्किंग में घसीटकर कमरे में बंद करना बेहद शर्मनाक और अमानवीय है।

## जंबूरी मैदान में संगीतमयी श्रीराम कथा

# भगवान की कथा में आनंद बन जाता है परमानंद का स्वरूप: मुरलीधर महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संसार के सुखों में दुख निहित है, सुख की पराकाष्ठा के साथ दुख भी आता है, किंतु भगवान की कथा में आनंद है और वही आनंद परमानंद का स्वरूप बन जाता है। सकल समाज वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति द्वारा जंबूरी मैदान में आयोजित संगीतमयी श्रीराम कथा महोत्सव के दूसरे दिन कथा वाचक मुरलीधर महाराज ने कहा कि हमारे कान संसार की व्यथा सुनने के लिए नहीं भगवान की कथा सुनने के लिए बने हैं। उन्होंने शिव-उमा विवाह की सुमधुर चौपाइयों का बखान करते हुए उन्होंने उमा-शिव संवाद के माध्यम से श्रीराम कथा की महिमा का वर्णन किया।

मुरलीधर महाराज ने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन को धन्य करना है और सार्थक बनाना है तो अपने पैर को तीर्थ यात्रा, हाथ को पुण्य कार्य, नेत्रों को भगवान के दर्शन, जीभ को भगवत भजन और कानों को भगवान की कथा में लगाना चाहिए। कथा विस्तार में उन्होंने भगवान के अवतारों के कारणों पर प्रकाश डालते हुए रामजन्म की कथा सुनाई।

### भक्तिमय वातावरण में गूंजी रामायण की चौपाइयां

श्रीराम कथा में मुरलीधर महाराज द्वारा रामचरितमानस की चौपाइयों और भजनों का सुमधुर संगीतमय गायन हुआ। अजब बनाओ खिलौना माटी का, सीता राम की प्यारी रजधानी लागे तो पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

# धूमधाम से मनाया गया नीब करौरी का प्राकट्योत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बाबा नीब करौरी महाराज के प्राकट्योत्सव के अवसर पर शुक्रवार को हनुमत नरेला स्थित निमार्णाधीन श्रीहनुमत धाम परिसर में अवस्थित बाबा की कुटिया में सुंदरकाण्ड पाठ का दिव्य अनुष्ठान संपन्न हुआ। श्रद्धा, भक्ति और परम शांतिमय वातावरण से ओत-प्रोत यह आयोजन भक्तजनों को अद्वितीय आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान करने वाला रहा। कार्यक्रम का प्रारंभ मंगलाचरण और श्री हनुमानजी के जयकारों के साथ हुआ, जिसके पश्चात सुंदरकाण्ड पाठ की गूंज से संपूर्ण धाम परिसर आलोकित हो उठा। इस पावन अवसर पर विधायक भगवानदास सबनानी, मंगला मिश्रा, बृजेश श्रीवास्तव, अयत्न झा तथा कपिल त्यागी सहित अनेक श्रद्धावान भक्तों ने न केवल उपस्थित होकर अपनी भक्ति अर्पित की, बल्कि पाठ के श्रवण से आत्मा को दिव्य शांति का अनुभव भी प्राप्त किया। भक्तों ने एकाग्र भाव से सुंदरकाण्ड के प्रत्येक चौपाई और श्लोक को आत्मसात करते हुए प्रभु श्रीराम और हनुमानजी की महिमा का गुणगान किया।

## प्रशासन ने मांगें नहीं मानीं तो उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

# अवधपुरी में धार्मिक स्थल हटाने को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने घेरा वार्ड कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


प्रदर्शन करते कार्यकर्ता।

शहर के अवधपुरी क्षेत्र में एक धार्मिक स्थल को हटाने की कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शाम चार बजे वार्ड-61 का घेराव कर दिया और धरने पर बैठ गए। उनकी मांग थी कि अवधपुरी क्षेत्र में वह धार्मिक स्थल, जहां वर्षों से स्थानीय श्रद्धालु माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करते आए हैं, नगर निगम प्रशासन द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के तोड़ दिया गया। कांग्रेस नेताओं ने उक्त स्थल का दोबारा निर्माण करने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि अगर कार्रवाई नहीं की गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। धार्मिक स्थल पर हुई कार्रवाई की सूचना मिलने पर शाम चार बजे कांग्रेस नेता रविन्द्र साहू झूमरवाला घटना स्थल पर पहुंचे और बड़ी संख्या में स्थानीय रहवासियों के साथ नगर निगम कार्यालय का घेराव कर दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कड़ी आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि प्रशासन ने बिना किसी चर्चा, नोटिस या कारण बताए इसे गिराकर जनभावनाओं को ठेस पहुंचाई है। प्रशासन या तो पूरी क्षतिपूर्ति दे या यथावत धार्मिक स्थल का पुनर्निर्माण करवाए।

## जन्मजात सीवी जंक्शन एनॉमली से जूझ रहे मरीज को सर्जरी के बाद मिली राहत

# बीएमएचआरसी: सीवी जंक्शन सर्जरी से मिला जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीएमएचआरसी के न्यूरो सर्जरी विभाग ने सिर और गर्दन के जंक्शन पर स्थित अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र, क्रेनियोवर्टिब्रल (सीवी) जंक्शन की दो गंभीर और दुर्लभ स्थितियों के उपचार हेतु सफल सर्जरी कर मरीजों को नया जीवन प्रदान किया है। दोनों सर्जरी न्यूरो सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ संदीप सोरते, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ सौरभ दीक्षित और असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ सौरभ गुप्ता ने की। एनेस्थीसिया विभाग से प्रोफेसर डॉ सैफुल्लाह टीपू और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ कनिका सुहाग ने सर्जरी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सर्जरी करने वाली टीम में न्यूरो सर्जरी विभाग के रेजिडेंट डॉक्टर डॉ संजय शर्मा, डॉ राजीव मिंज, डॉ आवेस खान और डॉ सत्यम जैन शामिल थे।



फाइल फोटो।

### कमजोरी से चलने-फिरने में होने लगी थी कठिनाई

बीएमएचआरसी में 39 युवक में सीवी जंक्शन क्षेत्र में बने स्पाइनल ट्यूमर के दबाव के कारण मरीज के दाएं हाथ और पैर में लगातार कमजोरी आ रही थी।सर्जरी टीम ने एक उन्नत प्रक्रिया द्वारा रीढ़ की हड्डी के ऊपरी छोटे हिस्से को हटाकर ट्यूमर तक सुरक्षित पहुंच बनाई और उसे सावधानीपूर्वक निकालकर नसों पर पड़े दबाव को दूर किया।

### बिस्तर से उठ बैठ भी नहीं पा रहा था किशोर

सीवी जंक्शन में अनियमितता से 17 वर्षीय किशोर की सफल सर्जरी की गई। जन्म से ही इस युवक के सिर और गर्दन के जंक्शन पर स्थित हड्डियां असामान्य रूप से विकसित हो गई थी। उसके चारों अंगों में तेजी से कमजोरी आने से वह चलना फिरना तो दूर वह बिस्तर से उठ बैठ भी नहीं पा रहा था। डॉक्टरों ने सर्जरी में सिर के पीछे की हड्डी को गर्दन की ऊपरी हड्डी से विशेष स्क्रू और रॉड प्रणाली के माध्यम से स्थिर किया गया, जिससे नसों पर दबाव कम हुआ और जंक्शन स्थिर हो पाया। बीएमएचआरसी की टीम द्वारा सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी की गई। मरीज अब उठ बैठ पा रहा है।

### अत्यंत संवेदनशील होती है सर्जरी

क्रेनियोवर्टिब्रल जंक्शन से संबंधित सर्जरी अत्यंत संवेदनशील होती हैं और अत्यधिक कुशल सर्जन ही ऑपरेशन कर पाते हैं। ऐसे में ये दोनों सर्जरी हमारी टीम की उत्कृष्टता को प्रदर्शित करती हैं।

**डॉ मनीषा श्रीवास्तव,**
**प्रभारी निदेशक, बीएमएचआरसी**

## प्लेटिनम जुबली की तैयारियों में जुटे डॉक्टर्स

# वीआईपी रोड से जीएमसी को किया जाए कनेक्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जीएमसी के स्थापना के 70 वर्ष पूरे होने पर 20-21 दिसंबर को प्लेटिनम जुबली समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह की तैयारियों को लेकर डॉक्टरों ने जीएमसी प्रबंधक को कुछ सुझाव दिए है। प्रबंधक से वीआईपी रोड से जीएमसी कॉलेज को कनेक्ट करने की मांग की। प्रबंधक को डॉक्टरों ने बताया कि वर्तमान में यहां चारो तरफ अत्यंत ट्राफिक होने के कारण आवश्यक है कि कालेज और हमीदिया अस्पताल को पीछे की तरफ से आने जाने के लिए वीआईपी रोड से कनेक्ट करने का विचार किया जाए। जीएमसी के वर्ष 1969 बेच डॉ. जीके अग्रवाल ने बताया कि जीएमसी स्थापना के 70 साल पूर्ण होने पर प्लेटिनम जुबली समारोह का आयोजन भोपाल में हो रहा है। समारोह में आने वाले जीएमसी के पूर्व छात्र कालेज और हमीदिया अस्पताल के नए निर्माण कार्य को बदले हुए परिवेश को देखने को आतुर है। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि जहां आज मेडीकल कालेज की बिल्डिंग है वहा किसी समय फतेहगढ किला था जिसकी एक एक फुट मोटी दीवार ओर बढे भारी गेट को तोड़कर कालेज का निर्माण हुआ है।

## कर्मचारी मंच और सवर्ण अधिकारी-कर्मचारी मोर्चे ने जताया विरोध

**कार्रवाई न होने पर काम बंद आंदोलन की दी चेतावनी**

# ब्राह्मण बेटियों पर अपमानजनक टिप्पणी के मामले में कर्मचारी-अधिकारियों में भारी रोष, गिरफ्तारी की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**पूरे प्रदेश में हो रहा प्रदर्शन**

मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच और सवर्ण अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में शुक्रवार को कर्मचारियों ने मंत्रालय के सामने धरना देकर सरकार से आईएएस संतोष वर्मा को गिरफ्तार कर बर्खास्त करने की मांग की। मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि ब्राह्मण बेटियों पर अपमानजनक टिप्पणी करने वाले आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा पर छह दिन बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई है।



बयान के विरोध में प्रदर्शन।

पाण्डेय ने कहा कि संतोष वर्मा पर अब तक एफआईआर भी दर्ज नहीं हुई है। इतना ही नहीं कूट रचित दस्तावेज लगाकर आईएएस का अवार्ड प्राप्त करने वाले संतोष वर्मा की उच्च स्त्ररीय जांच भी सरकार ने प्रारंभ नहीं की। जिससे कारण पूरे प्रदेश में सवर्ण वर्ग के कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त हो गया है पूरे प्रदेश में आंदोलन किया जा रहा है। मंत्रालय पर प्रदर्शन कर कर्मचारी संगठनों ने निर्णय लिया है कि यदि तत्काल कार्यवाही नहीं की गई तो समस्त कर्मचारी अवकाश लेकर काम बंद आंदोलन कर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपेंगे।

भोपाल, शनिवार 29 नवंबर 2025 ■ अगहन मास शुक्ल पक्ष-09 ■ वर्ष : 12, अंक : 239 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 26 न्यून.13 haribhoomi.com



भगवान श्री राम की भव्य प्रतिमा

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



### पीएम मोदी ने गोवा में श्रीराम की 77 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया

# यह अयोध्या की मूर्ति के समान, धनुष-बाण धारी भगवान राम के सौम्य चेहरे का भाव दर्शाया गया

### यह प्रतिमा कांस्य से बनी और श्री संस्थान गोकर्ण जीवोत्तम मठ में लगी

एजेंसी ▶▶ गोवा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गोवा में भगवान श्रीराम की 77 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। यह प्रतिमा कांस्य से बनी है और श्री संस्थान गोकर्ण जीवोत्तम मठ में लगी है। भगवान श्रीराम की इस प्रतिमा का स्वरूप अयोध्या की मूर्ति से काफी मिलता-जुलता है। इसमें भगवान राम के हाथ में धनुष-बाण और चेहरे पर सौम्यता व दिव्यता का भाव दिखता है। पीएम मोदी ने श्री संस्थान गोकर्ण पर्तगाली जीवोत्तम मठ के 550वें वर्ष के उत्सव 'सार्ध पंचशतामनोत्सव' में शामिल होकर ▶▶ शेष पेज 4 पर

### नोएडा के प्रसिद्ध मूर्तिकार के मार्गदर्शन में बनी प्रतिमा



बटन दबाकर अनावरण करते पीएम मोदी

इस प्रतिमा को नोएडा के प्रसिद्ध मूर्तिकार राम सुतार के मार्गदर्शन में तैयार किया गया है। राम सुतार ने ही गुजरात में सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी डिजाइन की थी। गोवा में श्रीराम की प्रतिमा के साथ रामायण थीम पार्क और राम संग्रहालय भी बनाया जा रहा है।

### गोकर्ण पर्तगाली मठ के बारे में जानें

यह सारस्वत ब्राह्मण समुदाय का एक सम्मानित धार्मिक केंद्र है। इसकी स्थापना 1656 ईसवीं में श्री राम चंद्र तीर्थ ने की थी। मठ में भगवान श्री राम, लक्ष्मण और सीता मुख्य देवता के रूप में पूजे जाते हैं। देशभर में इस मठ की 33 शाखाएं हैं। मठ का 550वां वार्षिकोत्सव 31 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान राम नाम जप अभियान, भजनी सप्ताह और 11 दिन का उत्सव आयोजित होगा।

## खबर संक्षेप

### 'महावतार नरसिम्हा' की ऑस्कर में एंट्री



**नई दिल्ली।** अश्विन कुमार की एनिमेटेड फिल्म 'महावतार नरसिम्हा' को बड़ी सफलता हासिल हुई है। ये फिल्म इसी साल थिएटर्स में रिलीज हुई और फिल्म को खूब प्यार मिला। इस एनिमेटेड फिल्म को बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। फिल्म को ऑस्कर नॉमिनेशन में जगह दी गई है। अकादमी के ऑफिशियल लिस्ट के मुताबिक 'महावतार नरसिम्हा' को बेस्ट एनिमेटेड फीचर फिल्म के लिए नॉमिनेट किया गया है।

### नींद से जगाने पर नाराज हुआ मजदूर, कर दी हत्या



**मंदसौर।** यहां मामूली सी बात पर एक युवक की हत्या कर दी गई। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। मंदसौर के एसपी विनोद मीणा ने कालाखेत बाजार में दुकान के बाहर सो रहे जहूर शाह को मुबारक ने जगाने की कोशिश की। मुबारक शराब के नशे में था। आरोपी जहूर की नींद डिस्टर्ब हुई, तो उसने उठते ही उसकी ताबड़तोड़ पिटाई शुरू कर दी। आरोपी ने मुबारक के सिर पर एक के बाद एक कई वार किए।

### क्लास की रील बनाई, पिता को बुलाया तो कूदा छात्र



**इंदौर।** रतलाम में औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत डोंगरे नगर में स्थित बोधि इंटरनेशनल स्कूल की तीसरी मंजिल से आठवीं कक्षा के एक छात्र ने छलांग लगा दी। दरअसल, छात्र ने मोबाइल से क्लास की रील बनाते हुए पकड़ा गया। प्रबंधन ने उसके पिता को बुलवाया था। इसके बाद उसने आत्मघाती कदम उठा लिया। घायल छात्र को तुरंत नजदीकी निजी अस्पताल पहुंचाया, फिर निजी अस्पताल में शिफ्ट किया गया है।

**सुप्रीम कोर्ट सख्त** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और अन्य को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

# पीरियड्स साबित करने प्राइवेट पार्ट का फोटो मांगा... कोर्ट बोला-यह तो 'दूषित' मानसिकता

बार निकाय ने यह सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश भी मांगे हैं कि मासिक धर्म के दौरान महिलाओं और लड़कियों के स्वास्थ्य, सम्मान, शारीरिक स्वायत्तता और निजता के अधिकार का उल्लंघन न हो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक याचिका पर केंद्र सरकार और अन्य पक्षों से जवाब मांगा है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि हरियाणा के महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में सफाईकर्मियों से यह साबित करने के लिए उनके निजी अंगों की तस्वीरें मांगी गईं कि उनका मासिक धर्म (पीरियड) चल रहा है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने केंद्र और अन्य को नोटिस जारी किए। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि यह मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में मासिक धर्म के दौरान अवकाश दिया जा रहा है। इसे पढ़कर मैंने सोचा कि क्या अब अवकाश देने के लिए भी सबूत मांगा जाएगा? उन्होंने कहा कि इससे संबंधित लोगों की सोच जाहिर होती है। अगर महिला कर्मचारी किसी जरूरी काम के लिए हाजिर नहीं थीं, तो किसी और को काम पर लगाया जा सकता था। कोर्ट ने उम्मीद जताई कि इस मामले में कुछ सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे।

### याचिका पर 15 दिसंबर को अगली सुनवाई

बेंच ने कहा कि कर्नाटक में मासिक धर्म के दौरान अवकाश दिया जा रहा है तो क्या अब अवकाश देने के लिए भी सबूत मांगा जाएगा?



### महिलाओं ने लगाए थे आरोप

महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया कि सुपरवाइजर्स ने कहा कि वे सहायक रजिस्ट्रार श्याम सुंदर के निर्देशों का पालन कर रहे हैं। सुंदर ने इन आरोपों से इनकार किया है। पीजीआईएमएस थाना प्रभारी ने कहा कि प्राथमिकी में आपराधिक धमकी, यौन उत्पीड़न, महिला की मर्यादा का अपमान करने और मारपीट या बल प्रयोग से जुड़ी धाराएं शामिल की गई हैं। उन्होंने कहा कि आरोपियों पर अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत भी कार्रवाई हो सकती है।

### ▶▶ यह एक गंभीर आपराधिक मामला

*सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट बार संघ के अध्यक्ष और वरिष्ठ वकील विकास सिंह ने कहा कि यह एक गंभीर आपराधिक मामला है और इस पर ध्यान देना आवश्यक है। अब इस याचिका को 15 दिसंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। याचिका में केंद्र और हरियाणा सरकार से इस घटना की विस्तृत जांच कराने के निर्देश की मांग की गई है। बार निकाय ने यह भी मांग की है कि महिलाओं और लड़कियों के स्वास्थ्य, गरिमा, शारीरिक स्वायत्तता और निजता का उल्लंघन न हो, इसके लिए दिशानिर्देश तैयार किए जाएं।*

### 3 लोगों पर यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज

*पुलिस के मुताबिक महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय से जुड़े तीन लोगों के खिलाफ 31 अक्टूबर को यौन उत्पीड़न के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। उन पर आरोप है कि उन्होंने महिला सफाई कर्मियों से उनके निजी अंगों की तस्वीरें मांगीं, ताकि यह साबित किया जा सके कि उनका मासिक धर्म चल रहा है। विश्वविद्यालय ने बयान जारी कर कहा कि उसने हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड के जरिए संविदा पर रखे गए दो सुपरवाइजर्स को निलंबित कर दिया है और आंतरिक जांच के आदेश दे दिए गए हैं। यह घटना 26 अक्टूबर को उस समय हुई, जब कुछ घंटे पहले ही हरियाणा के राज्यपाल असीम कुमार घोष विश्वविद्यालय के परिसर में आने वाले थे।*

### यह इंसानों व पशु-पक्षियों के लिए खतरनाक

## मकर संक्रांति पर इंदौर में चाइनीज मांझे पर प्रतिबंध

**आदेश का पालन नहीं करने पर होगी कार्रवाई**



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

जिले में मकर संक्रांति के त्योहार को देखते हुए चाइनीज मांझा पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है।

कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि यह मांझा इंसानों और पशु-पक्षियों दोनों के लिए गंभीर खतरा है। पूर्व में चाइनीज मांझे से कई गंभीर चोटों और दुर्घटनाओं की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। कांच से लेपित यह नायलॉन मांझा आसमान में पतंग उड़ाने वालों के लिए आकर्षक ▶▶ शेष पेज 4 पर

### ग्वालियर में हिट एंड रन केस

## तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को उड़ाया, मां-बेटे की मौत

**दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ा**



हादसे की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर


पुरानी छावनी स्थित निरावली पॉइंट पर शुक्रवार दोपहर तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार मां-बेटे को टक्कर मार दी और चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों उछलकर दूर जा गिरे और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने पीछा कर आरोपी डंपर चालक को हिरासत में ले लिया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, मोती झील कृष्णा पहाड़ी निवासी चमेली बघेल (45), पत्नी अतर सिंह बघेल, अपने बेटे धर्मेंद्र ▶▶ शेष पेज 4 पर

### हरियाणा के शख्स ने खरीदी

## भारत की सबसे महंगी नंबर प्लेट 1.17 करोड़ में बिकी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा में बिकी एक फैंसी नंबर प्लेट ने पूरे देश का रिकॉर्ड तोड़ दिया। सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए एचआर 88 बी 8888 की नीलामी 1.17 करोड़ रुपए में हुई। वैसे तो अधिकारियों ने अभी तक बोली लगाने वाले की पहचान उजागर नहीं की है और न ही ये बताया है कि यह नंबर प्लेट किस गाड़ी के लिए ली गई है। लेकिन बताया जा रहा है कि इसे हिसार के 30 साल के बिजनेसमैन सुधीर कुमार ने खरीदा है। फैंसी नंबर प्लेट के लिए पहले परिवहन मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर रजिस्टर करना होता है। इसके बाद जरूरी डिटेल भरने होते हैं। आम तौर पर नीलामी कम रकम से भी शुरू हो जाती है, लेकिन ▶▶ शेष पेज 4 पर




■ दुनियाभर में फैंसी नंबर प्लेट का क्रेज

### तीनों प्रारूप में कोच बने रहेंगे गौतम गंभीर

## द. अफ्रीका से हार के बावजूद बीसीसीआई ने जताया भरोसा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पिछले एक साल में टीम इंडिया को घर पर दो टेस्ट सीरीज में मिली हार के बाद भले ही आलोचना तेज हो गई हो, लेकिन इसके बावजूद गौतम गंभीर भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच बने रहेंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल कोचिंग सेटअप में किसी बदलाव पर विचार नहीं किया जा रहा है। एक बोर्ड अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि वह तीनों फॉर्मेट के हेड कोच बने रहेंगे, किसी बदलाव पर विचार नहीं हो रहा। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 0-2 की टेस्ट सीरीज हार ने भारतीय क्रिकेट के आत्मविश्वास पर बड़ा असर डाला है। इससे पहले नवंबर 2024 में ▶▶ शेष पेज 4 पर



■ हार के बाद सवालों से घिर गए थे गंभीर

## स्व. कीर्ति नारायण द्विवेदी जी की अस्थियों का सोरोंजी हरिपदी गंगा कुंड में विसर्जन





**लखनऊ।** आईएनएच-हरिभूमि और जनता टीवी के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने अपने पिता स्व. कीर्ति नारायण द्विवेदी की अस्थियों का विसर्जन यूपी के कासगंज के सोरोंजी हरिपदी गंगा कुंड में किया। इस मौके पर शिवांश द्विवेदी भी मौजूद थे। डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने घाट पर पूजा-अर्चना भी की।

### झाबुआ के बामनिया रेलवे स्टेशन का मामला


## स्कूल ड्रेस में नाबालिग प्रेमी जोड़ा ट्रेन के आगे कूदा, मौत

दोनों नाबालिग रिश्ते में भाई-बहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झाबुआ

जिले के बामनिया रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार दोपहर स्कूल ड्रेस में नाबालिग छात्र-छात्रा चलती ट्रेन के आगे कूद गए। दोनों की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गवर्मेंट रेलवे पुलिस (जीआरपी) मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मामला प्रेम प्रसंग में सुसाइड का बताया जा रहा है। दोनों की पहचान रामपुरिया निवासी के रूप में हुई है। छात्रा पेटलावद में पढ़ती थी।



रेलवे ट्रैक पर पड़े शव

पड़ोसियों के मुताबिक दोनों नाबालिग रिश्ते में भाई-बहन हैं। छात्र के पिता लड़की के परिवार में घर जमाई बन कर आए थे। छात्रा उनको फूफा कहती थी। आत्महत्या करने से कुछ ही देर पहले छात्र ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दोनों की एक तस्वीर पोस्ट की थी। पुलिस का कहना है कि वे यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि किन कारणों से दोनों ने एक साथ ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या की।

शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य सुखराम गरवाल ने बताया कि मृतक दसवीं का छात्र था। वह पिछले कुछ दिन से स्कूल नहीं आ रहा था। वहीं, छात्रा तुलसी विद्या मंदिर में 10वीं की नियमित छात्रा थी।

### सीएम डॉ. यादव ने कलेक्टरों को बैठक में दिए निर्देश

कानून व्यवस्था पर फोकस करें, अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस की नियमित गश्त हो

## भले ही एक दो दिन बाद खाद मिले, लेकिन लंबी लाइन न लगे, यह व्यवस्था बनाकर रखें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों से कहा है कि जिलों में खाद का संकट नहीं होना चाहिए और खाद के लिए लाइन लगने की शिकायत नहीं आनी चाहिए।

गुरुवार को देर रात कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में नागरिकों का सामान्य जन-जीवन सुनिश्चित करने के लिए सभी तरह के अपराधों पर पूर्ण नियंत्रण की कार्यवाही की जाए। कानून व्यवस्था की जिले में अच्छी एवं आदर्श स्थिति रहे, यह कलेक्टर एसपी सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने इस बात पर नाराजगी जाहिर की कि कुछ जिलों में खाद की लंबी लाइन लगने की शिकायतें आ रही हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए, भले ही एक दो दिन बाद खाद मिले। अगर कहीं लाइन लगती है तो वहां भी किसानों की सुविधा का ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीडियो ▶▶ शेष पेज 4 पर

### अगर कहीं लाइन भी लगती है तो वहां भी किसानों की सुविधा का ध्यान रखा जाए



वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीएम ने दिए दिशा-निर्देश

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रमुख निर्देश

- *ऐसी व्यवस्था बनाएं किसी किसान को दिक्कत नहीं आनी चाहिए।*
- *अधिकांश जिलों में ठंड की अधिकता को देखते हुए जनता के लिए व्यवस्थाएं बनाएं।*
- *गांवों से शहरों में या केंद्रों में खाद क्रय करने आए किसान बंधुओं के लिए भी शीतकाल से बचाव के आवश्यक उपाय करें।*


# विधानसभा शीत सत्रः अब परिसर में विधायकों की नारेबाजी और प्रदर्शन पर रोक हटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक दिसंबर से शुरू होने जा रहे विधानसभा सत्र के दौरान विधायकों द्वारा विधानसभा परिसर में नारेबाजी और प्रदर्शन करने पर रोक का फरमान विधानसभा सचिवालय ने इस बार हटा दिया है। वहीं मंत्रियों और सदस्यों की सुरक्षा में तैनात अंगरक्षक इस बार विधानसभा परिसर में प्रवेश कर सकेंगे लेकिन विधानसभा भवन में उनके प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। इसी वर्ष जुलाई निज सहायक और ड्रायवर की जानकारी तलब 2025 में आयोजित विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा अध्यक्ष के आदेश पर तत्कालीन सदस्यों के निज सहायक तथा वाहन चालक का नाम मय वाहन क्रमांक मांगा गया है। दर्शक दीर्घा में प्रमुख सचिव विधानसभा एपी सिंह ने विधायकों के विधानसभा परिसर में सदस्यों की अनुशंसा पर केवल दो व्यक्तियों को ही परिसर प्रवेश पत्र प्रदाय किया जाएगा।

**खास बातें**

- इस बार परिसर में आ सकेंगे अंगरक्षक
- वाहन में भी गैर प्रवेशपत्र धारक को नहीं ले जा सकेंगे विधायक
- केवल दो लोगों को ही प्रवेश पत्र प्रदाय हो सकेगा



### एक घंटे के लिए प्रवेश की अनुमति

मंत्रियों और एक घंटे के लिए प्रवेश की अनुमति होगी जिसे अलग-अलग घंटों में सदस्य की सुविधानुसार विधायकों की ड्यूटी पर तैनात अंगरक्षकों के साथ ही बड़े हथियारबंद सकेगा। सदस्य किसी गैर अथवा बिना प्रवेश पत्रधारी व्यक्ति को अपने साथ वाहन में बिठाकर अथवा पैदल विधान सभा परिसर एवं सदन की लाबी में प्रवेश नहीं करा सकेंगे। अंगरक्षकों का सत्रावधि में परिसर में प्रवेश वर्जित किया गया था।

### सुरक्षा कारणों से बदला गया नियम

इस बार एक दिसंबर से होने वाले विधानसभा सत्र के लिए मौजूदा प्रमुख सचिव विधानसभा अरविंद शर्मा ने सत्रकाल में विधानसभा परिसर की सुरक्षा, प्रवेशपत्र और पार्किंग व्यवस्था को लेकर जो निर्देश जारी किए है उनमें विधायकों को परिसर में नारेबाजी और प्रदर्शन की रोक संबंधित निर्देश को हटा दिया गया है हालाकि इस संबंध में विधानसभा अध्यक्ष के स्थायी आदेश 94(2) जारी है। अभी तक विधानसभा सत्र के दौरान सुरक्षा कारणों से मंत्री, विधायकों की सुरक्षा ड्यूटी में तैनात अंगरक्षकों और हथियारधारी अंगरक्षकों का सत्रावधि में परिवर में प्रवेश वर्जित था। इस सत्र में अंगरक्षकों के परिसर में प्रवेश की व्यवस्था की गई है।

### सुरक्षाकर्मियों के बैठने की व्यवस्था भी तय

मंत्री और विधायकों की सुरक्षा में तैनात अंगरक्षक अब परिसर की पार्किंग स्थल द्वार क्रमांक तीन के पास तक आ सकेंगे। विधायकों के वैध प्रवेशपत्र धारक सहायकों के बैठने और प्रतीक्षा करने की व्यवस्था द्वार क्रमांक एक के समीप ब भाग में स्थित नव निर्मित स्थायी शेड तथा द्वार क्रमांक तीन के समीप अस्थायी रूप से निर्मित शेड में की गई है। सहायक दोनो में से किसी भी स्थान पर बैठकर प्रतीक्षा कर सकेंगे।

## खबर संक्षेप

### बीओटी-ओएमटी योजना की मॉनिटरिंग करने तैनात होंगे इंजीनियर

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में बीओटी, टोल सह वार्षिकी और ओएमटी योजना के तहत पूर्ण सड़क परियोजनाओं की मानीटरिंग करने इन सड़कों के संचालन और रखरखाव को लेकर राज्य सरकार को परामर्श देने मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कार्पोरेशन स्वतंत्र इंजीनियरों की तैनाती करेगा। मध्यप्रदेश में सात करोड़ पांच लाख और चार करोड़ 91 लाख रुपए की लागत से से दो साल की अवधि में सड़कों का संचालन और रखरखाव अवधि के दौरान इनकी मानीटरिंग करने के लिए दो इंजीनियों की स्वतंत्रत रुप से तैनाती की जाएगी। ये इंजीनियर इन सड़कों के संचालन और रखरखाव को लेकर राज्य सरकार को परामर्श देने का काम करेंगे। सड़कों का चौड़ीकरण और उन्नयन तथा निष्पादन गारंटी अवधि में इन कामों का पर्यवेक्षण और गुणवत्ता नियंत्रण के लिए एकल पैकेज सलाहकार की तैनाती की जाना है। विजयपुर धरनावदा मार्ग जो कि गैल के पास विजयपुर शहरी भाग में बन रहा है वहां व्हाइट टॉपिंग से डेढ़ किलोमीटर लंबी सड़क का उन्नयन कार्य 3 करोड़ 89 लाख से किया जाना है। भोपाल मंदसौर फोर लेन विद पेव्ड शोल्डर एक्सेस कंट्रोल कॉरिडोर के लिए जाने वाले विकास कार्य के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जाना है इसके लिए परामर्श सेवाएं ली जाना है।

### एमपी के कई आईएएस ने एकीकृत पेंशन योजना के लिए नहीं दिया विकल्प

**भोपाल।** प्रदेश के कई आईएएस अधिकारियों ने अब तक एकीकृत पेंशन योजना के तहत विकल्प नहीं दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने ऐसे सभी आईएएस अधिकारियों को रिमाइंडर दिया है। उन्हें तीस नवंबर तक मौका दिया गया है। प्रदेश के आईएएस अधिकारियों को एकीकृत पेंशन योजना के विकल्प के लिए बार-बार निर्देशित करने के बाद भी कई आईएएस अधिकारी विकल्प का चयन नहीं कर रहे हैं। पहले सामान्य प्रशासन विभाग ने बारह जून 2025 को निर्देश जारी कर याद दिलाया था कि भारत सरकार की 24 जनवरी 2025 को जारी अधिसूचना और पीएफआरडीए की 19 मार्च को जारी अधिसूचना के अनुसार पेंशन फंड रेग्यूलेटरी एवं डेवलपमेंट अथार्टी रेग्यूलेशन 2025 के तहत एक अप्रैल 2025 तक के राष्ट्रीय पेंशन योजना एनपीएस के अभिदाता भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी रेग्यूलेशन में विहित प्रारुप एक दो में एकीकृत पेंशन योजना के विकल्प का चयन तीस जून 2025 तक कर सकते है।

### राजस्व वसूली में पिछड़ा निगम, 8 माह में 400 करोड़ वसूले

**भोपाल।** नगर निगम चालू वित्तीय वर्ष में राजस्व वसूली में पिछड़ रहा है। बीते आठ माह में 400 करोड़ रुपए राजस्व वसूली हो पाई है जबकि वित्तीय वर्ष समाप्ति के बाकी चार माह में 300 करोड़ का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में एसआईआर के चलते निगम के राजस्व विभाग के 800 से ज्यादा कर्मचारी लगे हैं। इससे राजस्व वसूली थम सी गई है। हालांकि राजस्व विभाग के अधिकारियों का तर्क है कि आगामी माह में राजस्व वसूली में तेजी आएगी। सभी काम सरकारी हैं। कर्मचारी 4 दिसंबर के बाद राजस्व वसूली में जुटेंगे। दिसंबर के बाद जनवरी-26 से बकायादारों पर अधिभार लगना शुरू हो जाएगा, जो हर माह बढ़ेगा।

## भाषा और संस्कृति एक-दूसरे की सहज पूरक और संरक्षक भी: मुख्यमंत्री

# हिंदी लोकभाषा हमारे माथे की बिंदी नमस्कार बन गया वैश्विक संस्कार

टैगोर अंतरराष्ट्रीय साहित्य एवं कला महोत्सव को सीएम ने किया संबोधित

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भाषा और संस्कृति एक-दूसरे की सहज पूरक हैं और एक दूसरे के संरक्षक भी। संस्कृति, भाषा को वह कथा-बीज देती है, जिनसे लोक-साहित्य से लेकर वैश्विक साहित्य जन्म लेता है और भाषा, संस्कृति को वह अभिव्यक्ति देती है, जिससे परंपराएं पीढ़ियों तक सुरक्षित यात्रा कर पाती हैं। साहित्य का एक ही रंग होता है, राग और आनंद का। उन्होंने कहा कि हिन्दी भाषा सच्चे अर्थों में लोक भाषा है।

हिन्दी हमारे माथे की बिन्दी है। हमारी संस्कृति ने अधिसत्ता नहीं, सदैव प्रभुसत्ता और लोक बन्धुत्व की भावना रखी। हमारी संस्कृति जियो और जीने दो की पवित्र भावना से ओत-प्रोत है। यही कारण है कि आज भारतीय संस्कृति दुनिया भर में अपनी अलग पहचान रखती है। नमस्कार अब वैश्विक शब्द बन गया है।

डॉ यादव शुक्रवार को रवीन्द्र भवन में साहित्य और कला के सबसे बड़े उत्सव 'विश्वरंग–2025 टैगोर अंतरराष्ट्रीय साहित्य एवं कला महोत्सव' में देश-विदेश से आए साहित्यकारों, कलाकारों और युवाओं को संबोधित कर रहे थे।

### साहित्य सच्चे अर्थों में एक दीर्घ साधना

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि साहित्य सच्चे अर्थों में एक दीर्घ साधना है और साहित्यकार एक प्रयोगधर्मी साधक। साहित्यकार अपनी कल्पनाशीलता, चिंतन और रचनात्मकता से ऐसे शब्द गढ़ता है, जो कालांतर में अमर हो जाते हैं। उन्होंने साहित्य और कला को समाज का दर्पण बताते हुए कहा कि विश्वरंग जैसे आयोजन नई पीढ़ी में सृजनशीलता और संवेदनशीलता को प्रोत्साहित करते हैं। डॉ यादव ने कहा कि रवीन्द्रनाथ टैगोर की विचारधारा और उनकी वैश्विक दृष्टि आज भी दुनिया भर में संवाद, सौहार्द और मानवता का संदेश देती है। विश्वरंग–2025 जैसा मंच साहित्य, कला, संगीत और संस्कृति को जोड़ने का माध्यम है। यह आयोजन हमारी समृद्ध देशज कला एवं संस्कृति का पोषक है। यह हमारे साहित्यिक वैविध्य में भी एकात्मकता का संदेश देता है।



मुख्यमंत्री डॉ यादव का संबोधन

### भारत का उद्भव मातृ सत्ता के आधार पर

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा है कि दुनिया में कई देशों की अपनी-अपनी संस्कृति है, लेकिन भारत का उद्भव मातृ सत्ता के आधार पर विश्व बंधुत्व को लेकर आगे बढ़ने की रही है। ब्रिटिश काल से ही भारतवंशी दुनिया के अनेक देशों में अपनी अलग पहचान बना चुके हैं। भारतीय इतिहास पर नजर डालें, तो अंग्रेज कभी एग्रीमेंट कर भारतीयों को कृषि और पशुपालन सहित अन्य कार्यों के लिए अपने स्वामित्व वाले देशों में ले गए थे। इन्हीं को गिरमिटिया कहा गया है। तब अंग्रेजों ने देशभर से इन शुभ कार्यों के लिए सुयोग्य लोगों को चुना था। आज विश्वरंग के माध्यम से 70 देशों के साहित्यकार, कलाकार और संस्कृति संरक्षक भोपाल आए हैं। उन्होंने कहा कि कोविड के कठिन दौर में भारत ने 'जियो और जीने दो' के भाव के आधार पर बंधुत्व का संदेश दिया।

### सात साल में सत्तर देशों तक पहुंचा विश्वरंग

विश्वरंग फांउडेशन के संस्थापक और रवीन्द्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ संतोष चौबे ने कहा कि विश्वरंग एक ऐसा आयोजन है, जिसकी शुरुआत मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल से हुई। विश्वरंग के पहले आयोजन 2019 में केवल 16 देश शामिल थे, अब इसमें 70 से अधिक देश सहभागिता कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह सातवां आयोजन है। विश्वरंग में 40 देशों के 70 से अधिक साहित्यकार एवं पत्रकार सहभागिता कर रहे हैं। आयोजन में 1000 से अधिक अतिथि आए हैं। विश्वरंग में 100 से अधिक हिंदी पुस्तकों का विमोचन किया जाएगा।

## गीता प्रतियोगिता-पाठ में जन भागीदारी सुनिश्चित की जाए

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने गीता जयंती महोत्सव के कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त कर दिए निर्देश

विशेष प्रतिनिधि, भोपाल

सीएम डॉ मोहन यादव ने 1 दिसंबर को गीता जयंती पर अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव पर राज्य में हो रहे कार्यक्रमों की तैयारी की जानकारी प्राप्त की और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अभ्युदय मप्र (गवर्नेंस एंड ग्रोथ समिट) निवेश से रोजगार (अटल संकल्प उज्जवल मध्य प्रदेश) के अंतर्गत 25 दिसंबर को ग्वालियर में हो रहे कार्यक्रम के संबंध में भी अधिकारियों से चर्चा की। डॉ यादव ने गीता महोत्सव के संबंध में मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा जिला कलेक्टर्स और पुलिस अधिकारियों से चर्चा की। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## सबके लिए आवास की अवधारणा से गरीब परिवारों को मिल रहा अपना आवास

# पीएम आवास योजना (शहरी) में मध्यप्रदेश देश में दूसरे स्थान परः मुख्यमंत्री डॉ यादव

अपनाये गये नवाचार और प्रभावी रणनीतियों से मध्यप्रदेश अग्रणी राज्य में शामिल



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश देश में बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट अवार्ड की श्रेणी में दूसरे स्थान पर है। योजना के क्रियान्वयन में अपनाए गए नवाचार तथा प्रभावी रणनीतियों से प्रदेश देश में अग्रणी स्थान पर बना रहा है। उन्होंने कहा कि सबके लिए आवास की अवधारणा के साथ प्रदेश के गरीब वर्ग को पक्का आवास देने में मध्यप्रदेश, देश में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में बड़े पैमाने पर गरीब तबके को आवास उपलब्ध कराए गए हैं। डॉ यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी-1.0 में 8 लाख 75 हजार आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी-2.0 में 50 हजार से अधिक आवासों की सौगात पात्र हितग्राहियों को दी जा चुकी है।

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में चयनित हितग्राहियों को सब्सिडी के रूप में 23 हजार करोड़ रुपए की राशि प्रदान की जा चुकी है। प्रदेश में पीएमएवाय 1.0 में 9 लाख 46 हजार आवासों को स्वीकृति दी गई थी। पिछले 2 वर्षों में हितग्राहियों को उनके बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से करीब 1750 करोड़ रूपए की राशि अंतरित की गई है। योजना में भूमिहीन परिवारों को आवासीय पट्टा उपलब्ध कराया गया है। इससे भूमिहीन गरीब परिवारों को भी बीएलसी घटक का लाभ प्राप्त हो सका हैं। योजना में नवाचार का प्रयोग करते हुए हितग्राही अंश की पूर्ति के लिए त्रिपक्षीय अनुबंध की सुविधा दी गई है। इस प्रक्रिया में हितग्राहियों को नगरीय निकाय की जिम्मेदारी पर सुगमतापूर्वक ऋण हितग्राहियों को उपलब्ध कराया जा रहा है। ईडब्ल्यूएस वर्ग के हितग्राहियों का अंश न्यूनतम रखने के उद्देश्य से राज्य द्वारा शासकीय भूमि नगरीय निकायों को निःशुल्क प्रदान की गई है। भूमि का आवंटन भूस्वामी अधिकारी पर होने से नगरीय निकायों द्वारा हितग्राहियों को भी आवास आवंटन पट्टे की जगह भू-स्वामी अधिकार पर दिया गया है।

## वर्मा प्रतिनियुक्ति से लौटेंगे, गढ़पाले को पावर मैनेजमेंट कम्पनी का एमडी बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



विशेष गढ़पाले

एमपी कैडर के दिल्ली में पदस्थ आईपीएस अधिकारी और सरदार वल्लभ भाई पटेल नेशनल एकेडमी के जाइंट सेक्रेट्री की प्रतिनियुक्ति खत्म हो गई है। वे जल्दी ही एमपी में वापसी करेंगे। उधर एमपी कैडर के आईएएस अधिकारी अविनाश लवानिया की केंद्र में प्रतिनियुक्ति के बाद राज्य सरकार ने ऊर्जा विभाग के सचिव विशेष गढ़पाले को एमपी पावर मैनेजमेंट कम्पनी का एमडी बनाया है। लवानिया को जल्दी ही रिलीव किया जाएगा।

वर्ष 1997 बैच के आईपीएस अधिकारी डी श्रीनिवास वर्मा सरदार वल्लभ भाई पटेल नेशनल एकेडमी में जॉइंट सेक्रेट्री के तौर पर काम कर रहे थे। जिन्हें केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 26 नवम्बर को जारी निर्देश में एमपी कैडर में वापस भेजने का फैसला किया है। वर्मा की एमपी वापसी के बाद उन्हें एमपी कैडर में नई पदस्थापना दी जाएगी। उधर 2009 बैच के आईएएस अविनाश लवानिया को सेंट्रल स्टाफिंग स्कीम के अंतर्गत दिल्ली में पदस्थ किया गया है। इसके बाद केंद्र सरकार ने एमपी के चीफ सेक्रेट्री को पत्र लिखकर उन्हें रिलीव करने के लिए कहा है। इसके चलते मोहन सरकार ने लवानिया के स्थान पर नई पोस्टिंग भी कर दी है। चूंकि लवानिया एमपी पावर मैनेजमेंट कम्पनी के एमडी की जिम्मेदारी निभा रहे थे और रबी सीजन पीक पर होने के कारण इस समय बिजली की डिमांड प्रदेश में तेजी से बढ़ रही है। इसके चलते ऊर्जा विभाग में सचिव के पद पर पदस्थ विशेष गढ़पाले को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## राज्यपाल पटेल ने दिलाई रेडक्रॉस के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ



रेडक्रॉस के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाते राज्यपाल पटेल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल एवं मप्र रेडक्रॉस के अध्यक्ष मंगुभाई पटेल ने भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी मप्र के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। डॉ. श्याम सिंह कुमरे को चेयरमैन, मनीष रावल को वाइस चेयरमैन तथा दिपेश मेहता को कोषाध्यक्ष पद की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही विभिन्न जिलों के प्रतिनिधियों को संभागवार प्रबंध समिति के सदस्य के रूप में भी शपथ ग्रहण कराई गई। राज्यपाल ने रेडक्रॉस द्वारा पिछले तीन वर्षों में किए गए जनहितैषी कार्यों रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य एवं नेत्र शिविर, क्षय रोग निःक्षय मित्र अभियान, सिकल सेल जागरूकता, यूथ रेडक्रॉस, प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण तथा आपदा प्रबंधन गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र योजना के अंतर्गत मप्र में रेडक्रॉस द्वारा 50 जिला शाखाओं एवं आदिवासी विकास क्षेत्रों में जन औषधि केंद्र खोले जाना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे जरूरतमंद लोगों को कम दरों पर दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं। जनरल सेक्रेटरी रामेंद्र सिंह ने नव-नियुक्त पदाधिकारियों एवं जिला प्रतिनिधियों को बधाई दी। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को कलेक्टर द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

## विधानसभा सत्र से पहले कांग्रेस की डिनर डिप्लोमेसी

# सरकार की विफल नीतियों के साथ घोटाले भी जनता के सामने लाए जाएंगेः नेता प्रतिपक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था से लेकर किसानों को समर्थन मूल्य के मुद्दे पर कांग्रेस सदन में मोहन सरकार को घेरने की तैयारी कर रही है। 1 दिसम्बर से मध्य प्रदेश में विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरू हो रहा है। कुल 5 दिन के सत्र में विपक्ष के लिए भी मुद्दे उठाए जाने के अवसर कम हैं। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने 1 दिसम्बर से शुरू हो रहे विधानसभा के इस सत्र के लिए 30 नवंबर को विधायक दल की बैठक बुलाई है।

5 दिन के इस सत्र में कांग्रेस भी सरकार को घेरने का कोई मौका नहीं छोड़ेगी। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का कहना है कि हमारे विरोध के बावजूद मुद्दों से बच रही सरकार ने इस सत्र को केवल 5 दिनों का ही रखा है। उन्होंने कहा कि 30 नवंबर को हमने विधायक दल की बैठक बुलाई है। शाम साढ़े सात बजे से होने वाली इस बैठक में कांग्रेस 1 दिसम्बर से शुरू हो रहे विधानसभा के सत्र को लेकर रणनीति और रुपरेखा बनाएगी। इसमें तय होगा कि जनहित से जुड़े जो मुद्दे हैं उन्हें मजबूती से किस तरह से उठाया जाए। उन्होंने कहा कि इसके अलावा बीजेपी सरकार की विफल नीतियों के साथ घोटाले भी जनता के सामने लाए जाएंगे। जनहित के मुद्दों पर हम सरकार को घेरेंगे और जनता की आवाज बनकर चर्चा कराने का प्रयास करेंगे।

### 'कानून व्यवस्था और किसानों के मुद्दे उठाएंगे'

कांग्रेस विधायक दल की बैठक में ये रणनीति बनाई जाएगी कि किस तरह से कम समयावधि के इस विधानसभा सत्र में ज्यादा से ज्यादा जनता से जुड़े मुद्दे रखे जा सकें। उमंग सिंघार ने कहा कि किसानों को समर्थन मूल्य दिए जाने का मुद्दा है। इसके अलावा, युवाओं के रोजगार का वादा करके उनसे किए जा रहे छल की बात है। बीते कुछ महीनों में तेजी से जिस तरह से प्रदेश में कानून व्यवस्था के हालात बिगड़े हैं, ऐसे में सरकार की नाकामियों को लेकर हम विधानसभा में आवाज उठाएंगे।

### सत्र में कुल 4 बैठकें, ये विधेयक खास

- कुल 5 दिन के इस सत्र में कुल 4 बैठकें होंगी। सरकार इस सत्र में नगरपालिका संशोधन विधेयक ला रही है। जिसके बाद ये नगर पालिका अध्यक्ष और नगर परिषद अध्यक्ष का सीधा चुनाव जनता कर सकेगी। इसमें एक क्लॉज ये भी होगा कि राइट टू रिकॉल के साथ चुने हुए अध्यक्ष को वापस भी बुलाया जा सकेगा।

## हरीश बोले -कांग्रेस पार्टी के भीतर की प्रक्रिया है, मैं नाराज नहीं, जीतू ने कहा - सब बढ़िया है, जल्द होगी नियुक्ति

# जीतू के इशारे पर कामले ने सृजित किया कांग्रेस के भीतर नया पद संगठन मंत्री का पद ही नहीं होता, महासचिव की सूची होगी जारी


इन नियुक्तियों के बाद जिलों में दो पावर सेंटर जैसी बन गई थी स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र कांग्रेस में संगठन को लेकर बड़ा कदम उठाते हुए एआईसीसी प्रभारी हरीश चौधरी ने गुरुवार रात सभी जिला प्रभारियों की नियुक्ति निरस्त कर दी। ये वे प्रभारी थे जिन्हें पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने नियुक्त किया था। इन नियुक्तियों के बाद जिलों में दो पावर सेंटर जैसी स्थिति बन गई थी। जिला अध्यक्षों ने दिल्ली में शिकायत की थी कि नए प्रभारी उनके काम में दखलअंदाजी कर रहे है। इधर, प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के भीतर की प्रक्रिया है, मैं नाराज नहीं हूं। जीतू ने कहा - सब बढ़िया है, जल्द ही नियुक्ति होगी।

इसके बाद एआईसीसी ने हस्तक्षेप करते हुए चौधरी ने तुरंत आदेश जारी किया। जारी आदेश में साफ लिखा गया है कि जिलों में संगठन से जुड़ी जो भी नियुक्तियां बिना पूर्व अनुमति की गई थीं, वे तुरंत प्रभाव से रद्द मानी जाएंगी। आगे से किसी भी नियुक्ति के लिए पहले औपचारिक प्रस्ताव तैयार होगा उसे अनुमति के लिए भेजा जाएगा मंजूरी मिलने पर ही नियुक्ति की जाएगी। बताया जा रहा है कि जिन जिला प्रभारियों को हटाया गया है, उन्हें पीसीसी में नई जिम्मेदारी दी जा सकती है। सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस के भीतर जीतू पटवारी के इशारे पर संजय कामले जिला संगठन मंत्री का पद तैयार कर दिया था। जबकि पार्टी में महासचिव का पद होता है। इस पद पर नियुक्ति होनी थी लेकिन कामले ने जिला संगठन मंत्री का पद तैयार कर सूची जारी की थी।

### चौधरी ने बैठक में फटकारा- अलग-



हरीश चौधरी

गुरुवार को भोपाल में मौजूद चौधरी ने दिन में अग्रिम संगठन के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में संजय कामले, अवनीश भार्गव, शिवि चौहान, रीना बौरासी, यश घनघोरिया और आशुतोष चौकसे शामिल हुए। सूत्रों के मुताबिक चौधरी ने सभी को कड़ी फटकार लगाई और कहा- अलग-अलग मत भागो, एक लाइन में चलो। चौधरी प्रदेश कांग्रेस की गतिविधियों से नाराज बताए जा रहे हैं। वे भोपाल में होते हुए भी युवा कांग्रेस के प्रदर्शन में शामिल नहीं हुए।

### पटवारी को लगा झटका, आगे नियुक्तियों में मुश्किलें बढ़ेंगी



जीतू पटवारी

इन नियुक्तियों के निरस्त होने से पटवारी को बड़ा धक्का माना जा रहा है, क्योंकि यह उनके कार्यकाल की पहली संगठनात्मक नियुक्तियां थीं। अहम बात- इन नियुक्तियों के लिए उन्होंने एआईसीसी से अनुमति नहीं ली थी। माना जा रहा है कि आगे की संगठनात्मक नियुक्तियों में उनकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

# दरिंदा सलमान दुर्गा नगर में काटना चाहता था लंबी फरारी

## लोगों से बोला- काम की तलाश में आया हूं, अब भोपाल में ही रहूंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आरोपी सलमान ने 21 नवंबर की रात गौहरगंज में छह साल की बच्ची से दुष्कर्म किया था। जंगल में दुष्कर्म करने के बाद बच्ची को उसने छोड़ दिया। वह अंदर जंगल में छिपा रहा। रात में उसने बायपास पहुंचकर बस पकड़ी और सीधे भोपाल पहुंचा। यहां दुर्गा नगर झुग्गी में सलमान पूर्व में रह चुका है।

दुर्गा नगर पहुंचने पर उससे कुछ लोगों ने पूछा कि बहुत दिन बाद आए हो तो वह कहने लगा कि काम की तलाश में आया हूं। अब भोपाल में ही रहूंगा। इसके बाद वह काम पर निकल गया। उसने काजी कैंप में दो दिन हम्माली की। उसे संदेह था कि रायसेन पुलिस कभी भी दुर्गा नगर पहुंच सकती है।

### पुलिस, लोगों की मदद से सलमान चढ़ा हत्थे


आरोपी सलमान।

### आरोपी को संदेह था, पुलिस दुर्गा नगर पहुंच सकती है

### खजूरी में पदस्थ राहुल गुरु की रही महत्वपूर्ण भूमिका श्यामराज को सलमान की फोटो भेजी, फिर धरदबोचा

एसआई श्यामराज ने बताया कि राहुल गुरू से उनकी दोस्ती है। राहुल गुरू गांधी नगर थाने में लंबे समय पदस्थ रहे और अब खजूरी सड़क में है। राहुल गुरू को रिजवान से इनपुट मिला था और राहुल ने मुझे मोबाइल पर फोटो भेजी। राहुल रिजवान और आसिफ की मदद से आरोपी को सेक्टर 11 से पकड़ लिया गया। आरोपी की मौजूदगी गांधी नगर थाना क्षेत्र में होने के कारण गांधी नगर पुलिस थाने पहुंचकर रिपोर्ट डाली और उसे सीधे लेकर सुल्तानगंज पहुंचे थे।


राहुल गुरू


एसआई श्यामराज

### हमीदिया अस्पताल में चल रहा आरोपी का इलाज, पुलिस का रहा कड़ा पहरा

मध्य प्रदेश के रायसेन में 6 साल की बच्ची से रेप करने का आरोपी सलमान गुरुवार देर रात शॉर्ट एनकाउंटर में घायल हो गया। पुलिस जब उसे गौहरगंज ले जा रही थी, तभी उसने भागने की कोशिश की। इसके बाद पुलिस को उसे पैर में गोली मारना पड़ी। आरोपी का भोपाल के हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। उसकी हालत खतरे से बाहर है।



हमीदिया अस्पताल में पुलिस की पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था रही।

### एफएसएल की टीम ने की जांच

घटना के बाद भोपाल फॉरेंसिक साइंस लैब के इंचार्ज डॉक्टर एके बड़ोने ने अपनी टीम के साथ मौके का मुआयना किया। उन्होंने बताया कि पुलिस के साथ जो संघर्ष हुआ है। उसके साक्ष्य मिले हैं। इसका हम परीक्षण कर रिपोर्ट देंगे।

**सलमान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग**

### अस्पताल के बाहर हिंदू उत्सव समिति ने किया विरोध प्रदर्शन


आरोपी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हिंदू उत्सव समिति पदाधिकारी

शुक्रवार को हिंदू उत्सव समिति ने अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी के नेतृत्व में हमीदिया अस्पताल परिसर में आरोपी सलमान के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि पुलिस ने घटना के 6 दिन बाद गुरुवार रात आरोपी सलमान को गांधी नगर इलाके में एक चाय की दुकान से हिरासत में लिया था। इसके बाद उसे गौहरगंज पुलिस के हवाले किया गया। गौहरगंज पुलिस उसे लेकर रात में ही रवाना हो गई थी। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह जंगलों के रास्ते पैदल ही भोपाल में दाखिल हुआ था और गांधीनगर इलाके में छिपा हुआ था। सलमान के पकड़े जाने की सूचना मिलते ही जय मां भवानी हिंदू संगठन के कार्यकर्ता थाने पहुंचे थे, लेकिन उससे पहले ही आरोपी को गौहरगंज पुलिस को सौंपा जा चुका था। रात में उसके फरार होने के दौरान शॉर्ट एनकाउंटर हुआ।

### दस्तावेज-मोबाइल नहीं होने पर शक बढ़ाः आसिफ

आसिफ ने बताया कि सलमान शराब के नशे में था। वह काफी देर से मोहल्ले में घूम रहा था। थोड़ी देर के लिए वह एक खाली ऑटो में भी बैठा था। जब आसिफ ने उससे कमरा किराए पर लेने के लिए पहचान पत्र मांगा तो सलमान ने दावा किया कि उसके पास न तो कोई दस्तावेज हैं और न ही कोई मोबाइल फोन। इससे आसिफ का शक गहरा गया। स्थानीय लोगों ने यह भी दावा किया कि सलमान दो साल पहले इसी इलाके में रहता था और पेंटर का काम करता था। उन्होंने कहा कि उसने आष्ठा का होने का दावा करके और किसी भी घटना में शामिल होने से इनकार करके पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की। स्थानीय लोगों ने बताया कि उसके आत्मविश्वास से भरे रवैये से पता चलता है कि उसे अपने किए पर कोई पछतावा नहीं है।


रिजवान


आसिफ

### पुलिस का इनाम बच्ची को दे देंगे

आसिफ और रिजवान ने कहा कि अगर उनकी भूमिका के लिए कोई इनाम घोषित किया जाता है, तो वे चाहेंगे कि वह इनाम पीड़ित के परिजनों को सौंप दिया जाए। रिजवान ने कहा कि हम लोग बच्ची के परिवार के लिए चंदा जुटा रहे हैं। जिससे की उसकी आर्थिक मदद हो सके।



### पुलिस ने तत्परता और कठोरता के साथ आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कीः विधायक पटवा

औबेदुल्लागंज। गौहरगंज में मासूम बच्ची के साथ हुई अमानवीय घटना के मामले में आरोपी सलमान की गिरफ्तारी पर विधायक सुरेंद्र पटवा ने कहा कि पुलिस प्रशासन ने अत्यंत तत्परता और कठोरता के साथ कार्रवाई की है। आरोपी सलमान को शॉर्ट एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के दायरे में ला दिया गया है। ऐसे जघन्य अपराधों के प्रति प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति अटल है। दोषियों को कठोरतम दंड दिलाना ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पटवा ने कहा कि पुलिस की लगभग 20 टीमें एवं 300 पुलिस अधिकारी कर्मचारी एवं प्रशासन के अथक प्रयास से दरिंदें सलमान को दबोचा गया। इसके लिए प्रशासन का कार्य सराहनीय योग्य है।


विधायक सुरेंद्र पटवा

---

**खबर संक्षेप**

### सिगड़ी, भट्टी जलाने वाले 3 रेस्टोरेंट्स पर कार्रवाई

**भोपाल।** नगर निगम के जोन-1 व जोन-20 के अमले ने शुक्रवार को होटल, रेस्टोरेंट का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। अधिकारी एयरपोर्ट रोड स्थित नई दिल्ली रेस्टोरेंट, हांगकांग रेस्टोरेंट, फूड एंड फ्लावर रेस्टोरेंट तथा भोज इन रेस्टोरेंट का निरीक्षण करने पहुंचे और कोयले की सिगड़ी, भट्टी-तंदूर का उपयोग करने पर नई दिल्ली रेस्टोरेंट के संचालक से 10 हजार, भोज इन रेस्टोरेंट लालघाटी के संचालक से 10 हजार एवं फूड एंड फ्लावर के संचालक से 5 हजार रूपए जुर्माना किया।

### वितरक राजपाल की अपील खारिज

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने कोल्ड्रिफ कफ सिरप के एक वितरक द्वारा दायर अपील को खारिज कर दिया है, जिसमें उसकी दुकान को सील करने और उसके दवा लाइसेंस को रद्द करने के आदेश को चुनौती दी गई थी। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने कहा कि छिंदवाड़ा के जहरीले कफ सीरप से 30 बच्चों की जान जाने का मामला चौंकाने वाला था। ऐसे में इसमें शामिल व्यक्ति के प्रति कोई सहानुभूति नहीं दिखाई जा सकती। जबलपुर निवासी राजपाल कटारिया ने यह अपील पेश की थी। दरअसल, हाईकोर्ट ने 31 अक्टूबर 2025 को कटारिया की याचिका खारिज कर दी थी, जिसे अपील के जरिए चुनौती दी गई।

### एक हजार से ज्यादा सीटें खाली रह गई

**भोपाल।** सत्र 2025-26 मप्र स्टेट स्ट्रे वेकेंसी नीट आयुष काउंसलिंग में शुक्रवार शाम सात बजे तक काउंसलिंग समाप्ति के पश्चात भी प्रदेश में आयुर्वेद बीएएमएस, होम्योपैथी बीएचएमएस व यूनानी बीयूएमएस आयुष की लगभग एक हजार 50 से ज्यादा सीटें खाली रह गई हैं। विधिवत स्टेट व ऑल इंडिया कोटा की स्नातक नीट 2025-26 सत्र के तीन राउंड की काउंसलिंग पहले ही हो चुकी है। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ राकेश पाण्डेय ने राज्य व केंद्रीय आयुष मंत्रालय भारत सरकार समेत संचालनालय आयुष से नीट पर्सेंटाइल कम से कम 10 प्रतिशत कम करने के साथ ही काउंसलिंग का एक और अतिरिक्त राउंड प्रवेश हेतु आयोजित करने की मांग की है।

---

## पेड़ों की कटाई पर हाईकोर्ट की रोक के बावजूद... ये हाल

# भोजपुर क्लब में आधा दर्जन पेड़ों को छांटने के नाम पर कर दी गहरी छंटाई, नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हाईकोर्ट द्वारा पेड़ काटने पर रोक के बावजूद शुक्रवार को राजधानी में पेड़ों की कटाई के दौरान गहरी कटाई करने का मामला प्रकाश में आया है। यह मामला भोजपुर क्लब में करीब आधा दर्जन पेड़ों की कटाई का है। दरअसल यहां रोड बनाने का काम चल रहा है। पेड़ों के कारण बड़ी मशीनों की आवाजाही नहीं हो पा रही थी। इसके चलते लोनिवि ने ही पेड़ों की छंटाई करवाने को कहा था, लेकिन एक पेड़ पर कुल्हाड़ी लग गई। इसकी जानकारी मिलने पर मौके पर नगर निगम और लोक निर्माण विभाग के अफसर पहुंचे और पंचनामा बनवाया। निगम आयुक्त ने तत्काल भोजपुर क्लब को नोटिस जारी किया है और जांच के आदेश दिए हैं।

जानकारी के अनुसार अरेरा कॉलोनी ई-1 स्थित भोजपुर क्लब परिसर में आधा दर्जन से ज्यादा पुराने हरे-भरे पेड़ों की छंटाई की गई है। यह काम लोक निर्माण विभाग के एक अधिकारी के कहने पर किया जा रहा था। क्लब परिसर के अंदर चार और बाहर तीन पेड़ों की छटाई की गई। इनमें से छह केसिया और एक नीम का पेड़ है। एक पेड़ की गहरी छंटाई कर दी, जिससे वे नष्ट हो गया। पेड़ों के अवशेष वहीं सड़क किनारे फेंक दिए गए। इसकी जानकारी समाजसेवियों को लगी तो वे मौके पर पहुंच गए।

*रोड निर्माण में मशीनें पहुंचने में हो रही दिक्कत के चलते लोनिवि ने करवाई थी छंटाई*

*निगम आयुक्त ने कहा-ऐसे कैसे कोई भी पेड़ काट सकता है, होगी जांच, बिना अनुमति के यह काम नहीं होगा*


छंटाई के नाम पर पेड़ को काट दिया गया।

### तत्काल टीम को भेजा, नोटिस और जांच के दिए आदेश

निगम आयुक्त संस्कृति जैन को मामले की जानकारी जैसे ही मिली, उन्होंने उपायुक्त हीरेन्द्र सिंह कुशवाह, उद्यान प्रभारी और सुपरवाइजर की टीम को मौके पर भेजकर जांच कराई। उद्यान विभाग ने घटनास्थल का मुआयना कर पंचनामा तैयार किया है। निगम आयुक्त ने बताया कि भोजपुर क्लब को तत्काल नोटिस जारी कर दिया गया है और जांच के आदेश दिए हैं। बिना अनुमति के कोई भी कैसे पेडों की कटाई-छंटाई कर सकता है। सख्त कार्रवाई होगी।

*पटेल नगर से मंडीदीप को जोड़ने वाले हाईवे किनारे ट्रक, डंपर से फेंका जा रहा है कचरा, रोड किनारे लग ढेर*

### राजधानी से लगी ग्राम पंचायतें निगम की सीमा में कचरा कर रही हैं डंप, लगाई जा रही है आग, कई पेड़ भी झुलसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी से लगी ग्राम पंचायतें अपने क्षेत्रों का कचरा नगर निगम की सीमा में डंप कर रही हैं। इससे हाईवे पर गंदगी का ढेर लग रहा है और बदबू फैल रही है। जिस जगह पर गंदगी है वहां बदबू के कारण लोगों का गुजरना तक मुश्किल हो रहा है। पटेल नगर से मंडीदीप को जोड़ने वाले हाई-वे किनारे जगह-जगह कचरे का ढेर लग रहे हैं। निगम के स्वच्छता एंबेसडर ने बताया कि रोड किनारे डंपर, ट्रक और ट्राली से कचरा ग्रामीण इलाकों से लाकर निगम की सीमा में फैंका जा रहा है। इससे प्रदूषण भी फैल रहा है। इसकी शिकायत भी जिला पंचायत को की गई है।

लहारपुर में इकोलाजिकल पार्क के सामने हाईवे है। यह पटेल नगर से मंडीदीप को जोड़ता है। इस रोड के दूसरे छोर पर ग्राम अमझरा, बांसिया, चौरसागोनी आदि ग्राम आते हैं। इनके आसपास भी ग्रामीण इलाके हैं। जहां से कचरा कलेक्शन के बाद वाहनों से नगर निगम की सीमा में हाई-वे किनारे ही डाला जा रहा है।


कचरे में आग लगाने से पेड़ झुलस गए हैं।

### हमने जिला पंचायत और सरपंच को अवगत करायाः अखलाफ

स्वच्छता एंबेसडर अखलाक अहमद ने बताया कि नगर निगम की सीमा में ग्रामीण इलाकों का कचरा डंप हो रहा है। आग लगाई जा रही है। यह पूरी तरह से गलत है। मैंने ट्रक और लॉरी से कचरा यहां फेंकते देखा तो उन्हें कई बार टोका। ऐसे लोगों पर कार्रवाई होना चाहिए। मैंने जिला पंचायत अधिकारी और सरपंच से भी बात की है।

### कचरा दूर-दूर से लाकर फेंक रहे हैं, आग भी लगा देते हैंः विशाल

स्वच्छता एंबेसडर विशाल गिरी ने बताया कि कई वाहन चालक यहां जहरीला कचरा तक फैंक रहे हैं। कहां से यह ला रहे हैं और कौन लोग हैं इनकी पहचान होना चाहिए ताकि कार्रवाई हो। इससे प्रदूषण फैल रहा है। कुछ लोग कचरा फेंकने के बाद उसमें आग लगा देते हैं। ऐसे लोगों पर कार्रवाई होना चाहिए।

### कई पेड़ आग से झुलस गए

रोड के दोनों तरफ घना जंगल क्षेत्र है। कचरे में आग लगाने से कई पेड़ तक झुलस गए हैं, लेकिन इसकी रोकथाम करने वाला कोई नहीं। इसके कारण पर्यावरण को काफी नुकसान होगा। पर्यावरण संरक्षण पर भी अब सवाल उठ रहे हैं।

**कचरा जलाने पर प्रतिबंध फिर भी लगा रहे आग**

कचरे में आग लगाने पर प्रतिबंध है, इसके बावजूद लहारपुर इकोलाजिकल पार्क के पास कचरे में आग लगाई जा रही है। अक्सर धुएं का गुबार उठता है।

---

## तार फेंसिंग व पौधारोपण करने के दिए गए थे निर्देश

# जिले में चल रही खदानों में 50 फीसदी से ज्यादा खदानों की मुनारें टूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 100 से ज्यादा संचालित खदानों की सीमाएं तय करने का काम कलेक्टर के निर्देश के बाद भी शुरू नहीं हुआ। सीमाएं तय करने के लिए सीमांकन करने, तार फेंसिंग व पौधारोपण करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन इस पर अमल नहीं हुआ। इसके चलते खनन माफिया अपने रसूख के दम पर खदानों पर मनमर्जी से उत्खनन कर रहे हैं, अनुमति प्राप्त क्षेत्र से अधिक में खोदकर कोपरा, मुरम निकाली जा रही है।

जानकारी के मुताबिक खनन माफिया द्वारा आवंटित खदानों की सीमा तय करने के लिए लगाई जाने वाली मुनारों को भी तोड़ दिया गया है। इससे वे मनमर्जी से उत्खनन कर रहे हैं। चालू खदानों में 50 फीसदी से अधिक खदानों की मुनारें टूटी हुई हैं या फिर गायब कर दी गई हैं।

100 से ज्यादा खदानें हो रही हैं संचालित | माफिया रसूख के दम पर मनमर्जी से कर रहा उत्खनन

### यहां आ रहे हैं गड़बड़ी के मामले



बैरसिया रोड, बरखेड़ा नाथू, अचारपुरा, नीलबड़, सिंकदराबाद, परवलिया, रातीबड़ में संचालित खदानों में अधिक गड़बड़ी होने की बात सामने आई है। खदानों पर कंक्रीट की मुनारें लगनी चाहिए, लेकिन यहां सिर्फ नाम के लिए खंभे खड़े कर दिए जाते हैं। बताया जा रहा है कि खदान चोकोर है तो चार मुनारें और अलग प्रकार की है तो पांच मुनारें लगाने का नियम है। इन पर संख्या भी अंकित होनी चाहिए। लोहे के तार की फेंसिंग इन्हीं मुनारों के आधार पर होती है। इसके बाद भी खनिज अधिकारी इस नियम का पालन नहीं करवा पा रहे हैं।

### सीमाएं तय करने के लिए सीमांकन होगा

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह का कहना है कि खनिज विभाग को खदानों का सीमांकन कर सीमाएं चिह्नित करने और तार फेंसिंग व पौधारोपण करने के निर्देश दिए गए थे।वर्षा से पहले कुछ खदानों पर कार्य हुआ था, अब दोबारा से सीमाएं तय करने के लिए सीमांकन करवाने की कार्रवाई की जाएगी।

## एसआईआर का काम प्रभावित हो रहा था

# दो बीएलओ को निलंबित किया एक शराब पीकर पहुंच गया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के उत्तर और गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र में एसआइआर कार्य के दौरान बीएलओ द्वारा लापरवाही बरती जा रही थी। उत्तर में बीएलओ शराब पीकर एसआईआर कार्य करने पहुंच गया तो वहीं गोविंदपुरा में बीएलओ फोन नहीं उठाने के साथ ही समय पर काम नहीं कर रहे थे। इससे जिला निर्वाचन अधिकारी ने दोनों बीएलओ को निलंबित कर दिया है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र उत्तर से शिकायत मिली थी कि बीएलओ पूरन सिंह अहिरवार जो कि नगर निगम में सहायक ग्रेड तीन पर पदस्थ हैं। उनकी ड्यूटी एसआइआर में लगाई थी, लेकिन वह इस दौरान ही शराब पीकर पहुंच गए। जिससे गणना पत्रक डिजिटाइजेशन का काम प्रभावित हो रहा था, जिससे उन्हें निलंबित किया गया है। वहीं गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र से शिकायत पत्र मिला था कि मतदान केंद्र 222 पर दीपेश पाराशन को बीएलओ नियुक्त किया गया था। जिनके द्वारा महज 101 गणना पत्रक डिजिटाइज किए गए हैं, जिससे काम लगातार पिछड़ रहा था।

## जैकेट का शेष...

### बेटे अभिमन्यु की रस्मों...

और भाजपा नेता शामिल हुए। सभी ने जमकर डांस किया। हालांकि, आयोजन में सीएम डॉ. मोहन यादव सम्मिलित नहीं हो सके। डॉ. अभिमन्यु का विवाह खरगोन निवासी डॉ. इशिता से होने जा रहा है। इसी के चलते शुक्रवार को सीएम के गीता कॉलोनी स्थित निवास पर माता पूजन का कार्यक्रम हुआ। आयोजन में सीएम के बड़े बेटे वैभव यादव, बेटी डॉ. आकांक्षा यादव, बड़े भाई नारायण यादव, बहन कलावती यादव के साथ ही परिवारिक मित्र रवि सोलंकी, भाजपा शहर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, जगदीश पांचाल, मुकेश यादव सहित कई पार्षद भी शामिल हुए. सभी ने डीजे और ढोल की धुन पर जमकर डांस किया।

### रात 3.30 बजे...

पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई में दो फायर किए, जिससे एक गोली आरोपी सलमान के दहिने पैर में जा लगी, जिससे वह घायल हो गया। रायसेन एसपी आशुतोष के मुताबिक सलमान ने एक एसआई की सर्विस रिवॉल्वर छीनने और भागने की कोशिश की, तो पुलिस ने जवाब में गोली चलाई। गोली उसके पैर में लगी। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पहले उसे राजधानी के जयप्रकाश अस्पताल में ले जाया गया, वहां से उसे हमीदिया में भर्ती कराया गया, जहां उसकी गंभीर हालत बनी हुई है।

**सुलतानगंज थाना प्रभारी ने की पहचान:** सलमान गांधी नगर में सेक्टर 11 में कमरा तलाश करते हुए पकड़ा गया। उसे एक जागरूक युवक आसिफ की मदद से पकड़ा गया है। दरअसल, आरोपी सलमान ने सेक्टर 11 में रहने वाले आसिफ से किराए का कमरे होने की बात पूछी थी। आसिफ ने उससे आईडी के लिए आधार कार्ड मांगा, लेकिन उसके पास आधार कार्ड सहित कोई भी आईडी नहीं थी। वह शराब के नशे में था और उसके पास मोबाइल भी नहीं था। आसिफ को उस पर संदेह हुआ। आसिफ ने बताया कि उसने मोबाइल पर रील में दुष्कर्म करने वाले सलमान को देखा था। आसिफ ने अपने साथी रिजवान को जानकारी दी। रिजवान मौके पर पहुंचा और उसे भी संदेह हुआ। उसने गांधी नगर में पूर्व में कांस्टेबल रहे राहुल गुरू को मोबाइल पर जानकारी दी। राहुल गुरू ने कहा कि उसे चाय पिलाकर बातों में उलझाकर रखों मैं अभी पहुंचता हूं। राहुल गुरू सेक्टर 11 में चाय की दुकान पर रात करीब दस बजे बजे पहुंचा। कभी बागसेवनिया में एएसआई रहे श्यामराज से उसकी पहचान थी। राहुल गुरू ने श्यामराज से मोबाइल पर चर्चा की। इस दौरान पता चला कि श्यामराज आरोपी की तलाश में भोपाल में ही है। अभी वह अयोध्या नगर इलाके में टीम के साथ आरोपी की तलाश में जुटे हैं। श्यामराज के कहने पर राहुल ने चाय की दुकान पर बैठे रिजवान की फोटो मोबाइल पर ली और एसआई श्यामराज को भेजी। श्यामराज ने आरोपी की पहचान कर ली और कहा कि उसे रोककर रखना। महज बीस मिनट के अंदर श्यामराज गांधी नगर सेक्टर 11 पहुंचे और आरोपी को दबोच लिया।

### सलमान ने काजी...

कर रहे थे। पुलिस की टीम दुर्गा नगर और काजी कैंप में उसकी तलाश करती रही। काजी कैंप में आरोपी के बारे में पूछा गया तो पता चला कि वह काजी कैंप में हम्माली कर रहा है और दो दिन तक काम किया।

### जिन लोगों के...

थी। जहां तक इंटेल का सवाल है तो कई लेवल पर वेरिफाई करने के साथ ही सफलता नहीं मिली।

◀ *सलमान ने पूछताछ में क्या बताया?*

जबाव - अभी हालत उसकी ऐसी नहीं है कि सभी सवाल पूछे जाए। हमें भी कई महत्वपूर्ण सवालों के जवाब चाहिए।

### 4 व 5 दिसंबर को...

रक्षा और व्यापार जैसे बड़े मुद्दों पर चर्चा होगी। इसी साल अगस्त में नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर अजीत डोभाल के मॉस्को दौरे के दौरान पुतिन के भारत दौरे की घोषणा की गई थी। हालांकि, उस समय तारीखें फाइनल नहीं हुई थीं। पीएम मोदी और पुतिन बाद में शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) समिट के दौरान चीन में मिले थे। इस सप्ताह की शुरुआत में विदेश मंत्रालय ने कहा था कि पुतिन भारत और रूस के बीच सालाना समिट और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मीटिंग के लिए भारत आएंगे। जिसके बाद शुक्रवार को विदेश मंत्रालय ने कंफर्म किया कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 23वें भारत-रूस सालाना समिट के लिए 4-5 दिसंबर 2025 तक भारत का स्टेट विजिट करेंगे।

### 14 जनवरी को होगा...

यही वजह है कि अर्धकुंभ को लेकर तैयारी करीब 1 साल पहले से ही शुरू कर दी गईं हैं। इस बार प्रदेश सरकार ओर संतों की सहमति से इस आयोजन को महा कुंभ का नाम दिया जा रहा है। इसको लेकर कुछ संतो ने अपना विरोध भी जताया था। कुल 97 दिनों के भव्य कुंभ में चार प्रमुख शाही स्नान होंगे। 14 जनवरी को पहला शाही स्नान होगा और अप्रैल में कुंभ का समापन होगा। चर्चा के दौरान सभी बातों पर संतों ने सहमति जताकर अखाड़ों से उठी पूर्व की आपत्तियों पर विराम लग गया। कुंभ मेला सनातनी परंपरा में सबसे बड़ा पर्व माना जाता है, जिसमें सभी सनातनी परंपरा को मानने वाले साधु संत स्नान कर खुद को पुण्य का भागी मानते हैं। ये परंपरा आदि काल से चली आ रही है. कुंभ मेला हर 12 वर्ष में आयोजित होता है, वहीं, अर्ध कुंभ हर 6 वर्ष में आयोजित होता है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि सभी पूज्य संत गणों ने कुंभ मेले को लेकर पूरी तरीके से अपना आशीर्वाद और हर प्रकार का सहयोग देने के लिए कहा है। सभी के प्रतिनिधि यहां पर उपस्थिति थे और 2027 में होने वाला मेला बहुत दिव्य हो, भव्य हो, सभी प्रकार की व्यवस्थाएं सुनिश्चित हो, उन सभी पर यहां चर्चा हुई है।

### कोटा बना देश का...

होना चाहिए? राजस्थान के कोटा ने इस सवाल का जवाब देते हुए देश में एक नया अध्याय शुरू कर दिया है। शहर का सड़क ढांचा इस तरह से पुनर्निर्मित किया गया है कि वाहनों की आवाजाही बिना रुकावट लगातार चल सके। इसी पुनर्संरचना के कारण कोटा इस महीने भारत का पहला ट्रैफिक-लाइट मुक्त शहर बन गया। यह बदलाव अर्बन इंप्रूवमेंट ट्रस्ट, कोटा के नेतृत्व में हुआ, जिसे 1959 के राजस्थान अर्बन इम्प्रूवमेंट एक्ट के तहत शहरी विकास को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया था।

**कैसे कोटा बना सिग्नल-फ्री:** कोटा की नई यातायात प्रणाली का आधार ग्रेड-सेपरेटेड इंफ्रास्ट्रक्चर है। यानी जहां ट्रैफिक सिग्नल की जरूरत हो सकती थी, वहां फ्लाईओवर और अंडरपास बनाए गए हैं। महत्वपूर्ण चौराहों पर फ्लाईओवर व अंडरपास, शहर के भीतर से ट्रैफिक हटाने के लिए रिंग रोड, स्मूद मूवमेंट के लिए राउंडअबाउट और वन-वे मार्ग, स्पष्ट साइनबोर्ड, लेन मार्किंग और अनुशासन आधारित ड्राइविंग, भीड़भाड़ के समय पैदल यात्रियों के लिए स्वयंसेवकों व पुलिस की मदद इन सुधारों से यात्रियों को अल्प समय में यात्रा, कम ईंधन खर्च और दुर्घटनाओं में कमी जैसे लाभ मिल रहे हैं।

### बुलेट ट्रेन की...

के आठ प्रतिशत से ऊपर निकलने की वजह द्वितीयक और तृतीयक क्षेत्र का मजबूत प्रदर्शन था। वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही में द्वितीयक क्षेत्र की वृद्धि दर 8.1 प्रतिशत और तृतीयक क्षेत्र की वृद्धि दर 9.2 प्रतिशत रही है।

### पीएफसीई में...

में बताया गया कि वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही में निर्यात 5.6 प्रतिशत बढ़ा है, जो कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 3 प्रतिशत बढ़ा था। चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर अवधि में आयात में 12.8 प्रतिशत की बढ़त हुई है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में एक प्रतिशत की दर से बढ़ा था।

## पेज 1 का शेष...

### यह अयोध्या की मूर्ति...

इस प्रतिमा का अनावरण किया। इसके बाद वर्षगांठ समारोह में पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि यह बहुत ऐतिहासिक अवसर है। बीते 550 वर्षों में इस संस्था ने समय के कितने ही चक्रवात झेले। युग बदला, दौर बदला, देश और समाज में कई परिवर्तन हुए लेकिन बदलते युगों और चुनौतियों के बीच भी इस मठ ने अपनी दिशा नहीं खोई। यह मठ लोगों को दिशा देने वाला केंद्र बनकर उभरा। पीएम मोदी ने कहा कि जब कोई संस्था सत्य और सेवा पर खड़ी होती है तो समय के बदलाव से डगमगाती नहीं बल्कि समाज को टिके रहने की शक्ति देती है। आज इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए यह मठ एक नया अध्याय लिख रहा है। यहां भगवान श्रीराम की 77 फुट ऊंची भव्य कांस्य प्रतिमा स्थापित की गई है। पीएम मोदी ने बताया कि आज इस मठ के साथ जो नए आयाम जुड़े हैं, वो आने वाली पीढ़ियों के लिए ज्ञान, सेवा और साधना के स्थायी केंद्र बनने जा रहे हैं। यहां बन रहे संग्रहालय के जरिए यह मठ अपनी परंपरा को संरक्षित कर रहा है। नई पीढ़ी के लोगों को अपने से जोड़ रहा है।

### मकर संक्रांति पर...

तो होता है, पर यह अक्सर सड़क चलने वालों, बाइक सवारों और पक्षियों को गहरी चोट पहुंचा देता है। असल में, मकर संक्रांति पर चाइनीज मांझे का उपयोग काफी समय से किया जा रहा है। यह मांझा सस्ता होता है और इसमें कांच होने के कारण पतंग उड़ाने वालों को यह आसमान में उड़ाना पसंद आता है, लेकिन इस मांझे के इस्तेमाल पर कई बार सवाल उठ चुके हैं। चाइनीज मांझा लोगों की जान के लिए खतरा बन जाता है। इससे हर साल कई लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की घटनाएं सामने आती हैं।

### तेज रफ्तार डंपर ने...

बघेल (27) के साथ शुक्रवार दोपहर एक कार्यक्रम में शामिल होकर कैलारस (मुरैना) से लौट रही थीं। दोनों जैसे ही निरावली पॉइंट के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही मां-बेटा बाइक सहित सड़क पर जा गिरे और सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने फिलहाल शव को निगरानी में लेकर डेड हाउस में रखवा दिया है। शनिवार को शवों का पोस्टमार्टम किया जाएगा।

### भारत की सबसे महंगी...

क्योंकि अधिकारियों को भी पता है कि ये खास नंबर है, इसलिए इसकी नीलामी का बेस प्राइज 50 हजार रुपए रखा गया। देश के कई राज्यों में फैंसी नंबरों पर अलग-अलग टैक्स वसूला जाता है। कहीं सिर्फ रजिस्ट्रेशन फीस ली जाती है, जबकि कुछ जगह 18% जीएसटी लागू है। हालांकि, अब सरकार इसे सीधे लग्जरी कैटेगरी में शामिल करने की तैयारी में है। प्रस्ताव के अनुसार फैंसी नंबर प्लेट पर 28% जीएसटी लगाया जा सकता है। यानी जो नंबर प्लेट करोड़ों में बिक रही है, उस पर टैक्स भी उतना ही भारी पड़ने वाला है।

### द. अफ्रीका से हार...

न्यूजीलैंड ने भी भारत को 0-3 से क्लीन स्वीप किया था। गुवाहाटी टेस्ट में 408 रन की करारी हार के बाद फैन्स ने गौतम गंभीर की काफी आलोचना की थी। यह हार भारत की टेस्ट इतिहास में रनों के अंतर से सबसे बड़ी हार थी।

### भले ही एक दो दिन बाद खाद मिले...

कांफ्रेंसिंग से हुई मीटिंग में कलेक्टरों और पुलिस अधिकारियों से गीता महोत्सव पर भी बात की। उन्होंने 1 दिसंबर को गीता जयंती पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव कार्यक्रमों की तैयारी की जानकारी ली। डॉ. यादव ने कहा कि इन गतिविधियों में जन सामान्य की अधिक से अधिक सहभागिता की जाए। श्रीमद्भागवत गीता के विभिन्न अध्यायों की संस्कृत और हिंदी में, स्कूल कॉलेज के साथ-साथ जन सामान्य को प्रतियां उपलब्ध कराकर, गीता पर केंद्रित क्विज आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं।

## स्थानीय लोगों से सतर्क रहने की अपील

# जम्मू कश्मीर के उधमपुर में दिखे तीन आतंकी

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

- स्थानीय परिवार से खाना मांगाकर जंगल की ओर भागे, सुरक्षा बलों ने चलाया तलाशी अभियान

उधमपुर जिले के दूरदराज और संवेदनशील बसंतगढ़ क्षेत्र में एक बार फिर आतंकियों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। शुक्रवार को तीन संदिग्ध आतंकियों के एक ढोक पर आ कर खाना व सामान लेकर जाने की सूचना के बाद से ही सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके में बड़े पैमाने पर कार्डन एंड सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। सूत्रों के अनुसार वीरवार रात बसंतगढ़ के चिगला बलोता इलाके में तीन आतंकी बक्करवाल समुदाय के व्यक्ति की ढोक पर पहुंचे। जहां से वह खाना और कुछ सामान रेकर आगे निकल गए। जानाकरी मिलने पर सुरक्षा बल तुरंत सक्रिय हो गए चिगला बलोता सहित पूरे क्षेत्र में तलाशी अभियान छेड़ दिया गया। जम्मू-कश्मीर पुलिस, एसओजी, सीआरपीएफ सहित विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के जवान इलाके में आतंकियों के संभावित रूट और छिपने के रास्तों को घेरकर सघन तलाशी में जुटे हैं। घने जंगलों और कठिन भूभाग को देखते हुए ड्रोन की मदद से भी इलाके की निगरानी की जा रही है। सुरक्षाबलों ने स्थानीय लोगों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की तुरंत सूचना देने की अपील की है। बीते छह महीनों में डुडु और बसंतगढ़ इलाकों में आतंकियों की मौजूदगी कई बार देखी गई है। इस अवधि में सुरक्षा बलों ने लगातार सर्च ऑपरेशन चलाए हैं।


**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**
**प्रगति भवन प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1**
**महाराणा प्रताप नगर भोपाल**
**क्रमांक / राजस्व / भौविप्रा /25 भोपाल**

**आम सूचना** दिनांकः

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की इंद्रपुरी योजना आवंटी श्रीवास्तव शरण श्रीवास्तव एवं श्रीमती द्रोपती श्रीवास्तव के सयुक्त नाम पर आवंटित है। सयुक्त में से आवंटी श्रीवास्तव शरण श्रीवास्तव का स्वर्गवास दिनांक 19/12/2023 को हो जाने के कारण आवंटी के हिस्से की संपत्ति उनके वारिसों में उनकी पत्नी श्रीमती द्रोपती श्रीवास्तव पुत्रिया श्रीमती रुचिता श्रीवास्तव श्रीमती नमिता श्रीवास्तव के सयुक्त नामो पर करने हेतु आवेदन पत्र के साथ आवंटी का मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ/पत्र, आधार कार्ड एवं समस्त वारिसों की सहमति शपथ पत्र तथा वांछित प्रपत्रों को प्रस्तुत कर उक्त अपने नाम पर नामांतरण चाहा गया है। उक्त नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्यो/दस्तावेजों के साथ अधोहताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा । उक्त नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्यो /दस्तावेजो के साथ अधोहताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**राजस्व अधिकारी**
**भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सत्र प्रकरण क्रमांक 191/2021 अपराध क्रमांक 375/2019 पक्षकार श्री राकेश उपाध्याय एवं श्री मनीष भदौरिया के विरूद्ध माननीय तेईसवें अपर सत्र न्यायाधीश महोदय (पीठासीन अधिकारी श्रीमान अतुल सक्सेना जी) के न्यायालय में अपराध क्रमांक 375 अपराध अंतर्गत धारा-306, 34 भा.द.सं. पुलिस आरक्षी केन्द्र तलैया भोपाल (म.प्र.) द्वारा पंजीबद्ध किया गया था जिसमें अपर सत्र न्यायाधीश महोदय द्वारा पक्षकार श्री राकेश उपाध्याय एवं श्री मनीष भदौरिया के प्रकरण को विवेचना में लिया जाकर प्रकरण में मृतक देवेन्द्र साहू द्वारा छोटे तालाब में कूदकर आत्महत्या की गई थी जिसकी रिपोर्ट उसके भाई धर्मेन्द्र साहू द्वारा थाना तलैया भोपाल (म.प्र.) ने कराई थी। तथा सम्पूर्ण विवचेना एवं साक्षियों के साक्ष्य उपरांत माननीय न्यायालय द्वारा यह पाया गया कि पक्षकार श्री राकेश उपाध्याय एवं श्री मनीष भदौरिया द्वारा कोई अपराध कारित नहीं किया गया है और न ही मृतक को आत्महत्या के लिए प्रेरित किया गया है मात्र साक्षियों द्वारा गलत तथ्यों के आधार पर पक्षकार के विरूद्ध रिपोर्ट एवं साक्ष्य प्रस्तुत की गयी थी जिसे माननीय न्यायालय द्वारा अमान्य करते हुए पक्षकार श्री राकेश उपाध्याय एवं श्री मनीष भदौरिया को प्रकरण में दोषमुक्त किया गया है।

भवदीय **गंभीर यादव** अधिवक्ता
ऑ.- H.NO-60, वसुन्धरा कॉलोनी, जहांगीराबाद, भोपाल मो.: 9329784947, 9407408293

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

**हरिभूमि क्लासीफाइड** संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473



**हरिभूमि**
रनिंग क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

**हरिभूमि भोपाल बाजार** विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोप्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

**आवश्यकता**

प्लांट में निर्माण कार्य हेतु दैनिक वेतन पर मिस्त्री 100 पद, कुली 200 पद बढ़ई 200 पद, लोहार 200 पद की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 7000087500, 8602002511, 8234976143 BSP-28-11-25 to 04-12-2025

**CHANGE OF NAME**

I PUSPA DAS is mother of No. 15742486W Rank NK Name SURAJIT DAS presently serving at 21 CSR 'A' BHOPAL I have change my name from PUSPA DAS to PUSPA DEBNATH due to erronesouly mentioned my name as PUSPA DEBNATH in service document of my son I am producing this Affidavit for the purpose of evidence for change of my name. PUSPA DAS and PUSPA DEBNATH both are name of mine and I am only one and same person. Vill+Po - South Chandrapur, Gomati, TRIPURA, PIN - 799013.
AFFIDAVIT 29AA 377113

**Medical Help Line**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
**सफेद दाग** गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल



M : 9009231973, 9424467620
HÄFELE Sleek Godrej Hettich
NSK NEW SUPER KITCHENS
Customised & Affordable
• इटालियन किचन • जर्मन किचन • स्टेनलेस स्टील किचन • बेड सोफा • पी.ओ.पी. सिलिंग • यू.पी.वी.सी. फर्निचर • रिनोवेशन वर्क • वाटर प्रूफिंग • घर और ऑफिस के लिये फर्निचर
Plot number 157 Fortune Building,MP Nagar, Zone 1, Near Havells Gallery, Bhopal


## राशिफल

**मेष:** धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष:** वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन:** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क:** आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह:** सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या:** किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक:** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु:** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ:** मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन:** परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## शब्द पहेली - 6062



**बाएँ से दाए**
1. धरोहर, थाती-4
5. अकबर के नवरत्नों में से एक-4
8. गुणगान-3
9. प्रेम (अंग्रेजी-2)
11. भरोसा, विश्वास-3
12. दुःख, परेशानी, कष्ट-4
14. हिंदू कैलेंडर में एक माह-2
15. गागर, घड़ा-3
17. जांघ-2
19. असावधान-5
22. करतूत, होशियारी-5
25. डूबा हुआ, समाप्त-2
26. तीक्ष्ण, तेज-3
27. अधर्म, अपकृत्य-2
28. मनमौजी, चंचल-4
30. हत्या, वध-3
31. पंख-2
33. मायका-3
35. व्यापार, व्यवसाय (उर्दू-4)
36. कृपा, रहम (उर्दू-4)

**ऊपर से नीचे**
2. फूलों का हार-2
3. वेश्या, कोठे पर नाचनेवाली-4
4. शांति, सुख-चैन-3,2
5. अस्वस्थ, मरीज-3
6. दम, ताकत-2
7. भगवान राम के पुत्र-2,2
10. उन्मत, मदमस्त-4
13. दिलीप कुमार व वैजयंती माला की फिल्म (3)
16. बोलने का तरीका-3
17. रास्ता-2
18. पराया-2
20. परीक्षा-3
21. वचन-2
22. खेती-2
23. अभिमान-3
24. फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान खान की मां-2,2
25. बलपूर्वक उठा ले जाना-5
26. ईश्वर, राजा-4
28. मन को अच्छा लगने वाला-4
29. शाप से पीड़ित-3
32. अवकाश, मंजूरी-2
34. संध्या-2

**शब्द पहेली- 6061 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | रा | ज | कु | मा | र | ■ | म | नो | ह | र |
| दौ | र | ■ | ली | ■ | ख | न | न | ■ | र | वा |
| ल | ■ | जा | न | व | र | ■ | न | ल | ■ | य |
| त | न | य | ■ | ■ | खा | र | ■ | की | म | त |
| खा | ■ | दा | ■ | ना | व | ■ | ड | ■ | दा | ■ |
| ना | र | द | मु | नी | ■ | प | र | व | री | श |
| ■ | फ्ता | ■ | ख | ■ | स | द | ■ | र्ध | ■ | क |
| भ | र | ना | ■ | स | भा | ■ | ■ | मा | हि | र |
| या | ■ | का | का | ■ | भ | द्दा | प | न | ■ | कं |
| न | न | ■ | त | ना | व | ■ | ह | ■ | दा | द |
| क | म | जो | र | ■ | न | ग | र | वा | सी | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6072

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6071 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

## खबर संक्षेप

### हिमालया ने 'लव्ड बाई बेबीज' अभियान शुरू किया

**नई दिल्ली।** हिमालया बेबीकेयर ने 'लव्ड बाई बेबीज' ब्रांड के रूप में अपनी अग्रणी स्थिति का जश्न मनाते एक नए दिल को छूने वाले कैंपेन की शुरुआत की है, जिसमें शिशुओं को कहानी के केंद्र में रखा गया है। प्रिस्क्राइब्ड बाई डाक्टर्स, ट्रस्टेड बाई मॉम्स और लव्ड बाई बेबीज शीर्षक वाला यह कैंपेन ब्रांड की उस अनूठी ताकत को उजागर करता है जो इसे शिशुओं द्वारा प्रिय, माताओं द्वारा भरोसेमंद और डॉक्टरों द्वारा अनुशंसित बनाती है।

### नीवा बूपा ने की इंश्योरेंस अकादमी की शुरुआत

**नई दिल्ली।** निवा बूपा हेल्थ इनश्योरेंस ने पूरे भारत में अपने एडवाइजर्स को सशक्त बनाने और उनके कौशल बढ़ाने के लिए इंश्योरेंस अकादमी की शुरुआत की घोषणा की है। यह एक अनोखी लर्निंग और डेवलपमेंट पहल है, जो 10 लाख से अधिक एडवाइजर्स को उन्नत ज्ञान, ग्राहक से जुड़ने की कला और डिजिटल क्षमताओं में प्रशिक्षण देगी। इंश्योरेंस अकादमी एक ऐसा वन-स्टॉप हब है।

### वज़ीर एक्स ने लांच किया 'वजीर एक्स जीरो'

**नई दिल्ली।** वजीरएक्स ने वजीरएक्स जीरो लांच किया, यह एक ऐसा ट्रेडिंग मॉडल है जहां यूजर्स को अब हर ऑर्डर पर फ़ीस नहीं देनी पड़ेगी। अब यूज़र्स सिर्फ 99 प्रति महीने देकर 300 सेज़्यादा टोकन में बिना किसी ट्रेडिंग फीस के अनलिमिटेड ट्रेड कर सकते हैं। जो यूजर 10,000 को एक महीने में 10 बार खरीदता और बेचता है, उसे इसे हर बार खरीदने और बेचने में 0.5 प्रतिशत फीस का भुगतान करना पड़ता है।

### क्लियर सिक्योर्ड का आईपीओ 1 को खुलेगा

**मुंबई।** क्लियर सिक्योर्ड सर्विसेज लिमिटेड ने अपना आईपीओ सोमवार, 1 दिसंबर 2025 को खोलने जा रही है। कंपनी का लक्ष्य ऊपरी प्राइस बैंड पर 85.60 करोड़ जुटाने का है। कंपनी का यह निर्गम 64,85,000 इक्विटी शेयरों का है, प्रत्येक का फेस वैल्यू 10, जबकि प्राइस बैंड 125 से 132 प्रति शेयर तय किया गया है। एंकर पोर्शन 28 नवम्बर 2025 को खुलेगा, जबकि पब्लिक इश्यू 1 दिसम्बर 2025 से खुलेगा और 3 दिसम्बर 2025 को बंद होगा।

### नर्मदा ने प्राप्त किया 2,370 लाख का राजस्व

**गुजरात।** नर्मदा एग्रोबेस लिमिटेड वित्तवर्ष 2026 के दूसरी तिमाही और पहली छमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी को दूसरी तिमाही 1,228.16 लाख की कुल राजस्व अर्जित की। एबिटडा 162.38 लाख रुपए और शुद्ध लाभ 102.66 लाख रुपए हासिल किए। जबकि पहली छमाही में कंपनी ने 2,369.51 लाख का कुल राजस्व प्राप्त किया।

### अमेजन की ब्लैक फ्राइडे सेल,1 दिसंबर तक चलेगी

**बेंगलुरू।** अमेजन इंडिया ने शुक्रवार से ब्लैक फ्राइडे सेल की घोषणा की, जो 1 दिसंबर तक चलेगा। सेल के दौरान ग्राहक लाखों शुरुआती डील्स का लाभ उठा सकते हैं, जिनमें होम डेकोर, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, ब्यूटी और परिधान जैसी श्रेणियां शामिल हैं और यह एप्पल, सैमसंग, एचपी, बाथ एंड बॉडी वर्क्स, अन्य प्रमुख ब्रांड्स से उपलब्ध हैं। शॉपिंग को आसान बनाने के लिए ग्राहक क्यूरेटेड डील का लाभ उठा सकते हैं।

### क्रोमा की ब्लैक फ्राइडे सेल, 50 फीसदी की छूट

**मुंबई।** ओम्नी-चैनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर क्रोमा ने अपने सालाना ब्लैक फ्राइडे सेल की घोषणा की है। इसमें सभी कैटेगरी पर 50 फीसदी तक की भारी छूट दी जा रही है। क्रोमा की ब्लैक फ्राइडे सेल 22 नवंबर शुरू हो चुकी है जो 30 नवंबर 2025 तक चलेगी। क्रोमा में नए साल से पहले स्मार्ट खरीदारी करने और बड़ी बचत करने का बेहतरीन मौका मिल रहा है। स्मार्टफोन, लैपटॉप, टीवी, वॉशिंग मशीन, ऑडियो गियर और घरेलू उपकरणों पर आकर्षक डील मिल रही हैं।

# डेटा सेंटर उद्योग में एयरटेल, रिलायंस, अडाणी और टाटा का 50 अरब डॉलर का होगा निवेश

**इससे वर्तमान में एक गीगावाट की क्षमता पहुंचेगी जाएंगी 9 गीगावाट तक**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

डेटा सेंटर उद्योग में घरेलू कॉरपोरेट जगत पूरी तरह से उतरने की तैयारी में है। टाटा और रिलायंस से लेकर अडाणी और एयरटेल तक इस क्षेत्र में पांच से सात वर्षों में 50 अरब डॉलर का भारी निवेश करने की योजना बना रहे हैं। इससे वर्तमान एक गीगावाट की क्षमता इस दौरान बढ़कर 9 गीगावाट तक पहुंच जाएगी। ये सभी कॉरपोरेट देश के डेटा सेंटर बूम पर दोगुना जोर दे रहे हैं। इससे अगले दशक में एआई और क्लाउड विकास को तेज रफ्तार मिलेगी। इस क्षेत्र में नई उतरने वाली टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) है। इसने निजी इक्विटी फर्म टीपीजी के साथ अरबों डॉलर का संयुक्त उद्यम किया है। यह एक 1.2 गीगावाट प्लेटफॉर्म है जिसकी क्षमता देश के सभी मौजूदा डेटा सेंटरों की संयुक्त क्षमता के बराबर है।



फाइल फोटो




### 3 कंपनियों का 40 फीसदी हिस्सा

जेफरीज ने कहा कि एयरटेल, रिलायंस और अडाणी कॉनेक्स मिलकर 2030 तक डेटा सेंटर क्षमता का 35 से 40 फीसदी हिस्सा हासिल करेंगे। क्रिसिल को उम्मीद है कि कंपनियां 2026-27 से 2027-28 के दौरान 55 हजार -60 हजार करोड़ रुपए का निवेश करेंगी। इससे क्षमता 2.3-2.5 गीगावॉट हो जाएगी।

### दुनिया के प्रतिस्पर्धी बाजारों में भारत

डेटा की बढ़ती मांग के कारण भारत तेजी से सबसे प्रतिस्पर्धी डेटा सेंटर बाजारों में से एक है। दुनिया का 20 फीसदी डेटा भारत उत्पन्न करता है, लेकिन घरेलू स्तर पर केवल 3 फीसदी ही संग्रहीत करता है। सबसे अधिक वायरलेस इंटरनेट खपत वाले देशों में से एक होने के कारण भारत डेटा निर्माण का बड़ा इंजन बन गया है।

### विदेशी कंपनियों के साथ तेजी से साझेदारी

- रिलायंस 98 हजार करोड़ रुपए
- अडाणी 1.33 लाख करोड़ रुपए
- टीसीएस 18 हजार करोड़ रुपए
- एयरटेल 6 हजार करोड़ रुपए

**फूड सेफ्टी एंड स्टैंडड्र्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया की बड़ी कार्रवाई**

# ओआरएस नाम से बिक रहे फ्रूट और एनर्जी ड्रिंक बाजार से हटाने के निर्देश

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

फूड सेफ्टी एंड स्टैंडड्र्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एफएसएसएआई)ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को आदेश दिया है कि बाजारों और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर 'ओआरएस' नाम से बेचे जा रहे सभी फ्रूट-बेस्ड ड्रिंक्स, इलेक्ट्रोलाइट ड्रिंक्स, रेडी-टू-सर्व ड्रिंक्स और एनर्जी ड्रिंक्स को तुरंत हटाया जाए। जानकारी के मुताबिक, कई कंपनियां अपने फ्रूट जूस या इलेक्ट्रोलाइट ड्रिंक्स को 'ओआरएस' नाम से बेचकर उपभोक्ताओं को भ्रमित कर रही थीं, जबकि ये असली ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन नहीं हैं।




### एफएसएसएआई का सख्त निर्देश

एफएसएसएआई ने सभी राज्यों के फूड कमिश्नर्स को चिट्ठी लिखकर कहा कि भ्रामक और धोखा देने वाले नामों के साथ बेचे जा रहे इन उत्पादों को तत्काल मार्केट से हटाया जाए। दरअसल अक्तूबर में जारी अपने आदेश में एफएसएसएआई ने स्पष्ट कहा था कि किसी भी खाद्य उत्पाद के नाम या ब्रांड में 'ओआरएस' शब्द का इस्तेमाल पूरी तरह प्रतिबंधित है, चाहे वह किसी प्रिफिक्स या सफिक्स के साथ ही क्यों न हो।

### नियमों के बावजूद बाजार में बिक रहे ये उत्पाद

एफएसएसएआई ने पाया कि आदेश के बावजूद कई ब्रांड अभी भी ओआरएस नाम का उपयोग कर नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। यह प्रैक्टिस उपभोक्ताओं को भ्रमित करती है, क्योंकि वे इन पेय पदार्थों को असली ओआरएस समझकर खरीद लेते हैं। एफएसएसएआई ने यह भी स्पष्ट किया कि जुलाई 2022 और फरवरी 2024 में जारी वे पुराने निर्देश, जिनमें कुछ शर्तों के साथ ओआरएस शब्द के उपयोग की अनुमति दी गई थी, अब पूरी तरह वापस ले लिए गए हैं।


## सैमसंग ने लांच किया आर20 अल्ट्रासाउंड सिस्टम

**गुरुग्राम।** सैमसंग ने जनरल इमेजिंग के लिए अपना सुपर-प्रीमियम, नेक्स्ट-जेनरेशन आर20 अल्ट्रासाउंड सिस्टम लॉन्च करने की घोषणा की। आर20 जनरल इमेजिंग में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिसमें एडवांस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स, बेहतरीन इमेज क्लैरिटी, और क्लिनिशियन की सुविधा व दक्षता पर केंद्रित डिजाइन का संयोजन किया गया है। सैमसंग के अत्याधुनिक क्रिस्टल आर्किटेक्चर पर आधारित, आर20 जनरल इमेजिंग प्रयोगों की विस्तृत श्रृंखला में असाधारण इमेज एकरूपता, और पहुंच प्रदान करता है। कंपनी के प्रमुख, अतंत्रा दास गुप्ता ने कहाकि आर 20 सैमसंग के इंटेलिजेंट इनोवेशन के माध्यम से हेल्थकेयर को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।



**लोगों के घूमने-फिरने और खरीदारी का एक ठिकाना**

# भोपाल उत्सव मेला अब बन गया एक 'ब्रांड' महाउत्सव


मेला ग्राउंड

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी के टीटी नगर स्थित दशहरा मैदान में विगत चल रहा भोपाल उत्सव मेला जो शहर वासियों के घूमने-फिरने और खरीदारी का एक ठिकाना है, अपने शवाब पर है। राजधानी वासियों के लिए महाउत्सव माना जाने वाला भोपाल उत्सव मेला अब एक 'ब्रांड' बन गया है।

आज 'भोपाल उत्सव मेला' इतना लोकप्रिय हो चुका है कि निकटवर्ती राज्यों के व्यापारी भी इस मेले में शामिल होने लगे हैं। हजारों की संख्या में लोग यहां घूमने, फिरने और खरीदारी के लिए पहुंचते हैं।

भोपाल उत्सव मेला समिति के अध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल और महामंत्री सुनील जैन (जैनाविन) के अनुसार शहर के टीटी नगर दशहरा मैदान में आयोजित हर साल की तरह इस साल भी आयोजित भोपाल उत्सव मेला में खाने के व्यंजनों की ढेर सारी वैराइटी देखने को मिलेगी। इसके साथ ही रोमांच को नया रंग देने के लिए सबसे बड़े झूलों का भी भोपाली मजा ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि भोपाल उत्सव मेले में बड़ी संख्या लोगों ने पहुंचकर झूलों और व्यंजनों का आनंद उठाया।

### मेले में परिवार संग मस्ती और रोमांच का आनंद

इसके अतिरिक्त मेले में खाने-पीने के ढेर सारे अलग-अलग वैरायटी के स्टॉल्स भी लगे हुए हैं। राजधानी भोपाल में ठंड का सितम दिखने लगा है। इसी बीच आप भोपाल मेले में परिवार संग मस्ती और रोमांच का आनंद ले सकते हैं। इसके लिए आपको मेला स्थल से ही टिकट मिल जाएगी। यहां मौजूद खाने पीने की स्टाल के अलावा खरीदारी के लिए भी ढेर सारे अलग-अलग स्टॉल्स मौजूद हैं। इसमें खास तौर पर महिलाओं के लिए अलग-अलग प्रकार की चूड़ियां कंगन और लाख के कड़े मौजूद है। कड़ाके की ठंड को ध्यान में रखते हुए यहां पर कश्मीरी शॉल पशमीना शॉल और कश्मीरी सलवार सूट भी आए हुए हैं। अलग-अलग दुकानों पर ढेर सारे शाल 200 रुपए से लेकर 20000 रुपए तक में मौजूद है। इसका अतिरिक्त जूते चप्पल की भी यहां ढेर सारी दुकान मिल जाती है।

### समिति के इन पदाधिकारियों को असीम सहयोग

समिति के पदाधिकारी उपाध्यक्ष विजय अग्रवाल, राजेश जैन, चंद्रशेखर सोनी, महामंत्री सुनील जैनाविन,अशोक गुप्ता, अजय सोगानी, अनुपम अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल,सुमित गर्ग, कमल जैन, श्वेता नारायण सिंह कुशवाहा, डॉ.योगेंद्र मुखरैया, डॉ महेश गुप्ता, राजकुमार जौहरी, शैलेन्द्र निगम, प्रेम बाबू नाहर, वीरेंद्र जैन, प्रतीक गुप्ता आदि शामिल हैं। कोषाध्यक्ष अशोक गुप्ता ने बताया कि मेले में फर्नीचर, ब्रांडेड इलेक्ट्रॉनिक्स शॉप, मीना बाजार, फूड, आधुनिक झूले, कपड़े, हैंडलूम,आटो मोबाइल, होम एप्लाइंसेस आदि के स्टॉल लगते हैं। भोपाल उत्सव मेला लोगों को रोजगार और व्यापार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ ही कलाकारों को मंच उपलब्ध कराने में एक सेतु की भूमिका निभा रहा है। समिति के महामंत्री अजय सोगानी ने बताया कि भोपाल मेला उत्सव समिति समाज कल्याण की दिशा में भी प्रभावी काम कर रही है। मेला समिति द्वारा प्रतिवर्ष शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सद्भाव से जुड़े कई कार्य किए जा रहे हैं।

# एपीजे अब्दुल कलाम यूनिवर्सिटी में आईपीजीए का अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

**2 हजार से भी ज्यादा शोधार्थियों ने की सहभागिता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एपीजे अब्दुल कलाम युनिवर्सिटी इंदौर में इंडियन फार्मेसी ग्रेजुएट्स एसोसिएशन आईपीजीए के द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ प्रदेश के राज्यपाल महामहिम मंगूभाई पटेल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर इंदौर सांसद शंकर लालवानी, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, कुलाधिपति डॉ. श्रुति कपूर, कुलगुरु डॉ. दीपिका पाठक, उपकुलपति डॉ. राजीव विश्वकर्मा, आईपीजीए के राष्टीय सचिव डॉ. अरुण गर्ग, उपाध्यक्ष डॉ. दीपेंद्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. करुणाकर शुक्ला, उपाध्यक्ष डॉ. राकेश जाटव, कोषाध्यक्ष डॉ. देवती गुप्ता सचिव डॉ. सौरभ जैन, कालेज आफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ. अमित मोदी सहित सभी डीन उपस्थित थे। दो हजार से अधिक विद्यार्थियों और शोधार्थियों की सहभागिता वाले इस सम्मेलन में छात्रों ने ऑनलाईन और ऑफलाईन अपने शोध प्रस्तुत किए। इस वर्ष सम्मेलन का मुख्य विषय फार्मा और जैव विज्ञान में एआई संचालित नवाचार सिकल सेल एनीमिया और अन्य रोगों की दवा विकास में एक नया क्षितिज था। सम्मेलन में उच्च स्तरीय तकनीकी सत्र, विषय विशेषज्ञ व्याख्यान चुनौतियों शोध के आधुनिक आयामों और अमादमिक इंडस्ट्री सहयोग पर विशेष जोर दिया गया। अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ प्रोफेसर लांग चिआउ मिंग, डिप्टी डीन मलेशिया में कोरोना रेमेडीज के डॉ. विजय चारलू, देवी अहिल्या विवि के डॉ. राकेश सिंघई, टंट्या भील विवि के कुलगुरू डॉ. मोहनलाल कोरी की उपस्थित विशेष थी।


सम्मेलन का शुभारंभ

## बिजनेस न्यूज

### भाभा विश्वविद्यालय में हुआ 101 आम के पौधों का रोपण

**भोपाल।** भाभा विश्वविद्यालय में बीते दिनों वंदे मातरम् गीत को 150 वर्ष पूर्ण होने पर विभिन्न तरह के कार्यक्रमों का आयोजन बड़ी धूम धाम से किया गया। कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देते हुए विश्वविद्यालय में 101 आम के पौधों का रोपण किया गया। साथ ही बच्चों ने देश भक्ति से ओत प्रोत विभिन्न तरह के पोस्टर भी बनाए, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। विद्यार्थियों और शिक्षकों द्वारा लय बद्ध तरीके से राष्ट्रीय गीत का गान किया गया और उसके महत्व पर चर्चा की गई।




### एचडीएफसी बैंक की 1100 शहरों में ब्लड डोनेशन ड्राइव 5 दिसंबर को

**भोपाल।** एचडीएफसी बैंक अपने फ्लैगशिप सीएसआर इनिशिएटिव, परिवर्तन के तहत देश भर में ब्लड डोनेशन ड्राइव का 17वां एडिशन ऑर्गनाइज करेगा। यह ब्लड डोनेशन ड्राइव 5 दिसंबर 2025 को सुबह 9:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक एक साथ भारत के 1,100 से ज़्यादा शहरों में होगा। इसमें एचडीएफसी बैंक के कर्मचारी, ग्राहक, कॉर्पोरेट, डिफेंस फोर्स के मेंबर, स्टूडेंट और कम्युनिटी मेंबर शामिल होंगे। एचडीएफसी बैंक के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर कैजाद भरूचा ने कहाकि यह ड्राइव कई सालों से लोगों को एक कॉमन मकसद के लिए एक साथ लाती रही है। ब्लड डोनेट करना एक आसान काम है जो किसी की जिंदगी में तुरंत बदलाव ला सकता है।

### बजाज ने लांच की 'रिकी' ऑटो, नया मानक स्थापित किया

**नई दिल्ली।** भारत में लास्ट-माइल मोबिलिटी की मांग लगातार बढ़ रही है, लेकिन ई-रिक्शा सेगमेंट अब भी काफी हद तक असंगठित है। कई वाहन अब भी कम रेंज, कमजोर टिकाऊपन, खराब ब्रेकिंग और अस्थिरता जैसी चुनौतियों का सामना करते हैं। ऐसे में दुनिया के सबसे मूल्यवान टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर निर्माता बजाज ऑटोने अपनी नई ई-रिक्शा बजाज रिकी को लांच किया है। बजाज ऑटो लिमिटेड के इंट्रा-सिटी बिजनेस यूनिट के अध्यक्ष समरदीप सुबंध ने कहा कि नई इलेक्ट्रिक रिक्शा रिकी ई-रिक्शा मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार और असम के 100 से अधिक शहरों में उपलब्ध होगी। रिकी में 5.4 किलोवॉट हार्स की बैटरी है, जो 149 किमी की रेंज देती है। कंपनी इस पर तीन साल की वारंटी भी दे रही है। इसकी शुरुआती कीमत 1,90,890 रुपए है। इसके अलावा बजाज ऑटो ने बजाज रिकी के पैसेंजर और कार्गो मॉडल के दौरान घोषणा करते हुए कहा कि इस खरीदने वाले ग्राहकों को तीन साल की वारंटी या 60 हजार किमी तक की वाहन और बैटरी पर दिया जाएगा।



### डाबर च्यवनप्राश ने लांच किया सिस्टमैटिक इम्यूनिटी प्लान कैंपेन

**भोपाल।** डाबर इंडिया लिमिटेड ने अपने खास स्वास्थ्य उत्पाद, डाबर च्यवनप्राश के लिए एक नया और बेहतरीन स्वास्थ्य अभियान सिस्टमैटिक इम्यूनिटी प्लान ( एसआईपी) शुरू करने की घोषणा की है। कंपनी के मार्केटिंग हेड- हेल्थ सप्लीमेंट्स अमित गर्ग ने बताया कि डाबर च्यवनप्राश का सिस्टमैटिक इम्यूनिटी प्लान एक आसान मगर पूरी योजना है जिसके चार मुख्य हिस्से हैं। यह लोगों को रोज़ाना अच्छी आदतें डालकर अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत बनाने के लिए प्रेरित करती है। इस प्लान में अच्छी सेहत के तीन ज़रूरी चीज़ें शामिल हैं। डाबर च्यवनप्राश का सिस्टमैटिक इम्यूनिटी प्लान स्वास्थ्य के प्रति हमारी पूरी लगन को दर्शाता है। हमने डाबर च्यवनप्राश में मौजूद आयुर्वेद के सदियों पुराने ज्ञान को, जिसमें आँवला, गिलोय और अश्वगंधा जैसी 40 से अधिक शक्तिशाली जड़ी-बूटियाँ शामिल हैं, आधुनिक डिजिटल तकनीक के साथ जोड़ा है। यह नया 'इम्यूनिटी स्कोर ट्रैकर' प्रत्येक व्यक्ति को उसकी विशेष ज़रूरतों को समझने और एसआईपी को अपने हिसाब से से अपनाने की शक्ति प्रदान करता है



### पटेल के राजस्व में 15 फीसदी की वृद्धि

**मुंबई।** पटेल रिटेल लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही और पहली छमाही के अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी ने दूसरी तिमाही में 225.43 करोड़ की कुल आय, एबिटडा 19.55 करोड़ रुपए , शुद्ध लाभ 10.14 करोड़ रुपए हासिल की।

**होम क्रेडिट की स्टडी 'हाउ इंडिया बारोज 7.0' में खुलासा**

# भोपाल के ऋण लेने वाल लोगों में वित्तीय अनुशासन व पुनर्भुगतान की स्मार्ट आदत

***48 फीसदी लोग देते हैं ऋण को समय से पहले बंद करने को प्राथमिकता***

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

वित्त कंपनी होम क्रेडिट इंडिया ने अपने प्रमुख वार्षिक स्टडी हाउ इंडिया बारोज (एचआईबी) का 7वां संस्करण जारी किया। यह स्टडी भारत के निम्न-मध्यम वर्ग के ऋण लेने के व्यवहार में एक गहन बदलाव को उजागर करता है, जो लगभग दो-तिहाई आबादी का प्रतिनिधित्व करता है और अक्सर इसे आर्थिक विकास का मौन चालक माना जाता है।

इस वर्ष की स्टडी इस वर्ग के बीच ऋण लेने के व्यवहार और दृष्टिकोण में एक स्पष्ट परिवर्तन दिखाता है-आवश्यकता के लिए सुरक्षा जाल के रूप में क्रेडिट से हटकर, अब यह आकांक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए एक उत्प्रेरक बन गया है। क्रेडिट का उपयोग तेजी से जीवन स्तर को ऊपर उठाने, उद्यमशीलता के प्रयासों में निवेश करने और दीर्घकालिक वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए किया जा रहा है, जो उनकी रणनीतिक और दूरंदेशी मानसिकता को दर्शाता है। यह स्टडी ऋण लेने के व्यवहार, डिजिटल स्वीकार्यता, ऋण निर्णय के चालकों, वित्तीय आकांक्षाओं और दृष्टिकोणों में गहन अंतर्दृष्टि प्रदान करता है, जिससे पता चलता है कि भारत का उभरता मध्यम वर्ग अपनी आकांक्षाओं को निधि देने और सपनों को वास्तविकता में बदलने के लिए स्मार्ट क्रेडिट का लाभ एक उपकरण के रूप में कैसे उठा रहा है। होम क्रेडिट इंडिया के चीफ मार्केटिंग आफीसर आशीष तिवारी के अनुसार हाउ इंडिया बोरोज 7.0 अध्ययन भारत की क्रेडिट संस्कृति में एक बदलाव को दर्शाता है - जीवित रहने के लिए उधार लेने से लेकर सफलता के लिए उधार लेने तक। जेन जी, मिलेनियल्स, महिलाएं और छोटे शहर डिजिटल ऋण क्रांति का नेतृत्व कर रहे हैं, जो गति, सरलता और निजीकरण को महत्व देते हैं। एम्बेडेड फाइनेंस दिक्कत-रहित ऋण को संचालित कर रहा है, जहां विश्वास, प्रौद्योगिकी और मूल्य अभिसरण होकर भारत के ऋण लेने के तरीके को फिर से परिभाषित कर रहे हैं। भोपाल में उधारकर्ता, तुलनात्मक रूप से कम आय स्तर के बावजूद ऋण के प्रति एक जिम्मेदार और अनुशासित दृष्टिकोण प्रदर्शित करते हैं। सर्वेक्षण किए गए शहरों में सबसे अधिक 63 फीसदी के ईएमआई सामर्थ्य की जांच करने और 48 फीसदी के समय से पहले ऋण बंद करने को प्राथमिकता देने के साथ, भोपाल के उधारकर्ता टिकाऊ उधार और समय पर चुकौती पर अपने ध्यान के लिए अलग दिखते हैं। जबकि 54 फीसदी पर मोबाइल बैंकिंग को अपनाना क्रमिक डिजिटल प्रगति का संकेत देता है।




**सार्वजनिक सूचना का खंडन**

म. प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल की सार्वजनिक सूचना दिनांक 12/11/2025 (दैनिक भास्कर) का खंडन सह आपत्ति

म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल की ओर से संपदा अधिकारी प्रक्षेत्र- 2 भोपाल (श्री राजेश शुक्ला मो- 9425012765) ने म. प्र. माध्यम /122955/2025 दिनांक 12/11/2025 को (दैनिक भास्कर) के द्वारा एक सार्वजनिक सूचना का प्रकाशन सतलापुर मंडीदीप जिला रायसेन सेक्टर ए के भूखंड क्रमांक HIG 02 के संबंध में किया है। उक्त सार्वजनिक सूचना में बताया गया कि उक्त भूखंड एवं एक अन्य भूखंड स्थल निरीक्षण रिपोर्ट एवं कार्यालयीन दस्तावेजों के अनुसार रिक्त पाए गए हैं तथा मण्डल इन भूखंडों के विक्रय की कार्यवाही करने जा रहा है। उक्त सूचना में उक्त भूखंडों के मालिकाना हक / आवंटन संबंधी दस्तावेज दिनांक 30/11/2025 के पूर्व आपत्ति दावेदारी प्रस्तुत करने का उल्लेख है। मैं मेरे पक्षकार श्री नंदकिशोर शर्मा आत्मज श्री वी पी शर्मा, माना होटल मंडीदीप की ओर से उक्त सार्वजनिक सूचना में वर्णित भूखंड क्रमांक HIG 02, सेक्टर- ए, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, सतलापुर मंडीदीप जिला रायसेन, म. प्र. के विक्रय या अन्यथा हस्तांतरण के संबंध में आपत्ति दर्ज कराता हूँ। उक्त भूखंड का पंजीयन मेरे पक्षकार द्वारा 03/07/1999 को विधिवत रूप से कराया गया एवं शेष राशि जमा करवा कर लीज डीड संपादित होनी शेष हैं। मेरे पक्षकार की फाइल गुम होने का बहाना बनाकर अब तक लीज डीड संपादित नहीं की गई जिसके संबंध में कार्यवाही प्रचलित है।

**सावधान**

हाउसिंग बोर्ड उक्त भूखंड का विक्रय न करे तथा कोई भी उक्त भूखंड को खरीदने का प्रयास न करे अन्यथा उत्पन्न विवादों एवं न्यायालयीन कार्यवाही के लिए पदेन और व्यक्तिगत हैसियत से उत्तरदायी होंगे सार्वजनिक सूचना दिनांक 12/11/2025 दैनिक भास्कर का खंडन एवं आपत्ति हर खास व आम व संबंधित विभाग को ज्ञात हो।

**रमेश के साहू एडवोकेट**
साहू लॉ चैम्बर, 5 जनपथ सराफा बाजार
इटारसी- नर्मदापुरम - 9425136008

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला विदिशा**

क्रमांक/पुअ/विदिशा/रनि/एमटी /665/2025 दिनांक 03/11/2025

// ई-निविदा सूचना //

मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम सेवा उपार्जन नियम 2015 यथा संसोधित 2022 के नियमानुसार कार्यालय द्वार वाहनों के लिये बैट्री के क्रय हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सामग्री का विवरण | निविदा शुक्ल | अनुमानित व्यय राशि (जीएसटी सहित) | ईएमडी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जिला पुलिस इकाई विदिशा में उपलब्ध शासकीय वाहनों हेतु बैट्री का क्रय | 1,000/- (एक हजार रूपये मात्र) | 40,000/- (चालीस हजार रूपये मात्र) | 400/- (चार सौ रूपये मात्र) |

1. पुलिस अधीक्षक, विदिशा के नाम से जेम पोर्टल पर निविदा ऑनलाईन जमा की जावेंगी।
2. निविदा शुल्क एवं ईएमडी की राशि कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है।
3. म.प्र. पुलिस की वेबसाईट www.mppolice.gov.in से निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है।

शेड्यूल:-

| | |
|---|---|
| निविदा पब्लिकेशन दिनांक | दिनांक 24/11/2025 के 12.00 बजे |
| निविदा डाउनलोड करने की तिथि | दिनांक 24/11/2025 के 12.00 बजे |
| निविदा जमा करने कि अंतिम तिथि | दिनांक 04/12/2025 के 12.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 04/12/2025 के 12.30 बजे |
| निविदा खोले जाने का स्थान | पुलिस लाईन विदिशा परिसर |

G-22039/25 " स्वच्छता ही सेवा " पुलिस अधीक्षक, जिला विदिशा

चिंतन

# अर्थव्यवस्था की रफ्तार ने डेड कहने वालों को दिया जवाब

देश की विकास दर ने उन लोगों को करारा तमाचा मारा है, जो भारत की अर्थव्यवस्था को डेड बता रहे थे। दुनिया में सबसे तेज गति से दौड़ रही अर्थव्यवस्था के मामले में भारत की विकास दर ने एक बार फिर कमाल किया है। कमाल भी ऐसा कि अर्थशास्त्री भी हैरान हैं। उनका अनुमान था कि भारत की जीडीपी लगभग 7.4 प्रतिशत की गति से बढ़ेगी, लेकिन वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन करते हुए 8.2 फीसदी की मजबूत विकास दर दर्ज की है। नॉमिनल जीडीपी में भी 8.7 फीसदी की वृद्धि देखी गई है। यह वृद्धि दर पिछले साल की समान अवधि 5.6 प्रतिशत से काफी अधिक है और पिछले छह तिमाहियों में सबसे तेज है। इस शानदार प्रदर्शन का श्रेय मुख्य रूप से विनिर्माण और वित्तीय क्षेत्रों में हुई मजबूत वृद्धि को जाता है। जो देश को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनाता है। इस वृद्धि के पीछे गांवों में बढ़ी हुई मांग और सरकारी खर्च का बड़ा हाथ है, जबकि महंगाई दर निचले स्तर पर बनी हुई है। विनिर्माण और निर्माणः द्वितीयक क्षेत्र ने 8.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जिसमें विनिर्माण का 9.1 और निर्माण का 7.2 फीसदी का योगदान रहा। इसमें खेती-बाड़ी और खनन उद्योग शामिल हैं। इस साल दूसरी तिमाही में इन क्षेत्रों ने सालाना आधार पर 3.1 प्रतिशत की ग्रोथ दिखाई, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 3.5 थी। खनन क्षेत्र में थोड़ी गिरावट आई। वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में यह 0.04 फीसदी सिकुड़ा, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 0.4 सिकुड़ा था। देश की आर्थिक ग्रोथ को गांवों की मजबूत अर्थव्यवस्था, सरकारी खर्च में बढ़ोतरी और निर्यात की जल्दी हुई शिपमेंट से सहारा मिला है। सरकारी पूंजीगत व्यय सितंबर तिमाही में 31 फीसदी बढ़ा है। हालांकि यह पिछली तिमाही के 52 के उछाल से कम है, लेकिन पिछले साल के 10 फीसदी ग्रोथ से काफी बेहतर है। अमेरिका के टैरिफ बढ़ाने के बावजूद निर्यात ने बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया है। इसमें 8.8 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, जो पिछले साल इसी अवधि में 7 की गिरावट से उलट है। हालांकि माना यह भ्ज्ञी जा रहा है कि अमेरिका में टैरिफ लगने से पहले निर्यात की जल्दी हुई शिपमेंट ने इसमें मदद की। घरेलू खपत, जो अर्थव्यवस्था का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा है, जुलाई-सितंबर तिमाही में मजबूत हुई। गांवों में बेहतर कृषि उत्पादन के कारण वहां खर्च बढ़ा। हालांकि, शहरों की मांग और निजी निवेश अभी भी धीमे बने हुए हैं। डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ सनक के चलते पूरी दुनिया में भू-राजनीतिक स्थिति अनिश्चित बनी हुई है, ऐसे में भारत की आर्थिक वृद्धि वैश्विक मंच पर उसकी स्थिति और प्रभाव बनाए रखने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। वैसे भी भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार नए आयाम हासिल कर रही है। ऐसे में लगातार मजबूत होती जीडीपी ग्रोथ बता रही है कि भारत की रफ्तार अब रुकने वाली नहीं है। इस समय भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। यह वर्तमान में अमेरिका, चीन और जर्मनी से पीछे है। हालांकि, उम्मीद है कि वर्ष 2030 तक भारत जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। अप्रैल 2025 में भारत ने जापान को पीछे छोड़ दिया था। अब हम जर्मनी को पछाड़ने की तैयारी में लगे हैं। अगर यही रफ्तार रही तो देश को वर्ष 2030 तक का इंतजार नहीं करना होगा।



सुरक्षा
अवधेश कुमार

# आतंक के व्यापक तंत्र का उत्तर कैसे दें

> आतंकियों ने दिल्ली में लाल किले पर अचानक कार विस्फोट नहीं किया, बल्कि इनकी काफी पहले से ही कोशिश चल रही थी। 6 दिसंबर को अयोध्या से लेकर अनेक स्थलों पर विस्फोट करने और उसके बाद इसकी शृंखला कायम रखने की तैयारी थी। अलफलाह यूनिवर्सिटी से गिरफ्तार डॉ. मुजम्मिल गनई के मोबाइल फोन से प्राप्त डंप डेटा से पता चला है कि उसने और उमर ने इस वर्ष जनवरी में लाल किले क्षेत्र की भी कई बार रेकी की थी। ये रेकी गणतंत्र दिवस पर इसको निशाना बनाने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा थी। लेकिन उस समय कड़ी सुरक्षा के कारण सफल नहीं हो पाई।

दिल्ली लाल किला आतंकवादी कार विस्फोट की छानबीन से आ रही जानकारियों ने पूरे देश में भय और सनसनाहट पैदा की हुई है। अभी तक की जानकारियां बता रही हैं कि अगर आतंक का यह मॉड्यूल सफल हो गया होता तो देश में जगह-जगह अनगिनत विस्फोट होते और उसमें होने वाली मानवीय एवं संपत्तियों की क्षति का तो आकलन भी नहीं किया जा सकता। सच कहें तो आतंकवाद के दौर की शुरुआत से अब तक पूरे देश में विध्वंस पैदा करने का यह सबसे बड़ा तंत्र सामने आया है। बताया गया है कि विस्फोट के लिए 32 कारों की व्यवस्था थी, जिनमें से कई बरामद हो चुकी हैं। इन कारों के अलावा अलग-अलग तरीकों से भी विस्फोटों की तैयारी थी। उनकी तैयारियों का एक उदाहरण देखिए। कार विस्फोट में आत्मघाती बने उमर उन नबी के जम्मू कश्मीर अनंतनाग के काजीगुंडा से गिरफ्तार साथी जसीर बिलाल वानी उर्फ दानिश से पता चला है कि हमास द्वारा 7 अक्टूबर, 2023 को इजराइल पर किए गए ड्रोन और रॉकेट से हमला की पुनरावृत्ति करने की भी तैयारी थी। उसे छोटे ड्रोन हथियार बनाने और उन्हें मॉडिफाई करने का तकनीकी अनुभव है। उसने डॉ. उमर को तकनीकी मदद दी और वह भीड़भाड़ वाले इलाके में ड्रोन से बम गिराने की योजना को साकार करने के लिए ड्रोन और रॉकेट बनाने की कोशिश कर रहा था।

विस्फोट में इस्तेमाल कार खरीदने के लिए दिल्ली आया राशिद अली भी जम्मू कश्मीर का रहने वाला है। वास्तव में अब तक की छानबीन हमें कई पहलुओं पर गंभीरता से विचार करने को भी विवश करती है। अभी तक इस भयानक आतंकवादी मॉड्यूल में छह ऐसे सम्मिलित डॉक्टर गिरफ्तार किए गए हैं, जिनका दिमाग चिकित्सा में अच्छा करने की जगह मजहब के नाम पर हमला हत्या और विध्वंस पैदा करने की दिशा में ही लगा था। श्रीनगर का रहने वाला एक अन्य संदिग्ध डॉ. निसार फरार है। वह डॉक्टर्स एसोसिएशन ऑफ कश्मीर का अध्यक्ष भी है। जम्मू-कश्मीर सरकार ने डॉ. निसार को बर्खास्त कर दिया है। इन्होंने अचानक कार विस्फोट नहीं किया, बल्कि पहले से कोशिश चल रही थी। 6 दिसंबर को अयोध्या से लेकर अनेक स्थलों पर विस्फोट करने और उसके बाद इसकी शृंखला कायम रखने की तैयारी थी। अलफलाह यूनिवर्सिटी से गिरफ्तार डॉ. मुजम्मिल गनई के मोबाइल फोन से प्राप्त डंप डेटा से पता चला है कि उसने और उमर ने इस वर्ष जनवरी में लाल किले क्षेत्र की भी कई बार रेकी की थी। ये रेकी गणतंत्र दिवस पर इसको निशाना बनाने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा थी। उस समय क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के कारण ये ऐसा नहीं कर सके। उच्च शिक्षित होने के कारण ये किस तरह हर प्रकार की तकनीक को समझ कर उसका उपयोग कर पाते थे इसका प्रमाण भी देखिए। उमर उन नबी, डॉ. मुजम्मिल गनई और डॉ. शहीन शाहिद ने स्विट्जरलैंड के 'थ्रीमा' नाम के एन्क्रिप्टेड ऐप से बातचीत की थी। इसी ऐप के जरिए वे धमाके की योजना, नक्शे सहित आवश्यक दस्तावेज व जानकारियां साझा कर रहे थे। थ्रीमा ऐप फोन नंबर या ईमेल के बिना काम करता है और हर यूजर को एक यूनिक आईडी देता है, जिससे उसका पता लगाना मुश्किल हो जाता है। हम और आप में से कितने लोगों ने थ्रीमा ऐप का नाम सुना है



या उपयोग किया है? पता नहीं अभी इसमें और क्या-क्या जानकारियां सामने आएंगी। डॉक्टर बनने वाला कोई व्यक्ति छात्र के रूप में थोड़ा मेधावी तो होगा ही। इमरान मसूद जैसे नेता इनको भटका हुआ बता दें या हुसैन दलवई जैसे मुस्लिम नेता कहें कि चुनाव के पहले ही विस्फोट क्यों होता है, यह कहा जाए कि आप इसको इस्लामी आतंकवाद ना कहिए तो क्या उत्तर दिया जा सकता है? पुलिस की छानबीन में उनके पहले किसी अपराधी से संपर्क आदि की भी जानकारी नहीं है। एक डॉक्टर को समाज में इज्जत मिलती है और उसकी गतिविधियों पर सहसा संदेश नहीं किया जा सकता। आखिर कानपुर में किसने सोचा होगा कि डॉक्टर शाहीन शाहिद जैश ए मोहम्मद की इतनी बड़ी आतंकवादी होगी और उसके पास एक-47 जैसा हथियार होगा? सामने आया है कि धमाके के लिए 20 से 25 लख रुपये इकट्ठा करने में उसकी प्रमुख भूमिका थी, इसमें हरियाणा और पंजाब से लेकर दिल्ली, गुजरात, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश तक आसानी से लोग आतंकवादी बन जाते हैं तो इसका कारण समझने के लिए अंतरिक्ष विज्ञानी होना आवश्यक नहीं है। बगैर स्थानीय और परिवार के लोगों के सहयोग के इतना बड़ा तंत्र खड़ा हो ही नहीं सकता। फरीदाबाद के धौज मस्जिद के इमाम इश्तियाक और सिरोही मस्जिद के इमाम इमामुद्दीन अगर आतंकवाद इस्लाम का काम या जिहाद मानकर उनकी मदद कर रहे थे तो क्यों? इन्होंने मिलकर पूरी अलफलाह यूनिवर्सिटी को ही आतंकवाद के बड़े केंद्र में बदल दिया। पठानकोट से गिरफ्तार डॉक्टर रईस अहमद भी पहले अलफलाह यूनिवर्सिटी में काम करता था। इसी तरह हापुड़ के जीएस मेडिकल कॉलेज से गिरफ्तार डॉक्टर फारूक अहमदार अल-फलाह यूनिवर्सिटी में सीनियर रेजिडेंट रह चुका है। वह जम्मू-कश्मीर के बीरवाह जिले के बड़गांव, वीरिपुरा के रहने वाला है। डॉ मुजम्मिल जब विस्फोटक जमा कर रहा था तो किसी ने उसको टोका तक नहीं। पुलिस को बताया गया कि जब उससे पूछा तो कहा कि खेती का खाद रख रहे हैं और इसे जम्मू-कश्मीर ले जाना है। जब मजहब के चेहरे इमाम तक इसमें शामिल हों तो रोक-टोक होगी कहां से। डॉ उमर नबी के मोबाइल को तोड़ कर फेंकने वाला परिवार ही था। एनआईए को उसके भाई ने बताया कि डॉ उमर नबी यहां आया था और उसने कहा था कि अगर मेरे बारे में कोई समाचार आए तो मोबाइल को नष्ट करके पानी में फेंक देना और हमने फेंक दिया। क्या भाई और परिवार ने उससे नहीं पूछा कि कौन सा समाचार आएगा? क्या समाचार आने के बाद उनका दायित्व नहीं था कि पुलिस के पास मोबाइल पहुंचाएं? आखिर उसने तो अपने को उड़ा लिया था और उसे बचाने की भी समस्या नहीं थी? इसी तरह डॉक्टर शाहीन के भाई डॉ परवेज की भूमिका अभी तक संदिग्ध मानी जा रही है। सीसीटीवी फुटेज बता रहे हैं कि उमर नबी धमाके से पहले हरियाणा के मेवात गया था। फिरोजपुर झिरका टोल प्लाजा फुटेज में उसकी कार दिखाई दी, जिसमें विस्फोटक सामग्री भरी हुई थी। यह फुटेज 10 नवंबर की सुबह, यानी धमाके वाले दिन की है। जांच में पता चला है कि मेवात क्षेत्र गुरुग्राम, नूंह और आसपास से ही 20 क्विंटल से ज्यादा अमोनियम नाइट्रेट खरीदा गया था। विस्फोटक में इस्तेमाल की गई खाद भी उमर ने मेवात से ही खरीदी थी। स्वयं को कार में उड़ाने के पूर्व उमर नबी का मेवात जाना, होटल में भोजन करना, काफी देर तक रुकना आदि के कोई निहितार्थ हैं या नहीं? अभी एक मॉड्यूल हमारे सामने आया है। निश्चित मानिए ऐसे कई मॉड्यूल देश के अलग-अलग जगहों में सक्रिय होकर साजिशों को अंजाम देने में संलिप्त होंगे। किसी तरह वे कुछ करने में सफल हुए या साजिश अंजाम देने के पहले पकड़े गए तब भी सामूहिक प्रतिक्रिया ऐसी ही होगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मंथन
अरविंद जयतिलक




# अरुणाचल पर फिर चीन की गिद्ध दृष्टि

चीन अपनी नापाक हरकतों से बाज आने को तैयार नहीं है। उसने जिस तरह शंघाई एयरपोर्ट पर भारतीय नागरिक पेमा वांग थोंगडोक से बदसलूकी करते हुए उनके पासपोर्ट इनवैलिड किए और प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि चीन ने भारत द्वारा अवैध रूप से स्थापित तथाकथित अरुणाचल प्रदेश को कभी मान्यता नहीं दी है, बेहद आपत्तिजनक और रिश्तों में खटास पैदा करने वाला है। यह उचित है कि भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस मसले पर कड़ा रुख अपनाते हुए चीन को दो टूक सुना दिया है कि अरुणाचल भारत का अभिन्न अंग है। विचार करें तो यह पहली बार नहीं है जब चीन ने अरुणाचल के मसले पर हंगामा खड़ा करने की कोशिश की है। याद होगा कि पिछले वर्ष उसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अरुणाचल दौरे के दौरान सेला टनल की शुरुआत पर ऐतराज जताया था। तब भी विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उसके कुतर्क को बेतुका और हास्यास्पद् बताते हुए उसे आईना दिखा दिया था और कहा था कि अरुणाचल भारत का एक स्वाभाविक हिस्सा है। बहरहाल चीन की कुटिल मंशा से साफ है कि वह भारत के साथ सीमा विवाद सुलझाना नहीं चाहता है। उसके इस असंवेदनशील रुख के कारण ही 1976 से चला आ रहा सीमा विवाद किसी तार्किक नतीजे पर नहीं पहुंच सका है और टकराव होता रहा है। वह मैकमोहन रेखा को भी स्वीकारने को तैयार नहीं है, जबकि ब्रिटिश भारत और तिब्बत ने 1913 में शिमला समझौते के तहत अंतरराष्ट्रीय सीमा के रूप में मैकमोहन रेखा का निर्धारण किया था। गौर करें तो इस सीमा रेखा का निर्धारण हिमालय के सर्वोच्च शिखर तक जाता है। वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी की वास्तविक स्थिति भी कमोवेश यही है। इस क्षेत्र में हिमालय प्राकृतिक सीमा का निर्धारण नहीं करता, क्योंकि यहां से अनेक नदियां निकलती और सीमाओं को काटती हैं। वर्तमान स्थिति यह है कि दोनों देश एलएसी पर निगरानी कर रहे हैं। ऐतिहासिक संदर्भों में जाए तो तिब्बत, भारत और बर्मा की सीमाओं का ठीक से रेखांकन नहीं होने से अक्टूबर, 1913 में शिमला में अंग्रेजी सरकार की देखरेख में चारों देशों के अधिकारियों की बैठक हुई। इस बैठक में तिब्बती प्रतिनिधि ने स्वतंत्र देश के रूप में प्रतिनिधित्व किया और भारत की अंग्रेजी सरकार ने उसे उसी रूप में मान्यता दी। आधुनिक देश के रूप में भारत के पूर्वोत्तर हिस्से की सीमाएं रेखांकित न होने के कारण दिसंबर 1913 में दूसरी बैठक शिमला में हुई और अंग्रेज प्रतिनिधि जनरल मैक मोहन ने तिब्बत, भारत और बर्मा की सीमा को रेखांकित किया। आज के अरुणाचल का तवांग क्षेत्र मैकमोहन द्वारा खींची गयी रेखा के दक्षिण में होता था। इसलिए तिब्बती सरकार बार-बार उसपर अपना दावा करती रही। भारत और चीन के बीच विवाद की वजह अक्साई चिन और अरुणाचल प्रदेश की संप्रभुता भी है। पश्चिमी सेक्टर में अक्साई चिन का लगभग 3800 वर्ग किमी भू-भाग चीन के कब्जे में है। अक्साई चिन जम्मू-कश्मीर के उत्तर-पूर्व में विशाल निर्जन इलाका है। इस क्षेत्र पर भारत का अपना दावा है। लेकिन नियंत्रण चीन का है। दूसरी ओर पूर्वी सेक्टर में चीन अरुणाचल प्रदेश के 90 हजार वर्ग किमी पर अपना दावा कर उसे अपना मानता है। अरुणाचल प्रदेश से चुने गए किसी भारतीय सांसद को वीजा नहीं देता है। भारत की मनाही के बावजूद भी वह कश्मीर के लोगों को स्टेपल वीजा जारी करता रहा है। साथ ही पाकिस्तान से गलबहियां कर वह भारतीय संप्रभुता को भी चुनौती भी परोसता है। चीन की यह साजिश भारत के लिए चिंता का शबब इसलिए है कि यह नया पुल वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी से महज 20 किलोमीटर दूर है। गौरतलब है कि चीन पहले ही पैंगोंग झील पर एक पुल का निर्माण कर चुका है। चीन की बढ़ती आक्रामकता और दुस्साहस को देखते हुए अब उचित होगा कि भारत भी चीन के साथ पूर्व की किसी स्वीकारोक्ति से बंधा न रहे। इसलिए कि चीन जम्मू-कश्मीर और अरुणांचल प्रदेश दोनों पर अपनी कुदृष्टि गड़ाए है। याद होगा गत वर्ष पहले उसने प्रस्ताव रखा था कि भारत अगर अरुणाचल प्रदेश के तवांग इलाके को उसे सौंप देता है तो वह बदले में अक्साई चीन का इलाका दे सकता है। लेकिन भारत ने उसके प्रस्ताव को ठुकरा दिया। जम्मू-कश्मीर में उसकी दुस्साहसपूर्ण गतिविधियां इसलिए चिंता पैदा करने वाली है कि पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर का आंगन उसके लिए खोल दिया है। उसी का नतीजा है कि इस्लामाबाद से चीन के उरुमची तक आवागमन तेज हो गया है। उचित होगा कि अब भारत बीजिंग-इस्लामाबाद के नापाक गठजोड़ का मुंहतोड़ जवाब दे। इसलिए भी कि आज दुनिया भारत के साथ है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं ये उनके अपने विचार हैं।)

## सजगता से दूर होती है चिंता



संकलित
दर्शन

जब तुम चिंता का अनुभव करो, बहुत चिंताग्रस्त हो जाओ, तब इस विधि का प्रयोग करो। इसके लिए क्या करना होगा? जब साधारणतः तुम्हें चिंता घेरती है, तब तुम क्या करते हो? तुम उसका हल ढूंढ़ते हो। उसके उपाय खोजते हो। लेकिन ऐसा करके तुम और भी चिंताग्रस्त हो जाते हो। तुम उपद्रव को बढ़ा लेते हो, क्योंकि विचार से चिंता का समाधान नहीं हो सकता है। विचार के द्वारा चिंता का विसर्जन नहीं हो सकता है, क्योंकि विचार स्वयं एक तरह की चिंता है। यह विधि बहुत आसान है। यह कहती है कि चिंता के साथ कुछ मत करो। सिर्फ सजग हो जाओ। मैं तुम्हें एक दूसरे जेन गुरु बोकोजू के संबंध में एक पुरानी कहानी सुनाता हूं। वह एक गुफा में अकेले रहते थे, बिल्कुल अकेले। लेकिन दिन में या कभी-कभी रात में भी वह जोरों से कहता थे, 'बोकोजू'। यह उनका अपना नाम था। और फिर वह खुद कहते, 'हां महोदय, मैं मौजूद हूं।' जबकि वहां कोई दूसरा नहीं होता था। उनके शिष्य उससे पूछते थे, 'क्यों आप अपना ही नाम पुकारते हैं और फिर खुद कहते हैं, हां, मैं उपस्थित हूं?' बोकोजू ने कहा, 'जब भी मैं विचार में डूबने लगता हूं तो मुझे सजग होना पड़ता है। इसीलिए मैं अपना नाम पुकारता हूं। जिस क्षण मैं बोकोजू कहता हूं और कहता हूं कि हां महाशय, मैं मौजूद हूं, उसी क्षण विचारणा, चिंता विलीन हो जाती है।' फिर अपने अंतिम दिनों में, आखिरी दो-तीन वर्षों में उन्होंने कभी अपना नाम नहीं पुकारा और न ही यह कहा कि हां, मैं मौजूद हूं। तब शिष्यों ने पूछा, 'गुरुदेव, अब आप ऐसा क्यों नहीं करते?' बोकोजू ने कहा, 'अब बोकोजू सदा मौजूद रहता है।

## सिद्धियों का उचित प्रयोग ही करें



संकलित
प्रेरणा

चार विद्वान ब्राह्मण मित्र थे। एक दिन चारों ने संपूर्ण देश का भ्रमण कर हर प्रकार का ज्ञान अर्जित करने का निश्चय किया। चारों ब्राह्मणों ने चार दिशाएं पकड़ीं और अलग-अलग स्थानों पर रहकर अनेक प्रकार की विद्याएं सीखीं। पांच वर्ष बाद चारों अपने गृहनगर लौटे और एक जंगल में मिलने की बात तय की। चूंकि चारों परस्पर एक-दूसरे को अपनी गूढ़ विद्याओं व सिद्धियों को बताना चाहते थे, अतः इसके लिए जंगल से उपयुक्त अन्य कोई स्थान नहीं हो सकता था। जब चारों जंगल में एक स्थान पर एकत्रित हुए तो वहां उन्हें शेर के शरीर की एक हड्डी पड़ी हुई मिली। एक ब्राह्मण ने कहाः मैं अपनी विद्या से इस एक हड्डी से शेर का पूरा अस्थि पंजर बना सकता हूँ। उसने ऐसा कर भी दिखाया। तब दूसरे ब्राह्मण ने कहाः मैं इसे त्वचा, मांस और रक्त प्रदान कर सकता हूँ। फिर उसने यह कर दिया। अब उन लोगों के समक्ष एक शेर पड़ा था, जो प्राणविहीन था। अब तीसरा ब्राह्मण बोलाः मैं इसमें अपनी सिद्धि के चमत्कार से प्राण डाल सकता हूँ। चौथे ब्राह्मण ने उसे यह कहते हुए रोकाः यह मूर्खता होगी। हमें तुम पर विश्वास है, किंतु यह करके न दिखाओ। किंतु तीसरे ब्राह्मण का तर्क था कि ऐसी सिद्धि का क्या लाभ जिसे क्रियान्वित न किया जाए। उसका हठ देखकर चौथा ब्राह्मण तत्काल पास के पेड़ पर चढ़कर बैठ गया। तीसरे ब्राह्मण के मंत्र पढ़ते ही शेर जीवित हो गया। प्राणों के संचार से शेर को आहार की आवश्यकता महसूस हुई और उसने सामने मौजूद तीनों ब्राह्मणों को मारकर खा लिया। चौथे ब्राह्मण ने समझदारी से अपने प्राण बचा लिए।

## सटाका




## आज की पाती

### शादियों में धन और अन्न बर्बाद न करें

त्योहारों के साथ-साथ अब शादियों का मौसम भी शुरू हो गया है। हमारे देश में शादी समारोह में भी फिजूलखर्ची लोक दिखावे के लिए होने लगी है। लोक दिखावे के लिए लोग अपने पैर चादर से बाहर भी पसार देते हैं। कुछ समय पहले शादियों में फिजूलखर्ची को रोकने के लिए केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री रह चुकी कृष्णा तीरथ ने सुझाव दिया था कि उनके अनुसार चाय और नमकीन में भी फेरे लेकर विवाह की रस्म निभाई जा सकती है। इसके लिए लाखों रुपए फूंकने की क्या जरूरत है। जो कि बहुत ही सराहनीय है। अमीर लोगों को तो लाखों रुपए खर्च करने से तो कोई फर्क नहीं पड़ता है।

– **महेश त्यागी**, जगदलपुर

## ट्रेंड

### हार्दिक संवेदनाएं

चक्रवात दित्वा के कारण अपने प्रियजनों को खोने वाले श्रीलंका के लोगों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। मैं सभी प्रभावित परिवारों की सुरक्षा और शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। भारत संकट की इस घड़ी में श्रीलंका के साथ मजबूती से खड़ा है।



- **नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### सशक्तिकरण को बढ़ावा

असम में मुसलमान समुदाय लगभग 20-30 विधानसभा सीटों की विजय तय करता है, लेकिन कई दशकों तक असम में मुस्लिम बहनें विधायक नहीं बन सकीं। बहुविवाह और बाल विवाह को रोककर हम इनके सशक्तिकरण को बढ़ावा देना चाहते हैं।



- **हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### लोकतंत्र से धोखाधड़ी

एसआईआर लोकतंत्र के साथ धोखाधड़ी है। जनता जागरुक हो। आज वोट काटा जा रहा है, कल को खेत-जमीन-मकान-राशन-जाति-आरक्षण से नाम काटा जाएगा। फिर बात खातों और मध्यम वर्ग के लॉकर तक पहुंच जाएगी।



**-अखिलेश यादव, सपा सांसद**

### मेरी प्रकृति ही ऐसी

मैं एक ही चीज बार-बार नहीं करना चाहता। मेरी व्यक्तिगत प्रकृति ही ऐसी है कि मैं अलग-अलग कहानियां चुनता हूं और मैं हमेशा उसी चीज पर काम करता हूं, जो मुझे व्यक्तिगत तौर पर उत्साहित करती है।



**-आमिर खान, अभिनेता**

## करंट अफेयर

### थाईलैंड में बाढ़ से मरने वालों की संख्या 145 तक पहुंची


दक्षिणी थाईलैंड में बाढ़ से मरने वालों की संख्या कम से कम 145 तक पहुंच गई है और पानी का स्तर घटने से पूरे क्षेत्र में तबाही साफ नजर आ रही है। यह जानकारी अधिकारियों ने शुक्रवार को दी। आपदा निवारण और न्यूनीकरण विभाग ने शुक्रवार को बताया कि 12 दक्षिणी प्रांतों में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ से 12 लाख से ज्यादा परिवार और 36 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। सरकारी प्रवक्ता सिरीपोंग अंगकासाकुलकियात ने बैंकाक में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बाढ़ से आठ प्रांतों में 145 लोगों की मौत हो गई है। सोंगखला प्रांत में कम से कम 110 लोगों की मौत हो गई है। उन्होंने कहा कि बाढ़ का पानी कम होने के साथ ही तलाशी और बचाव अभियान में सफलता मिल रही है। सोंगखला प्रांत में पानी का स्तर कम होने के बाद मृतकों की संख्या में बढ़ोतरी दर्ज की गई। समाचारों के अनुसार राहतकर्मी उन आवासीय इलाकों तक पहुंचने में सफल रहे जो पहले पानी में डूबे हुए थे। अब वहां से बड़ी संख्या में लोगों के शव निकाले गए हैं। इनमें दक्षिण का सबसे बड़ा शहर हात याई प्रमुख है। आपदा विभाग ने शुक्रवार सुबह बताया कि अधिकांश प्रभावित क्षेत्रों में पानी का स्तर कम हो गया है, हालांकि कुछ स्थानों पर जलस्तर अब भी ऊंचा बना हुआ है। मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि दक्षिण में बारिश कम हो गई है, लेकिन कुछ इलाकों में गरज के साथ बारिश होने की चेतावनी दी गई।



## ऑफ बीट

### रंगीन चावल वास्तव में क्या स्वास्थ्यवर्धक है?

चावल की 40,000 से अधिक विभिन्न किस्में हैं – जो इस मुख्य फसल की विविधता और अनुकूलनशीलता का प्रमाण है। चावल, अन्य अनाजों की तरह, एक घास के पौधे का खाने योग्य स्टार्चयुक्त दाना है।सफेद चावल की तुलना में, भूरा चावल एक साबुत अनाज है जिसमें केवल अखाद्य बाहरी छिलका हटा दिया जाता है। सफेद चावल बनाने के लिए अनाज का चोकर (बाहरी आवरण) हटा दिया जाता है। भूरे चावल में, चोकर और मगज़ (अनाज का मूल) बरकरार रहते हैं, जिससे इस प्रकार के चावल को इसका भूरा रंग और उच्च फाइबर सामग्री मिलती है। भूरे चावल में स्वाभाविक रूप से सफेद चावल की तुलना में अधिक पोषक तत्व होते हैं, जिसमें आहार फाइबर की दोगुनी मात्रा और फोलिक एसिड सहित काफी अधिक मैग्नीशियम, लौह, जस्ता और बी समूह विटामिन शामिल हैं। ब्राउन राइस में पॉलीफेनोल्स और फ्लेवोनोइड्स भी होते हैं, यह ऐसे एंटीऑक्सिडेंट हैं, जो शरीर को तनाव से बचाते हैं। इसे अक्सर लंबे अनाज के विकल्प के रूप में बेचा जाता है और इसमें काले और लाल चावल की किस्मों के समान पौष्टिक स्वाद होता है, हालांकि कुछ रसोइयों का सुझाव है कि इसकी बनावट थोड़ी अलग होती फैंसी काला चावल।



**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलेक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# सनातन धर्म का संरक्षण ही सनातनियों की सेवा है: स्वामी रामकृष्ण आचार्य

**भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. नितेश शर्मा को समाज सेवा के क्षेत्र में योगदान के लिए किया सम्मानित**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर एवं आदिवासी बाल कल्याण एवं संस्कृत शिक्षा समिति, रायसेन के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय ज्ञान परंपरा में संतों का योगदान विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन शुक्रवार को हुआ। यह संगोष्ठी ब्रह्मऋषि देवराहा बाबा की स्मृति में की जा रही है। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी के संरक्षण में आयोजित हो रही है। उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में आचार्य चंद्रशेखर शर्मा, पूर्व प्रचारक, भोपाल, संस्थापक, ब्रह्मर्षि देवराहा बाबा लोकसेवा आश्रम, स्वामी रामकृष्णा आचार्य वेदांती महाराज, भोपाल, मुख्य अतिथि जितेंद्र पवार, क्षेत्र संगठनमंत्री, विश्व हिंदू परिषद, छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश, विशिष्ट वक्ता डॉ. जागेश्वर पटले, प्रांत संगठन मंत्री, मध्य भारत, संस्कृत भारती उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भोपाल परिसर के निदेशक प्रो. हंसधर झा ने की। मुख्य वक्ता आचार्य चंद्रशेखर शर्मा, पूर्व प्रचारक ने कहा कि भारत संतों की धरती है। महान ऋषियों के योगदान ने इस धरती को पवित्र बनाया है। मुख्यअतिथि जितेन्द्र पंवार ने अपने वक्तव्य में कहा कि हमारी भारतीय परंपरा में संतों के महत्त्व एवं उनके योगदान को हमें प्रेरणा के रूप में ग्रहण करना चाहिए। सभी के सुख में विश्वास और विश्व कल्याण की भावना हमारी परंपरा रही है।

### ब्रह्मऋषि देवराहा बाबा की स्मृति में आयोजन

स्वामी रामकृष्णा आचार्य वेदांती महाराज ने कहा कि यह आयोजन ब्रह्मऋषि देवराहा बाबा की स्मृति में किया जा रहा है और यह परिसर इस कार्य के लिए अत्यंत उपयुक्त है, क्योंकि यह संस्कृत की सेवा एवं हमारी परंपरा के संरक्षण का केंद्र है। विशिष्ट वक्ता डॉ. जागेश्वर पटले ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी परंपरा को सहेज कर रखना हम सभी का दायित्व है और नई पीढ़ी को इस कार्य के लिए जागरूक करना और ज्ञान देना आवश्यक है। भारतीय ज्ञान और परंपरा का स्थान विश्व में श्रेष्ठ और अग्रणी है।

### भारतीय ज्ञान और परंपरा को सुरक्षित रखें

प्रो. हंसधर झा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा ऐसी परंपरा है, जिसने भौतिक और आध्यात्मिक दोनों पक्षों को एक साथ जोड़कर मानव जीवन को श्रेष्ठ बनाने का मार्ग है। यह वैज्ञानिक सोच नैतिक मूल्यों और संपूर्ण मानव जाति के कल्याण की भावना पर आधारित है। हम सभी का दायित्व है कि भारतीय ज्ञान और परंपरा को सुरक्षित रखें। डॉ. अवधेश कुमार श्रोत्रिय कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय दरभंगा, बिहार एवं डॉ. नरेश शर्मा, ज्योतिष विभाग अध्यक्ष महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय, कैथल, हरियाणा को आचार्य वराहमिहिर राष्ट्रीय पुरस्कार तथा डॉ. नितेश शर्मा भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक मध्यप्रदेश तथा डॉ. विद्या राम शर्मा असिस्टेंट प्रोफेसर बदायूं, समाज गौरव राष्ट्रीय पुरस्कार उत्तर प्रदेश, महा मंडलेश्वर 1008 राम भूषणजी महाराज को ब्रह्मर्षि देवरहा बाबा राष्ट्रीय पुरस्कार दिए गए। राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र वाचन के दो सत्रों में लगभग 50 शोधपत्रों का वाचन किया गया, जिसमे प्रमुख रूप से व्याकरण,ज्योतिष, दर्शन, कंप्यूटर, गणित, राजनीति, साहित्य आदि विषयों से संबंधित शोध पत्रों का वाचन हुआ। इस संगोष्ठर में लखनऊ, नासिक, मन्दसौर, उज्जैन, रायसेन, ग्वालियर, बदायू आदि स्थानों से आए विद्वानों ने शोधपत्रों का वाचन किया। उद्घाटन सत्र में अतिथियों के प्रति कृतज्ञता रूपाली ने ज्ञापित की एवं संचालन कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अवधेश श्रोत्रिय ने किया।

## खबर संक्षेप

### अभियुक्तगण के आवेदन निराकृत, 10 को सुनवाई

**भोपाल।** यूनियन कार्बाइड कारखाना की 2/3 दिसंबर 1984 की रासायनिक दुर्घटना के मामले के आरोपी किशोर कामदार, जे. मुकुंद और सत्यप्रकाश चौधरी की ओर से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव के न्यायालय में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा- 464 के अंतर्गत प्रस्तुत किए गए आवेदन को 70 पेशी तारीखों में सुनवाई के पश्चात प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने अपने 78 पृष्ठों के आदेश में आवेदन को लबित रखते हुए लिखा है कि अभियुक्तगण की ओर से प्रस्तुत किए गए आवेदन पर आदेश अपील की अंतिम सुनवाई के दौरान ही किया जा सकता है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने प्रकरण को अंतिम तर्क प्रस्तुत किए जाने के लिए 10 दिसंबर की सुनवाई तारीख नियत की है। लगभग 2 वर्ष से लंबित इन आवेदनों पर करीब 70 पेशी तारीखों में बचाव पक्ष और अभियोजन के अधिवक्ताओं द्वारा विस्तृत बहस प्रस्तुत की गई थी।

### रिश्वत ले रहा कॉन्स्टेबल धक्का देकर भागा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के टीकमगढ़ में लोकायुक्त की टीम को एक कॉन्स्टेबल चकमा देकर भाग गया। कॉन्स्टेबल कार में बैठकर रिश्वत ले रहा था और लोकायुक्त की टीम बाहर खड़ी थी। लेकिन जैसे ही लोकायुक्त टीम ने आरक्षक को पकड़ने के लिए कार का गेट खोला, तो आरक्षक धक्का देकर भाग गया। लोकायुक्त टीम आरक्षक को पकड़ने के लिए पीछे भागी, लेकिन सिर्फ आरक्षक की जैकेट ही हाथ लग पाई और आरक्षक फरार हो गया। टीकमगढ़ कोतवाली थाने में पदस्थ आरक्षक पंकज यादव के खिलाफ अंकित तिवारी नाम के फरियादी ने सागर लोकायुक्त कार्यालय में रिश्वत मांगने की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के मुताबिक फरियादी अंकित तिवारी पर टीकमगढ़ कोतवाली थाने में एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ था। अब अंकित तिवारी को कोतवाली से जमानत नोटिस भरवाने के लिए रिश्वत की मांग की जा रही थी।

### बस से दो बाइकों को कुचला, चार घायल

**भोपाल।** इंदौर-उज्जैन रोड पर शुक्रवार शाम शुक्ला ब्रदर्स की बस से बड़ा हादसा हो गया। यह बस भाजपा विधायक गोलू शुक्ला के परिवार की है, जो बाणेश्वरी ट्रेवल्स के नाम से चल रही थी। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। भीड़ ने बस में जमकर तोड़फोड़ कर दी। बस के ड्राइवर और क्लीनर को पीटा। सांवेर पुलिस के मुताबिक हादसा शाम करीब साढ़े चार बजे हुआ। बस में सवार यात्री सुरक्षित बाहर निकाल लिए गए। पुलिस ने बस को जब्त कर घायलों को अस्पताल भिजवाया है। हादसे के तुरंत बाद लोगों ने बस पर पथराव कर दिया। इस दौरान यात्रियों को लोगों ने तुरंत बाहर निकालकर सुरक्षित किया।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 0538 | | |
| दिन: | 136 | 09 | 234 |
| रात: | 468 | 86 | 259 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 368 | 71 | 155 |
| रात: | 677 | 00 | 145 |

हबीबगंज पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर 70 लाख का माल बरामद किया

# अरेरा कॉलोनी में आर्किटेक्ट के घर काम करने वाले नौकर ही निकले चोर, तीनों आरोपी दबोचे

**बुक शेल्फ के बीच में बने गुप्त लॉकर से हीरे, सोने-चांदी के जेवर समेत लाखों का कैश चोरी कर आरोपी भागे थे गुना**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अरेरा कॉलोनी में आर्किटेक्ट (वास्तुकार) के घर चोरी उनके ही नौकरों ने की थी। पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो बदमाश उनके घर की निगरानी करने वाले हैं। पुलिस ने इनके पास से चोरी किया गया करीब 70 लाख रुपए का माल बरामद कर लिया। चोरी की योजना वर्तमान में उनके घर की निगरानी कर रहे नौकर ने पूर्व में रहे केयर टेकर के साथ बनाई थी। वारदात के बाद आरोपी गुना भाग गए। पूर्व केयर टेकर को आर्किटेक्ट के घर पर बुक शेल्फ के बीच बने गुप्त लॉकर की जानकारी थी। पुलिस उन्हें रिमांड में लेकर पूछताछ कर रही है।

पुलिस के मुताबिक, ई-7 अशोका सोसाइटी अरेरा कॉलोनी निवासी 56 वर्षीय मनीष ब्यौहार आर्किटेक्ट हैं। वर्तमान में वह परिवार के साथ मुंबई में रह रहे हैं। काम पड़ने पर बीच-बीच में भोपाल आते-जाते रहते हैं। 15 जुलाई को वह अपने घर में बुक सेल्फ के बीच बने गुप्त लॉकर में हीरे, सोने-चांदी के जेवरात, कैश रखकर मुंबई चले गए थे। 22 नवंबर को भोपाल वापस आए तो देखा कि उनके लॉकर से जेवर, कैश गायब था। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। हबीबगंज पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों की पहचान में जुटी। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले। जिसमें वर्ष 2023 में उनके घर पर केयर टेकर रहा सोहित नामदेव उर्फ कल्लू दिखा। संदेह के आधार पर दुर्गा नगर कॉलोनी गुना से सोहित नामदेव उर्फ कल्लू को पुलिस ने पकड़ा। उसने पूछताछ में बताया कि उसने अपने साथी रवि सोनी के साथ 29 जुलाई को मनीष ब्यौहार के घर में चोरी की थी। रवि सोनी ने बताया कि वह अपने बड़े भाई राजू सोनी के साथ ईश्वर नगर में रहता था। सोहित उर्फ कल्लू भी अपने रिश्तेदार के घर ईश्वर नगर में ही निवास कर रहा था। घटना के बाद से ही दोनों भोपाल छोड़कर फरार हो गए। रवि सोनी ने बताया कि चोरी के बाद उसने अपने बड़े भाई राजू सोनी को 2 लाख रुपए दिए थे।



**चोरी के पैसे से आईफोन खरीदा, नकदी भी खर्च की**

राजू को मिले चोरी के 2 लाख रुपए में उसने एक आईफोन खरीद लिया था। पुलिस ने आईफोन जब्त कर लिया है। इसके साथ ही रवि और सोहित से सोने के बिस्किट, चूड़िया, चेन समेत 3 लाख रुपए नकदी बरामद की गई है। पुलिस ने दावा किया कि करीब 70 लाख रुपए का माल आरोपियों के पास से अब तक बरामद हो चुका है। थाना प्रभारी संजीव चौकसे ने बताया कि बदमाशों ने कुछ नकदी खाने-पीने में खर्च कर दी है। उनसे चोरी की अन्य वारदातों को लेकर पूछताछ की जा रही है।

### सोहित को थी घर में गुप्त लॉकर की जानकारी

गुना निवासी आरोपी रवि सोनी फरवरी 2024 से आर्किटेक्ट के निवास पर केयरटेकर के रूप में अपने रिश्तेदार विक्की सोनी के साथ दिन के समय मकान की देखरेख करता था। पूर्व में केयर टेकर के रूप में ब्यौहार के घर काम कर चुका सोहित उर्फ कल्लू उसका पूर्व परिचित है। आरोपी सोहित उर्फ कल्लू ने आर्किटेक्ट के घर के केयरटेकर के रूप में कार्य करते समय उनके घर में बने गुप्त लाकर को खोलते देख लिया था। जिसकी जानकारी आरोपी सोहित उर्फ कल्लू ने वर्तमान में केयरटेकर के रूप में कार्य कर रहे रवि सोनी को बताकर चोरी करने की साजिश रची। 29 जुलाई को आरोपी रवि सोनी ने दिन में साथी केयर टेकर विक्की सोनी के साथ ड्यूटी के दौरान मकान के प्रथम तल का दरवाजा खोल दिया था। उसी दिन रवि रात में सोहित उर्फ कल्लू के साथ मिलकर घर की बाउन्ड्री और रेलिंग के सहारे मकान के प्रथम तल में पहुंचे। लॉकर वाले कमरे में जाकर चोरी कर चंपत हो गए।

**रवि का आपराधिक रिकॉर्ड:** रवि सोनी का आपराधिक रिकॉर्ड है। उसके खिलाफ गुना कोतवाली में दो अपराध, शाहपुरा थाने में पूर्व के अपराध हैं। चोरी के बाद वह नौकरी में आता रहा। जिससे की पुलिस को शक नहीं हो कि उसने चोरी कराई है। पुलिस ने जब फुटेज में सोहित को देखा तब कड़ियां जुड़ सकीं। सोहित ने सख्ती से पूछताछ करने पर खुलासा कर दिया। इसके बाद पुलिस ने रवि को दबोचा। आर्किटेक्ट ने रवि को बिना पुलिस वेरीफिकेशन के रखा था।

भोपाल में आईएसबीटी से किया रवाना

## बैरसिया को उपलब्ध कराए मैजिक वाहन, साइकिल रिक्शा, हैंडकार्ट



**बैरसिया को एक अतिरिक्त जोन मानकर प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी को बनाया नोडल अधिकारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगर निगम ने शुक्रवार को बैरसिया नगर पालिका को स्वच्छता और बेहतर कचरा प्रबंधन के लिए 4-मैजिक वाहन, 4 साइकिल रिक्शा और 5 हैंडकार्ट मुहैया करवाए हैं। आईएसबीटी परिसर में महापौर मालती राय, विधायक विष्णु खत्री, निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने बैरसिया नगर पालिका के अधिकारियों को संसाधन सौंपे और वाहनों को हरी झंडी दिखाकर बैरसिया के लिए रवाना किया।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में कमजोर प्रदर्शन करने वाले शहरों को नजदीकी शहरों के साथ बनाई गई स्वच्छ शहर जोड़ी के तहत भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा भोपाल एवं बैरसिया की स्वच्छ शहर जोड़ी बनाई गई है, जिसके तहत नगर निगम, भोपाल द्वारा स्वच्छता संबंधी विभिन्न गतिविधियों में लगातार सहयोग किया जा रहा है।

बैरसिया में स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन की व्यापक व्यवस्थाओं को बेहतर करने के लिए भोपाल नगर निगम के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी को स्वच्छ शहर जोड़ी के तहत नोडल अधिकारी भी बनाया गया है और भोपाल शहर के 21 जोनों की तरह बैरसिया को भी एक अतिरिक्त जोन मानकर कार्य कर रहे हैं, ताकि भोपाल भी स्वच्छता की दिशा में आगे बढ़े और बैरसिया को स्वच्छता में सुधार के लिए सहयोग किया जा सके। इस अवसर पर पार्षद राकेश यादव, अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग सहित नगर निगम, भोपाल, नगर पालिका बैरसिया के अधिकारी भी मौजूद थे।

## गुरु तेग बहादुरजी के 350वें शहीदी पर्व पर सजा दीवान

**कीर्तनकार ने कीर्तनों से श्रद्धालुओं को किया मुग्ध**

धार्मिक आयोजन में गुरु का अटूट लंगर वरता गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज



गुरुद्वारा भजनगढ़ संत बाबा संतोख सिंह जी में गुरु तेग बहादुरजी का 350वां शहीदी पर्व मनाया गया। गुरुजी के शहीदी पर्व कार्यक्रम में शुक्रवार को सुबह 11 बजे दीवान सजा।

तत्पश्चात प्रसिद्ध कथा वाचक जगजीत सिंह (जीते भैया) ने गुरूजी के शहीदी पर्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे सनातन धर्म की रक्षा करना सब से बड़ा पुण्य कार्य हैं।

धर्म की रक्षा करते हुए गुरु तेग बहादुरजी शहीद हो गए। कथा के बाद कीर्तनकार ने कीर्तनों से सभी को मुग्ध कर दिया। भोपाल से आए ज्ञानी गुरभेज सिंहजी ने विचार रखें। गुरुघर के वजीर भाई भगवान सिंहजी ने अरदास की। इसके बाद प्रसाद वितरण एवं गुरु का अटूट लंगर वरता गया। वहीं बाल गोपालों में उत्साह दिखाई दिया। शहीदी पर्व कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुरजीत सिंह बिल्ले, त्रिलोचन सिंह बिट्टू, देवेंद्र सिंह राजू, मनजीत सिंह, लखविंदर सिंह लक्की, सुरजीत सिंह गिल, पवनजोत सिंह, लक्ष्मण सिंह नायक, बल्लू अरोरा आदि उपस्थित रहे।

## फैक्ट्री की आड़ में 30 करोड़ की 70 किलो से अधिक एमडी बनाने के केमिकल जब्त

◆ खेत पर बने मकान में नशीला पदार्थ बनाने के कारखाने का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश पुलिस की नारकोटिक्स विंग की सजगता की वजह से नाकाम साबित हो रहे हैं। नारकोटिक्स प्रकोष्ठ नीमच ने शुक्रवार को ग्राम लसूड़िया, हस्तमुरार थाना रामपुरा, जिला नीमच में खेत पर बने मकान पर दबिश देकर एमडी बनाने के कारखाने का भंडा फोड़ कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ एमडी 2 किलो 700 ग्राम ठोस एवं 16 किलो लिक्विड अवस्था में, करीब 70 किलो से अधिक एमडी बनाने के केमिकल तथा अन्य सामग्री भी जब्त की है। जब्त मादक पदार्थ एमडी तथा एमडी बनाने की सामग्री की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 30 करोड़ रुपए से अधिक है।

### नारकोटिक्स विंग ने नीमच से तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

एडीजी केपी वेंकटेश्वर राव ने बताया कि खेत पर बने मकान पर दबिश देकर तीन आरोपी निरंजन दायमा, निवासी खेड़ी, थाना मनासा, अर्जुन गरासिया तथा रमेश गरासिया, निवासी लसूड़िया, थाना रामपुरा को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ एमडी 2 किलो 700 ग्राम ठोस एवं 16 किलो लिक्विड अवस्था में तथा करीब 70 किलो से अधिक एमडी बनाने के केमिकल तथा अन्य सामग्री तीन मोटर साइकिल, तीन मोबाइल फोन भी जब्त किए। एमडी, केमिकल अन्य सामग्री सहिम सहित पुलिस ने लगभग 30 करोड़ रुपए की सामग्री जब्त की है।

डीएफओ ने किया सम्मान

## डिप्टी रेंजर भारती ने उत्कृष्ट प्रदर्शन से हासिल किए दो रजत पदक



**औबेदुल्लागंज।** बिनेका रेंज की डिप्टी रेंजर भारती लोधी को अखिल भारतीय वन खेलों में मैराथन दौड़ एवं मध्य प्रदेश की कला, संस्कृति विरासत के प्रदर्शन में रजत पदक मिला। रजत पदक मिलने पर औबेदुल्लागंज वन मंडल के अधिकारी हेमंत कुमार रैकवार ने उनका सम्मान किया। इस अवसर पर एसडीओ निकुंज पांडे, रेंजर प्रशांत खरे, रेंजर शिवकुमार गुर्जर, बिनेका वन मंडल हेडक्वार्टर के रेंजर कार्तिकेय शुक्ला ने भारती लोधी बधाई दी।

जनपद सदस्यों का आरोप: पंचायत के कार्यों की नहीं दी जाती सूचना

## गौहरगंज और तामोट में सड़क, शौचालय आवास निर्माण कार्यों में अनियमितताएं

**गुणवत्ताहीन निर्माण से उखड़ गई सड़कें निर्माण राशि रोकी**


हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

पंचायत गौहरगंज और तामोट में विकास कार्य में हो रही गड़बड़ी की अब जांच होगी। शुक्रवार को जनपद के एसडीओ उमाकांत आर्य ने बताया कि गौहरगंज में तीन नई निर्माण सड़कों के निर्माण कार्य गुणवत्ता विहीन थे। उसे रोका और सड़क के काम के 6 लाख रुपए भी रोके गए। गौहरगंज में जनप्रतिनिधि और अधिकारी की मिली भगत से पुराने कार्य को नया बताकर राशि निकाली जा रही है। राजकुमार पटेल, बाबूलाल ने बताया कि गौहरगंज और तामोट का सचिव एक है। गौहरगंज और तामोट में सड़कें उखड़ रही है। सड़कों में दरारें पड़ रही है।

### प्रधानमंत्री आवास निर्माण की जांच होगी

**ऑडिट रिपोर्ट से खुलेंगे राज**

पंचों एवं वकील, भाजपा के नेताओं ने बताया कि गौहरगंज पंचायत में जर्जर नालियों की सफाई नहीं होती है। जगह-जगह कचरे का ढेर लगा है। गौहरगंज और तामोट पंचायत के सीसी रोड, नाली निर्माण कार्य, पौधरोपण, कचरा गड्ढा शौचालय निर्माण, खेत मेड़ बंधान, आंगनबाड़ी शाला व पंचायत भवन किचन शेड, प्रधानमंत्री आवास निर्माण में धांधली की उच्च अधिकारी से जांच हो। सचिव को सस्पेंड कर लोकायुक्त या आर्थिक अपराध शाखा से जांच हो। गौहरगंज और तामोट की पंचायत की ऑडिट रिपोर्ट की जांच हो।



### नालियों की हालत भी खराब

जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, जनपद सदस्य रूपेश चौहान, गौहरगंज के जनपद सदस्य ज्योति मैथिल ने बताया कि पंचायत में जनपद सदस्यों को बैठक में बुलाया नहीं जाता है। न पंचायत के कार्यों की सूचना नहीं देते हैं। गौहरगंज और तामोट पंचायत में सड़कों और नालियों की हालत खराब है। जनपद के एसडीओ उमाकांत आर्य ने बताया कि गौहरगंज और तामोट की गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य की शिकायत मिली है। मैंने कार्य को रुकवाया और लागत के 6 लाख रुपए भी रोक दिए हैं। शोकॉज नोटिस दिया गया है। जनपद सीईओ निखिलेश कटारे ने फोन पर बताया कि भ्रष्टाचार सहन नहीं करूंगा। गुणवत्ताहीन सड़क, नालियां निर्माण की उच्च स्तर पर जांच कराऊंगा। शौचालय और प्रधानमंत्री आवास निर्माण की भी जांच होगी।

## 20 लीटर अवैध हाथभट्टी और 42 पाव प्लेन अवैध शराब की जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

शुक्रवार को सुल्तानपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित होटल एवं ढाबों पर दबिश दी गई। रायसेन में ग्राम सईदपुर भीलाडिया में में 8 प्रकरण में 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई में 20 लीटर अवैध हाथभट्टी शराब, 42 पाव प्लेन अवैध शराब जब्त की गई। लगभग 300 किलो महुआ लहान सैंपल लेकर मौके पर नष्ट किया गया। कार्रवाई में निरीक्षक रविन्द्र अहिरवार, सुनील मीना, शैलेन्द्र भील, गौरव भद्रसेन का योगदान रहा। यह कार्रवाई कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशन और सहायक आयुक्त आबकारी दीपक अवस्थी के आदेश से सहायक जिला आबकारी अधिकारी शहनाज कुरैशी के नेतृत्व में औबेदुल्लागंज एवं बरेली की संयुक्त टीम ने की।

### कुलपति चौबे के साथ सिंगर सदानंद, कमेंटेटर आकश चोपड़ा ने व्यक्त किए विचार

# संस्कृति, सिनेमा, कौशल, कला, साहित्य और क्रिकेट पर विशेष सत्रों के नाम रही विश्वरंग की अनोखी छटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्वरंग टैगोर अंतरराष्ट्रीय साहित्य महोत्सव के दूसरे दिन विश्वरंग के महानिदेशक और रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधापति संतोष चौबे ने अपने वक्तव्य में कहा कि कला, साहित्य, संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए मप्र सरकार एवं मुख्यमंत्री के लगातार प्रयासों को रेखांकित किया और बताया कि रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के अंतर्गत विश्वरंग भी इसी दिशा में लगातार कार्य कर रहा है। इस दौरान विश्वरंग की फिल्म दिखाई गई और विश्वरंग से संबंधित साहित्य प्रदान किया गया। मंगलाचरण-आवाहन एवं वंदना विश्व रंग के द्वितीय दिवस का शुभारंभ अत्यंत भव्यता और आध्यात्मिक सौम्यता के साथ हुआ।

### ध्रपद संस्थान के कलाकारों की प्रस्तुतियों से शुभारंभ

कार्यक्रम का आरंभ ध्रपद संस्थान के कलाकारों द्वारा तानपुरे की सुरीली करतल-ध्वनियों, और मनोहर सरगम के साथ अत्यंत भव्य रूप से हुआ। कलाकारों ने सर्वप्रथम राग भोपाली जो कि एक पेंटाटोनिक राग है जैसी मधुर रचना प्रस्तुत की। इसके बाद कलिंद राग की जिसने की सभागार में सुर-माधुरी हो उठा। उन्होंने राग यमन और राग केदार का गायन किया जिससे सभागार की पवित्रता और बढ़ गई। कार्यक्रम की उल्लेखनीय सफलता और गरिमामय संचालन की सराहना के लिए उमा कांत गुमदेचा को विशेष रूप से आमंत्रित कर उनका सम्मान किया गया।



पूर्व रंग के अंतर्गत पूर्वी राज्यों के नृत्यों की प्रस्तुति देते कलाकार।

### 'पोहा-जलेबी खाकर ही मंच पर आया हूं: वारिकू

विश्व रंग के नए दौर के नए कौशल सत्र में स्टार्टअप गुरु, मोटिवेशनल स्पीकर, कंटेंट क्रिएटर और छह पुस्तकों के लेखक अंकुर वारिकू मंच पर पहुंचे। सिद्धार्थ चतुर्वेदी के साथ हुए इस 40–45 मिनट के संवाद ने हंसध्वनि सभागार को ऊर्जा से भर दिया। वारिकू ने मंच संभालते ही अपनी शैली में भोपाल और मध्यप्रदेश की गर्मजोशी की तारीफ के साथ शुरुआत की। उन्होंने मुस्कराते हुए कहा- 'पोहा-जलेबी खाकर ही मंच पर आया हूं, और भोपाल हर बार मुझे घर जैसा लगता है।' उन्होंने बताया कि पिछले साल वे 15 दिन परिवार के साथ मध्यप्रदेश घूमते रहे- इंदौर, सतपुड़ा, ओरछा, पचमढ़ी, भोपाल और ये प्रदेश वाकई देश के दिल जैसा है।


समारोह में गीत संगीत की प्रस्तुति देते कलाकार।

### संगीत ऐसी शक्ति जो हमें रोजमर्रा की चिंताओं से दूर ले जाती है: किरकिरे

' शब्दों की दुनिया, ज़िंदगी का संगीत' शीर्षक वाला यह सत्र प्रसिद्ध गीतकार, लेखक, गायक और कवि स्वानंद किरकिरे द्वारा प्रस्तुत किया गया।



अपनी गहरी और संवेदनशील लेखन शैली के लिए जाने जाने वाले किरकिरे ने इस सत्र में शब्दों, संगीत और जीवन के बीच के संबंध को सरल और प्रेरणादायक तरीके से समझाया। यह सत्र अत्यंत रोचक, ज्ञानवर्धक और रचनात्मक अनुभवों से भरपूर था। स्वानंद किरकिरे ने अपने प्रसिद्ध गीत "बावरा मन" पर बताया कि यह गीत मानव मन की बेचैनी, जिज्ञासा को दर्शाता है।

### डिजिटल युग में भी कला की भूमिका कमजोर नहीं

समानांतर सत्रों की जानकारी अशोक भौमिक ने गोया–पिकासो के चित्रों से समझाया युद्ध का सच युद्ध और युद्ध-विरोधी चित्रकला" विषय पर एक प्रभावशाली और दुर्लभ शैक्षणिक सत्र आयोजित किया गया। वरिष्ठ चित्रकार, कला आलोचक और साहित्यकार अशोक भौमिक ने युद्ध की त्रासदी और कला के मानवीय स्वरूप पर गहन विचार व्यक्त किए। वहीं, सुमन कुमार सिंह, जानी एम.एल., और जय प्रकाश त्रिपाठी ने युद्ध-विरोधी कला की समकालीन आवश्यकता पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

## एआई के खतरे, भाषा, तकनीक, चेतना और सांस्कृतिक संकट जैसे मुद्दे प्रमुख रूप से उभरे



एआई युग में मनुष्य की चेतना पर संकट और भाषा के क्षरण पर सवाल विश्व रंग के दूसरे दिन के उद्‌घाटन सत्र ने साहित्य, कला, समाज और 21वीं सदी की जटिलताओं को समझने का एक अर्थपूर्ण अवसर दिया। मंच पर प्रसिद्ध चिंतक नंदकिशोर आचार्य और विश्वरंग के महानिदेशक संतोष चौबे मौजूद थे। दोनों के बीच लगभग आधे घंटे चली इस परिचर्चा में एआई के खतरे, भाषा, तकनीक, मनुष्य की चेतना, हिंसा और भविष्य के सांस्कृतिक संकट जैसे मुद्दे प्रमुख रूप से उभरे। संतोष चौबे ने एआई के दौर पर गहरी चिंता जताते हुए भाषा और मानवीय चेतना के क्षरण पर बात की।

### जो सही है, वही संभव है

'नंदकिशोर आचार्य ने अपनी दृष्टि रखते हुए कहा कि एआई कितना भी प्रभावी हो, अंतिम जिम्मेदारी मनुष्य की चेतना की है।
'समाधान उन्हीं के पास है जो निर्णय लेते हैं, लेकिन असली शक्ति मनुष्य की सजगता में है। यदि मनुष्य स्वयं सोच रहा है, अपने दिमाग का कार्य खुद कर रहा है, तो कोई तकनीक उसे विस्थापित नहीं कर सकती।' आचार्य ने एआई को एक 'दूसरे प्रकार के अस्तित्व के रूप में देखा, जिसका उपयोग आवश्यकता और उसकी सीमाओं के भीतर ही होना चाहिए।

## हिंदी ने मुझे घर घर तक पहुंचाया : आकाश

दिन का तीसरा प्रमुख सत्र क्रिकेटर एवं प्रसिद्ध कॉमेंटेटर आकाश चोपड़ा का रहा। इस दौरान उनके साथ चर्चा के लिए स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी मौजूद रहे। इस दौरान आकाश चोपड़ा ने हिंदी कॉमेंट्री के महत्व पर बात करते हुए कहा कि हिंदी ने उनको घर घर तक पहुंचाया है। वे कहते हें - हिंदी में बात है क्योंकि हिंदी में जज्बात है। आगे वे कहते हैं कि बतौर कमेंटेटर यह महत्वपूर्ण है कि वह उस समय के इमोशन को इस तरह बता पाएं कि वह लोगों तक ठीक से पहुंच सके। कार्यक्रम में उनकी किताब पर भी चर्चा की गई। वे कहते हैं कि क्रिकेट पर किताब लिखना इस लिए जरूरी है, क्योंकि लेखन जरिए जब हम पिछले इतिहास को समझते है उसी की वजह से आज को महत्व दे पाते हैं।


कमेंटेटर आकाश चोपड़ा से बात करते डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी।

## अपने काम को एंजॉय करना सीख लिया तो फिर दबाव भी साथी बन जाता है...

हरिभूमि चर्चा

### मशहूर अभिनेत्री दिव्या दत्ता ने हरिभूमि से साझा किए अपनी सफलता के मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मशहूर अभिनेत्री विश्वरंग में हिस्सा लेने शुक्रवार को भोपाल आईं। इस दौरान उन्होंने हरिभूमि से भी अपनी फिल्मी जिंदगी में सफलता के कुछ मंत्र साझा किए। उन्होंने हरिभूमि को बताया कि फिल्मों का दबाव और बदलती इंडस्ट्री फिल्मों का दबाव कैसा होता है वह सहजता से कहती हैं अपने काम को एंजॉय करना सीख लिया तो दबाव भी साथी बन जाता है। लुधियाना,पंजाब में जन्मी दिव्या दत्ता बचपन से ही एक अलग चमक लेकर बड़ी हुईं। घर में डॉक्टरों का माहौल था अनुशासन, पढ़ाई और बड़े सपने। लेकिन दिव्या के सपने अलग थे। वह तो हमेशा से अमिताभ बच्चन की बहुत बड़ी फैन रहीं और अभिनय की चमकती दुनिया उन्हें पुकारती थी। मुम्बई पहुंचकर उनकी असली जंग शुरू हुई। कई बार रिजेक्ट हुई। लेकिन उनके अंदर एक अडिग विश्वास था जिस चीज़ के लिए आप सच में चाहें, आप उसी में ढल जाते हैं। दिव्या की जिंदगी का मंत्र है:"एक ही ज़िंदगी है जो करना है, आज और अभी कर लो।



### अब कैमरे के पीछे और आगे-हर जगह महिलाएं

वह मानती हैं कि आज के समय में कमर्शियल होना भी जरूरी है और ओटीटी पर दिखना भी। 90 के दशक में जब दिव्या इंडस्ट्री में आई थीं, तब फिल्म सेटों पर महिलाओं की संख्या उंगलियों पर गिनी जाती थी। आज वह गर्व से कहती हैं,"अब कैमरे के पीछे और आगे—हर जगह महिलाएं हैं।"यह बदलाव देखना उनके लिए खुशी और संतोष का पल है। दिव्या के घरवालों ने हमेशा उन पर विश्वास किया।

### काम के लिए एक भूख होनी चाहिए

काम के लिए एक भूख होनी चाहिए एक ऐसी भूख जो आपको चैन से बैठने न दे। अभिनय ही उनका पहला प्यार था, और जब उन्हें 'दिल्ली-6' में जलेबी वाले रोल जैसी बारीक, खूबसूरत भूमिकाएं मिलीं, तो वह अपने किरदार में ऐसे घुल गईं मानो उसमें सांसें ही डाल दी हों। दिव्या कहती हैं, एक्टर एक जिंदगी में कई ज़िंदगियां जी लेता है बस अपने किरदार में खो जाइए। "हर फिल्म, हर भूमिका उन्हें अपने बारे में कुछ नया सिखाती है चाहे वह गहरी संवेदना हो या मजबूती, चाहे नारीत्व की परतें हों या समाज का आइना।

## पंचायत मेरी ज़िंदगी का सबसे बड़ा मोड़, इस शो के बाद ही मेरी पहचान बदली

### फैसल मालिक ने हरिभूमि से साझा की संघर्ष, सपनों और सफलता की प्रेरक कहानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल से अपनी यात्रा शुरू करने वाले अभिनेता फैसल मालिक ने विश्वरंग महोत्सव में हरिभूमि से अपनी ज़िंदगी के संघर्षों, उम्मीदों और सफलता की अनकही बातें साझा कीं। उन्होंने बताया कि जब उन्होंने अभिनय शुरू किया, तब आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं थी, पर वही दौर उनके जीवन का सबसे सुनहरा समय साबित हुआ, जब पैसा नहीं था, बस सिनेमा देखते थेवही स्ट्रगल टाइम सबसे अच्छा था।
फैसल मालिक ने लोकप्रिय वेब सीरीज़ पंचायत को अपनी ज़िंदगी का सबसे बड़ा मोड़ बताया। उन्होंने कहा कि इस शो के बाद उनकी पहचान बदली, उन्होंने बताया कि चंदन कुमार और दीपक मिश्रा, जो पंचायत के लेखक और निर्देशक हैं, उनकी यात्रा में अहम साथी हैं। फैसल कहते हैं कि वह हमेशा अपने अभिनय को बेहतर बनाने के लिए अभिनेता रणदीप हुड्डा से प्रेरणा लेते हैं।



### मैं बचपन में खूब पिटा हूं

फैसल ने मज़ाकिया लहजे में कहा कि डब्लू बबलू जैसे किरदारों पर भी एक सीरीज़ बननी चाहिए। उन्होंने भोपाल और मप्र को लेकर कहा कि आने वाले समय में यहां के लोग बेहतरीन फिल्में बनाएँगे बस धैर्य रखना होगा। बचपन को याद करते हुए उन्होंने हँसते हुए स्वीकार किया मैं बचपन में खूब पिटा हूं स्कूल में भी। फैसल ने कहा कि आम इंसान की तरह उन्हें भी कई बार जीवन में ऐसा लगता था कि सब छोड़कर वापस लौट जाएँ। मुंबई में शुरुआती संघर्षों के दौरान कई बार मन टूटता था, लेकिन दोस्तों ने हमेशा हौसला बढ़ाया।

### भोपाल और आसपास से बेहतरीन फिल्में निकलेंगी

उन्होंने कहा कि मैने कैमरा, लाइट और एडिटिंग सब सीखा, लेकिन अंत में पाया कि मेरी जिंदगी बस एक्टिंग के लिए है।"कहानियों को वे सबसे ताकतवर मानते हैं। उनका विश्वास है कि भविष्य में भोपाल और आसपास के इलाकों से बेहतरीन कहानियां और फिल्में निकलेंगी। फैसल मालिक की यह पूरी बातचीत उनके संघर्ष, आत्मविश्वास और ज़मीन से जुड़े व्यक्तित्व की झलक देती है जो आज भी उन्हें लोगों के दिलों में बसाए हुए है।

### मलेशिया में किया भारत का प्रतिनिधित्व

## डॉ. जागृति बनीं मिसेज क्लासिक यूनिवर्स एलीट कैटेगरी की विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मलेशिया के कुआलालम्पुर में आयोजित मिसेज क्लासिक यूनिवर्स कॉम्पिटीशन में शहर की सेंट्रल इंडिया क्वीन विजेता डॉ. जागृति अग्रवाल ने एलीट कैटेगरी में खिताब जीतकर देश का गौरव बढ़ाया। डॉ. जागृति यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला बनी हैं।

शुक्रवार को पत्रकारों से चर्चा में डॉ. जागृति और पेजेंट इंडिया प्रमुख फराह अनवर ने बताया कि यह कॉम्पिटीशन 17 से 23 नवंबर तक आयोजित हुआ, जिसमें 30 से अधिक देशों की 35 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। फराह अनवर ने इसे भारतीय नारी शक्ति, संकल्प और सौंदर्य का अंतरराष्ट्रीय मंच पर शानदार प्रदर्शन बताया। डॉ. जागृति इससे पहले भी छह विभिन्न ब्यूटी टाइटल जीत चुकी हैं, लेकिन यह खिताब उनके करियर का सबसे प्रतिष्ठित सम्मान माना जा रहा है।


डॉ. जागृति अग्रवाल

### दोस्त की प्रेरणा से रखा फैशन जगत में कदम

डॉ. जागृति ने बताया कि दिसंबर 2024 में एक मित्र से प्रेरणा लेकर उन्होंने फैशन और पेजेंट की दुनिया में कदम रखा। उनके परिवार और पति का निरंतर सहयोग उनकी सबसे बड़ी ताकत रहा। कॉस्ट्यूम और लुक्स डिजाइनिंग में आन्सी नाइडू, अल्पा रावल, ज्योति परिहार और ज़ूबी ने अहम भूमिका निभाई।

## उत्कृष्ट अदाकारी से मंटों के 'मम्मद भाई' ने जीत लिया दर्शकों का दिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तीन दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य समारोह का शुक्रवार को शुभारंभ किया गया,उद्‌घाटन सत्र में साहित्य, रंगमंच और संस्कृति जगत से जुड़े बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति ने समारोह को यादगार बना दिया। पहले दिन 'मम्मद भाई' का दमदार मंचन समारोह की शुरुआत सआदत हसन मंटो की चर्चित कहानी 'मम्मद भाई' के नाट्य रूपांतरण से हुई। वहीं मुख्य भूमिका में अमित तिवारी आनंद और निर्देशन में योगेंद्र विक्रम सिंह ने मंच पर कहानी को जीवंत कर दिया। कलाकारों की उत्कृष्ट अदाकारी, संवादों की दृढ़ता और भावनाओं की सहज अभिव्यक्ति ने दर्शकों को पूरी प्रस्तुति के दौरान बांधे रखा। कहानी के माध्यम से समाज का दर्पणमंटो की यह कहानी समाज के दोहरे चरित्र और पाखंड पर करारी टिप्पणी करती है। प्रभावशाली व्यक्तित्व वाला मम्मद भाई जिससे लोग डरते भी हैं और मदद भी लेते हैंआज के समाज की उस विडंबना को सामने लाता है, जहां अच्छाई और बुराई अक्सर धुंधली पड़ जाती हैं। नाटक दर्शकों को सोचने पर मजबूर करता है कि समाज में हमारी वास्तविक पहचान क्या है और हम अपने उद्देश्य पूरे करने के लिए कितनी दूर तक जा सकते हैं। भोपाल के रंगकर्मियों, छात्रों और साहित्य प्रेमियों ने प्रस्तुति की खुलकर तारीफ की।



मंच पर प्रस्तुति देते अभिनेता अमित तिवारी।


एलुमनाई मीट में एंजॉय करते पूर्व छात्र।

## मिलेनियम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में पूर्व छात्रों की एलुमनाई मीट

**भोपाल।** मिलेनियम ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स, भोपाल में गत सप्ताह एलुमनाई मीट मिलाप का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें 2007 से 2020 के बैच के पूर्व छात्र बड़ी संख्या में शामिल हुए। वर्षों बाद अपने साथियों से मिलकर सभी के चेहरों पर उत्साह और पुरानी यादों की चमक साफ दिखाई दी। कार्यक्रम में संगीतमय संध्या का विशेष आयोजन किया गया, जहां छात्रों ने पुराने दिनों को याद करते हुए गीत, हँसी और खुशी के पलों का आनंद लिया। संस्थान द्वारा तैयार किया गया 'यादगार फ़ोटो फ्रेम' एलुमनाई को बेहद पसंद आया और उन्होंने इसे अपनी यादों का खूबसूरत हिस्सा बताया। मिलेनियम ग्रुप के चेयरमैन इंजीनियर विनोद यादव ने सभी पूर्व छात्रों से मिलकर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि अपने छात्रों को आज विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित, सफल और नेतृत्व की भूमिकाओं में देखकर गर्व महसूस होता है।

■ जुड़े 2007 से 2020 तक के छात्र

छतरपुर के पत्रकार उत्पीड़न कांड पर किताब का लोकार्पण

## आंचलिक पत्रकारिता की चुनौतियां अधिक, सामाजिक संरक्षण की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माधवराव सप्रे स्मृति समाचार पत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान परिसर में शुक्रवार को आंचलिक पत्रकारिता पर विमर्श हुआ। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार और बायोपिक फ़िल्म निर्माता राजेश बादल की पुस्तक गोलियों के सामने अडिग कलम का लोकार्पण हुआ।
मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार और प्रेस कौंसिल के पूर्व सदस्य तथा एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के पूर्व महासचिव प्रकाश दुबे थे। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार एनके सिंह थे। अध्यक्षता संस्थान के संस्थापक संयोजक पद्मश्री विजय दत्त श्रीधर ने की। कार्यक्रम में छतरपुर से आए वरिष्ठ पत्रकार श्याम अग्रवाल को पत्रकारिता में उनके 50 साल पूरे होने पर सम्मानित किया गया। उनके अलावा छतरपुर के वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र अग्रवाल, अजय दोसाज, राकेश शुक्ला और सेवानिवृत आईएएस एलएस बघेल, एडवोकेट श्याम सुंदर श्रीवास्तव का भी सम्मान किया गया।



### विहान ड्रामा वर्क्स के थ्योरिक्स 22वें सत्र में बाउल संगीत की अनूठी गूंज

## बंगाल की जीवंत पारंपरिक लोक-धुनों ने सभागार में भरी आध्यात्मिक ऊर्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विहान ड्रामा वर्क्स की सतत कला-विमर्श श्रृंखला थ्योरिक्स के 22वें सत्र में शुक्रवार की शाम आरुषि इंडिया कैंपस, शिवाजी नगर में बंगाल के बाउल और लोक संगीत की अनूठी प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम ने न केवल शहर में एक खास सांगीतिक माहौल रचा, बल्कि बंगाल की सदियों पुरानी लोक आध्यात्मिक परंपरा को भी करीब से जानने का अवसर दिया।

सत्र का संचालन अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त दोतारा वादक सुभब्रत सेन ने किया। उनके साथ शांति निकेतन की लोकगायिका ऋतुपर्णा बनर्जी और युवा तालवादक दिपांजन कांजी मंच पर उपस्थित रहे। तीनों कलाकारों ने मिलकर सहजिया, सूफियाना और बंगाल की जीवंत लोक परंपराओं से जुड़े गीत प्रस्तुत किए, जिनकी धुनों ने सभागार में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक ऊर्जा भर दी।


प्रस्तुति देते हुए कलाकार।

### बंगाल का लोक संगीत और बाउल गान

कार्यक्रम के दौरान सुभब्रत सेन ने अपने शोधकार्य 'दोतारियन' के नौ वर्षों की यात्रा, दोतारा वाद्य की संरचना और आधुनिक स्वरूप,भारत और विदेशों में हुए उनके संगीत-सहयोगों पर विस्तार से विचार साझा किए। विशेष वार्ता बंगाल का लोक संगीत और बाउल गान में लोक परंपराओं की जड़ों, उनके बदलते स्वरूप और समकालीन समय में उनकी महत्ता पर गहन चर्चा हुई। मंच लंबे समय से कलाकारों, शोधकर्ताओं, थिएटरकर्मियों और विद्यार्थियों के बीच रचनात्मक संवाद का केंद्र रहा है। 22वां सत्र भी इसी परंपरा को आगे बढ़ाता हुआ भोपाल के सांस्कृतिक परिदृश्य में एक यादगार जोड़ बन गया।

## ओबीसी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट की लटकी तलवार

# महाराष्ट्र में कुछ उम्मीदवारों को जीतकर भी झेलनी पड़ सकती है हार

## 2 दिसंबर को पहले चरण में 246 नगर परिषदों और 42 नगर पंचायतों के लिए होगा मतदान, 1 करोड़ से ज्यादा मतदाता वोट डालेंगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन, भाजपा, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी, पहली बार स्थानीय चुनावों की बड़ी परीक्षा से गुजरने जा रहा है। 2 दिसंबर को पहले चरण में 246 नगर परिषदों और 42 नगर पंचायतों के लिए मतदान होगा। 1 करोड़ से ज्यादा मतदाता वोट डालेंगे। लेकिन सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने महाराष्ट्र लोकल बॉडीज में ओबीसी रिजर्वेशन को चुनौती देने वाली रिट पिटीशन पर सुनवाई करते हुए ये आदेश दिया है। इन सीटों पर हो सकता है कि कुछ उम्मीदवारों को जीतकर भी हारना पड़ सकता है या उन्हें जीत का स्वाद चखने से वंचित रहना पड़ सकता है क्योंकि जिन सीटों पर आरक्षण रद्द होगा, वहां जीते उम्मीदवार को विजेता होने के सुख से वंचित होना पड़ सकता है।

### 57 स्थानीय निकायों में 50 फीसदी से ज्यादा आरक्षण

सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा है कि जिन 57 स्थानीय निकायों में 50 फीसदीसे ज्यादा आरक्षण दिया गया है, उनके नतीजे अंतिम फैसले के बाद ही मान्य होंगे। कोर्ट पहले भी चेतावनी दे चुका है कि आरक्षण सीमा टूटने पर चुनाव रद्द भी हो सकते हैं। राज्य चुनाव आयोग ने स्वीकार किया है कि सीमा टूट चुकी है। यानी राजनीति के साथ एक कानूनी असमंजस भी चुनाव पर मंडरा रहा है।



### समाज को जाति की रेखाओं में नहीं बांटना चाहिए

सुनवाई के दौरान आयोग के वकील ने कोर्ट को यह भी बताया कि राज्य में केवल दो महानगरपालिकाएं ऐसी हैं, जहां आरक्षण 50 प्रतिशत से ऊपर जाने की संभावना है। इस पर अदालत ने कहा कि इनके चुनाव भी अधिसूचित किए जा सकते हैं, लेकिन इनके परिणाम भी रिट याचिकाओं के नतीजों से प्रभावित होंगे। सुनवाई के दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने एक अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि हम जो भी करें, समाज को जाति की रेखाओं में नहीं बांटना चाहिए।

### स्थानीय निकाय चुनाव दिसंबर 2021 से अटके

महाराष्ट्र में ओबीसी आरक्षण की वजह से स्थानीय निकाय चुनाव दिसंबर 2021 से अटके हुए हैं। दिसंबर 2021 में, सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी आरक्षण पर यह कहते हुए रोक लगा दी थी कि इसे 'ट्रिपल-टेस्ट' को पूरा करने के बाद ही लागू किया जा सकता है। राज्य सरकार ने लोकल बॉडी चुनावों में ओबीसी रिज़र्वेशन के मुद्दे की जांच के लिए मार्च 2022 में जयंत कुमार बंठिया कमीशन का गठन किया था। बंठिया आयोग ने जुलाई 2022 में अपनी रिपोर्ट दी थी।

### बंठिया कमीशन की रिपोर्ट से पहले के कानून के हिसाब से चुनाव का दिया था निर्देश

मई 2025 में, कोर्ट ने बंठिया कमीशन की रिपोर्ट से पहले के कानून के हिसाब से ओबीसी रिज़र्वेशन देकर चार महीने के अंदर चुनाव कराने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने कहा कि राज्य के अधिकारियों ने इस आदेश का गलत मतलब निकाला है कि रिज़र्वेशन 50फीसदी से ज़्यादा हो सकता है। यह साफ़ करते हुए कि बंठिया से पहले की स्थिति के हिसाब से चुनाव कराने का निर्देश 50 प्रतिशत की लिमिट पार करने की इजाज़त नहीं है।

### महाराष्ट्र में एमवीएम मान रही इससे अपना फायदा

हिंगोली में भाजपा विधायक तानाजी मुतकुले और शिवसेना विधायक संतोष बांगड़ के बीच खुला टकराव राजनीतिक माहौल और गरमा रहा है। महाविकास आघाड़ी इसे फायदा मान रही है। उनकी उम्मीद है कि गठबंधन की अंदरूनी लड़ाई वोट काटेगी और मुकाबला बहुकोणीय होगा, जिससे एमवीए को फायदा मिल सकता है।

---

## खबर संक्षेप

### दिल्ली सरकार ने '120 बहादुर' को टैक्स-फ्री किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने कुमाऊं रेजिमेंट की चार्ली कंपनी के पराक्रम पर बनी फिल्म '120 बहादुर' को टैक्स-फ्री घोषित किया। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि यह 1962 के भारत-चीन युद्ध में रेजांग ला की लड़ाई में 120 सैनिकों के साहस को दर्शाती है। सीएम रेखा ने कहा कि यह मेजर शैतान सिंह भाटी के नेतृत्व को दिखाती है।



### कार पर पलटा डंपर 7 की दर्दनाक मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। इसमें 7 की दर्दनाक मौत हो गई। सहारनपुर के सैय्यद माजरा गांव का रहने वाला परिवार कार से कहीं जा रहा था। जैसे ही कार एक्सप्रेसवे पर पहुंची,तभी देहरादून की दिशा से तेज रफ्तार में खनिज से भरा डंपर कर पर पलट गया।



### चिराग की तबीयत बिगड़ी, एयरपोर्ट से लौटे

**पटना।** लोजपा रामविलास के स्थापना दिवस के मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान दिल्ली से पटना आने के लिए दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे लेकिन तबीयत खराब होने के कारण वापस आवास पर लौट गए। इसके बाद चिराग पासवान ने दिल्ली से ही ऑनलाइन रजत दिवस समारोह को संबोधित किया।



### कांग्रेस के विधायक पर यौन उत्पीड़न का केस

**पलक्कड़।** केरल की पलक्कड़ सीट से विधायक राहुल ममकूटाथिल की मुश्किलें बढ़ गई हैं। कांग्रेस से निलंबित विधायक के खिलाफ पुलिस ने महिला का यौन उत्पीड़न करने और गर्भपात के लिए मजबूर करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें शिकायत सौंपी थी।

---

## कर्नाटक के उडुपी में बोले प्रधानमंत्री मोदी, गीता के ज्ञान को बखाना

# अत्याचारियों का अंत होना भी आवश्यक महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण भी हो

### जगद्गुरु श्री श्री सुगुनेंद्र तीर्थ स्वामीजी ने पीएम का किया अभिनंदन



प्रधानमंत्री मोदी ने कनक मंडप का दौरा करके उन्हें नमन भी किया

उडुपी जनसंघ और भाजपा के सुशासन मॉडल की कर्मभूमि

एजेंसी ⏭ उडुपी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एकदिनी कर्नाटक दौरे पर पहुंचे। यहां जगद्गुरु श्री श्री सुगुनेंद्र तीर्थ स्वामीजी ने विश्व गीता पर्याय- लक्ष्य कंठ गीता परायण में प्रधानमंत्री मोदी का अभिनंदन किया। उन्होंने ऐतिहासिक कनक मंडप का दौरा किया और 14वीं-15वीं शताब्दी के संत-दार्शनिक एवं कीर्तनकर कनकदास को पुष्पांजलि अर्पित की। उडुपी श्री कृष्ण मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति के पश्चिम की ओर मुड़ने की पौराणिक घटना का श्रेय कनकदास को दिया जाता है। राम जन्मभूमि आंदोलन में उडुपी की भूमिका को पूरा देश जानता है। उन्होंने कहा कि मंदिर आंदोलन में श्री विश्वेश तीर्थ स्वामीजी के मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि अयोध्या में राम मंदिर के शिखर पर ध्वज फहराया गया।राम मंदिर में उडुपी के श्री माधवाचार्य को समर्पित एक विशेष द्वार है। कनक विंडो के माध्यम से उडुपी मंदिर में श्रीकृष्ण की झलक मुझे संत कवि कनकदास से जोड़ती है।

**संत-दार्शनिक एवं कीर्तनकर कनकदास को पुष्पांजलि अर्पित की**

**राम जन्मभूमि आंदोलन में उडुपी की भूमिका को भूल नहीं सकते**



संत- मुनियों से बात करते और उनका आशीर्वाद लेते प्रधानमंत्री मोदी

### ऊर्जा अध्यात्म की शक्ति भी है

पीएम ने कहा कि हमारे समाज में मंत्रों, गीता के श्लोकों का पाठ शताब्दियों से हो रहा है पर जब एक लाख कंठ एक स्वर में इन श्लोकों का ऐसा उच्चारण करते हैं... तो ऐसी ऊर्जा निकलती है जो हमारे मन, मस्तिष्क को एक नया स्पंदन, नई शक्ति देती है। यही ऊर्जा अध्यात्म की शक्ति भी है, सामाजिक एकता की शक्ति है।

### 'सुवर्ण तीर्थ मंतप' का उद्घाटन

पीएम मोदी ने 'सुवर्ण तीर्थ मंतप' का उद्घाटन किया, जो भगवान कृष्ण के गर्भगृह के सामने बनाया गया है। इसके अलावा उन्होंने 'कनक कवच' भी समर्पित किया। यह कनाकाना किंदी पर स्वर्ण आवरण है, जहां से भक्त और संत कनकदास ने पहली बार भगवान कृष्ण के दर्शन किए थे।

### 'सबका साथ, सबका विकास' की नीति भगवान श्रीकृष्ण के श्लोकों से प्रेरित

पीएम मोदी ने कहा कि 25 नवंबर को विवाह पंचमी के पावन दिन अयोध्या के राम जन्मभूमि मंदिर में धर्म ध्वजा की स्थापना हुई है। राम मंदिर आंदोलन में उडुपी की भूमिका कितनी बड़ी है सारा देश इसे जानता है। आज हमारी 'सबका साथ, सबका विकास', 'सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय' की नीतियां भगवान श्री कृष्ण के इन श्लोकों से प्रेरित हैं। भगवान श्री कृष्ण हमें गरीबों की मदद करने का मंत्र देते हैं और इसी मंत्र की प्रेरणा आयुष्मान भारत और प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाओं का आधार बनती है। हमें महिला सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण का ज्ञान देते हैं।

### देश ने ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई में हमारा संकल्प देखा

प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री कृष्ण ने युद्ध की भूमि पर गीता का संदेश दिया था और गीता हमें सिखाती है कि शांति और सत्य की स्थापना के लिए अत्याचारियों का अंत भी जरूरी है। हम लाल किले की प्राचीर से श्री कृष्ण की करुणा का संदेश देते हैं और मिशन सुदर्शन चक्र का भी उद्घोष करते हैं। देश ने ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई में हमारा संकल्प देखा है। हम शांति स्थापित करना भी जानते हैं और रक्षा करना भी जानते हैं।

### श्रीकृष्ण की शिक्षाएं हर युग में प्रासंगिक

प्रधानमंत्री ने कहा कि गीता में श्रीकृष्ण की शिक्षाएं हर युग में प्रासंगिक हैं, वे राष्ट्रीय नीति को निर्देशित करती हैं। वे गीता में हमें लोक कल्याण के लिए काम करने को कहते हैं। 'सबका साथ, सबका विकास', 'सर्वजन हिताय' जैसे नारे गीता के श्लोकों से प्रेरित हैं। गरीबों की मदद करने का गीता में दिया गया संदेश प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी नीतियों का आधार भी यही है।

---

## कर्नाटक में कलह, सुलह की कोशिशें

# सिद्धारमैया ने शिवकुमार को नाश्ते पर बुलाया व बात करने को कहा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कर्नाटक में नेतृत्व को लेकर जारी अंदरूनी खींचतान के बीच सीएम सिद्धारमैया ने राजनीतिक माहौल को शांत करने की पहल की है। सीएम सिद्धारमैया ने डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार को शुक्रवार सुबह नाश्ते पर आमंत्रित किया । यह बैठक पार्टी हाईकमान के निर्देश पर हो रही है, ताकि सरकार में चल रहे मतभेदों को सुलझाया जा सके और स्थिति नियंत्रण में रखी जा सके। सिद्धारमैया ने कहा कि हाईकमान ने दोनों शीर्ष नेताओं को जल्द बातचीत कर सभी मुद्दों का समाधान निकालने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि इसी वजह से उन्होंने शिवकुमार को नाश्ते पर बुलाया है, जहां दोनों नेता सरकार से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा कर सकते हैं। पार्टी का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रशासनिक कामकाज सुचारू रूप से चलता रहे और किसी तरह का राजनीतिक तनाव सरकार को प्रभावित न करे।



सीएम सिद्धारमैया

### मैं कांग्रेस को मंदिर मानता हूं: डीके

अंदरूनी खींचतान के बीच शिवकुमार ने साफ कहा है कि वे जल्द दिल्ली जाएंगे और पार्टी के निर्देशों का पालन करेंगे। उन्होंने कांग्रेस को अपना मंदिर बताते हुए कहा कि पार्टी का लंबा इतिहास है और दिल्ली हमेशा मार्गदर्शन करती रही है। शिवकुमार ने समुदाय आधारित राजनीति से दूरी दिखाते हुए कहा कि वे सभी तबकों के लिए काम करते हैं। उनका कहना था कि वे किसी पद की मांग नहीं कर रहे, बल्कि पार्टी जो फैसला करेगी, वही मान्य होगा। उन्होंने यह भी जोड़ा कि उनकी निष्ठा पूरी तरह कांग्रेस के साथ है और वे संगठन की एकता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। शिवकुमार ध्यान देने वाली बात ये है कि उन्होंने कहीं भी ये बात नहीं कही कि सिद्धारमैया पूरे 5साल सीएम रहेंगे। ऐसे में और कयास लग रहे हैं कि पार्टी के भीतर कुछ तो हलचल चल रही है।



डीके शिवकुमार

### ढाई साल में ही जनता परेशान, दो-फाड़ का अंदेशा



बीवाई विजयेंद्र

भाजपा के कर्नाटक अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने कहा कि लोगों ने कांग्रेस को बहुत उम्मीदों के साथ चुना था। लेकिन ढाई साल में ही जनता परेशान हो चुकी है। विकास रुका हुआ है, युवा निराश हैं और आपसी लड़ाई से प्रशासन लकवाग्रस्त है। किसान मुआवजे और अन्य मुद्दों पर सरकार से बड़े फैसलों की उम्मीद कर रहे हैं। डीकेबहुत आक्रामक रुख में हैं। मुझे बिल्कुल आश्चर्य नहीं होगा अगर कांग्रेस में दो गुट बन जाएं।

---

### 3 बड़ी पहलों की शुरुआत

## सिंह ने मौसम संग्रहालय का किया उद्घाटन



**नई दिल्ली।** केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को भारत मौसम विज्ञान विभाग की 3 बड़ी पहलों का उद्घाटन किया। इनमें रायपुर और मंगलुरु में दो अत्याधुनिक डॉप्लर मौसम रडार मौसम भवन में एक नई सौर ऊर्जा प्रणाली और छात्रों और युवा शिक्षार्थियों के लिए एक मौसम विज्ञान संग्रहालय शामिल हैं।

## सांवलिया सेठ का भंडार सोने चांदी से भरा, 51 करोड़ चढ़ावा

**करीब 2 क्विंटल चांदी तथा एक किलो सोना भी मिला**



**मेवाड़।** यहां के सुप्रसिद्ध कृष्ण धाम श्री सांवलिया सेठ के मंदिर में पहली बार चढ़ावा राशि का नया रिकॉर्ड बना। दान पात्र से 40 करोड़ और भेंट कक्ष में 10 करोड़ से ज्यादा का चढ़ावा मिला। करीब 51 करोड़ की चढ़ावा राशि निकली। इसके अलावा करीब 2 क्विंटल चांदी तथा एक किलो सोना भी प्राप्त हुआ। सांवलिया सेठ के भंडार की गणना 6 चरण में गुरुवार को पूर्ण हुई।

### आज रायपुर में जुटेंगे देशभर के पुलिस महानिदेशक

## प्रधानमंत्री राष्ट्रपति पुलिस पदक करेंगे प्रदान, अफसरों को देंगे मंत्र

**केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी दो दिवसीय बैठक में रहेंगे शामिल**

### विकसित भारतः सुरक्षा आयाम- इस विषय पर होगा मंथन

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रायपुर स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान, रायपुर में 60वें अखिल भारतीय डीजीपी/आईजीपी सम्मेलन में भाग लेंगे। यह सम्मेलन 29 से 30 नवंबर तक चलेगा। इसका उद्देश्य अब तक पुलिसिंग से जुड़े बड़े चुनौतियों पर हुई प्रगति की समीक्षा करना और 'सुरक्षित भारत' का रोडमैप तैयार करना है। इस वर्ष सम्मेलन का मुख्य विषय रखा गया है'विकसित भारतः सुरक्षा आयाम'। सम्मेलन में जिन प्रमुख मुद्दों पर चर्चा होगी, उनमें वामपंथी उग्रवाद (नक्सलवाद), आतंकवाद-रोधी रणनीतियां, आपदा प्रबंधन, महिला सुरक्षा, फॉरेंसिक विज्ञान और आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस का उपयोग। प्रधानमंत्री इस अवसर पर राष्ट्रपति के पुलिस पदक भी प्रदान करेंगे।



यह सम्मेलन देशभर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और सुरक्षा प्रशासन से जुड़े प्रतिनिधियों के लिए एक अहम मंच है, जहां वे राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर खुलकर चर्चा कर सकते हैं। इसके माध्यम से पुलिस बलों की कार्यस्थितियों, उनकी जरूरतों, आधुनिक तकनीक के उपयोग और कानून-व्यवस्था से जुड़ी चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया जाता है। पीएम मोदी 2014 से लगातार इसके प्रारूप को आधुनिक और बेहतर बनाने पर जोर दिया है।

---


### संसद का शीतकालीन सत्र एक दिसंबर से

# विपक्ष के घेरेबंदी को 'वंदे मातरम' से तोड़ने की तैयारी में केंद्र, 'एसआईआर' पर होगी व्यापक चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

सोमवार से शुरू हो रहे संसद के आगामी शीतकालीन सत्र के लिए सरकार ने 'वंदे मातरम' पर एक पूरे दिन की चर्चा कराने का संकेत दिया है। यह प्रस्ताव ऐसे समय सामने आया है जब विपक्ष विशेष विधिक पुनरीक्षण (एसआईआर) और चुनावी सुधारों से जुड़े मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी में है। साथ ही विपक्षी तरकश में दिल्ली में जानलेवा प्रदूषण से जुड़े कई गंभीर तीर भी शामिल रहेंगे। इसे वंदे मातरम और राष्ट्रवाद से जोड़ सत्ता पक्ष ने घेरने की तैयारी की है।

### पीएम ने किया था कांग्रेस पर तीखा प्रहार



दिल्ली के प्रगति मैदान में 'वंदे मातरम' की वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर प्रहार किया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस 'विभाजन के बीज बोने वाले' 1937 के उस अंशों को महत्व देती है, जिन्हें राष्ट्रगान की मान्यता नहीं मिली थी। इस पर अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा था कि भाजपा और आरएसएस ने हमेशा 'वंदे मातरम' के वास्तविक स्वरूप को कमतर आंका है।

### एसआईआर के साथ कई विषयों पर होगी बहस

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने दो टूक कहा, अगर एसआईआर पर चर्चा होनी है तो विषय का दायरा बढ़ाना होगा। हम इसे व्यापक सुधार के रूप में भी देख सकते हैं। सरकार उच्च शिक्षा, परमाणु ऊर्जा, चुनाव सुधारों पर विपक्ष से संवाद कर सकती है।

---

### शिक्षा मंत्रालय और आईआईटी मद्रास ने उठाया महत्वपूर्ण कदम

# उत्तर प्रदेश के हिंदी भाषी विद्यार्थी बनारस में सीखेंगे तमिल

## तमिलनाडु के 50 शिक्षक और विद्वान बच्चों को देंगे शिक्षा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के हिंदी भाषी स्कूली छात्र तमिल भाषा सीखेंगे। दो दिसंबर से तमिलनाडु के 50 शिक्षक और विद्वान स्थानीय स्कूलों के बच्चों को तमिल भाषा में अपनी संस्कृति, खानपान, भारत की दो प्राचीन परंपराओं (काशी-तमिल) से रूबरू करवाएंगे। इसका मकसद, छात्रों में सांस्कृतिक जुड़ाव और सभी भाषाओं का सम्मान समेत तमिल में आम बोलचाल सीखाना है। यह केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय और आईआईटी मद्रास की पहल है।

2 दिसंबर से काशी-तमिल से होंगे रूबरू



काशी तमिल संगमम में हिस्सा लेने छात्रों का पहला समूह काशी पहुंचा

### प्रयागराज, अयोध्या के करेंगे दर्शन

8 दिनी अनुभवात्मक दौरे के दौरान तमिलनाडु से आने वाला दल वाराणसी के बाद प्रयागराज और अयोध्या में भगवान श्रीराम के दर्शन करने भी जाएगा। तमिल धरोहर स्थलों में महाकवि सुब्रमण्यम भरतियार का पैतृक निवास, केदार घाट, लघु तमिलनाडु क्षेत्र में स्थित काशी मदम, श्री काशी विश्वनाथ मंदिर अहम हैं।

### 7 श्रेणियों में 1400 से अधिक प्रतिनिधि

तमिलनाडु से सात श्रेणियों में 1400 सदस्यीय प्रतिनिधि दल आ रहा है। इसमें छात्र शिक्षक, लेखक, कृषि व संबद्ध क्षेत्र, पेशेवर व कारीगर, महिलाएं और आध्यात्मिक विद्वान शामिल हैं।

### संबंधों का सम्मान और यह एक भारत श्रेष्ठ भारत की झलक दिखेगी

प्रधानमंत्री के विजन के तहत केटीएस में दोनों क्षेत्रों के बीच सभ्यतागत, सांस्कृतिक, भाषाई और लोगों के बीच संबंधों का सम्मान और यह एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को दर्शाता है। सीखने के आदान-प्रदान, अकादमिक चर्चा और युवा भागीदारी के माध्यम से जुड़ाव को और बढ़ाना है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय, आईआईटी मद्रास और बीएचयू वाराणसी मिलकर आयोजन कर रहे हैं।

# श्रीलंका में दितवाह तूफान से 56 की मौत, 600 घर तबाह, पीएम मोदी ने जताया दुख

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

श्रीलंका में चक्रवाती तूफान दितवाह के चलते लगातार हो रही भारी बारिश और इसके प्रभाव से पैदा हो रहे भूस्खलन की वजह से हालात काफी बिगड़ चुके हैं। देश में अब तक 56 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 600 से ज्यादा घरों को भारी नुकसान पहुंचा है। शुक्रवार को सभी सरकारी दफ्तरों और स्कूलों को बंद रहे। तेज बारिश के कारण कई जगह घर, सड़कें और खेत पानी में डूब गए। इसके चलते कई इलाकों में भूस्खलन की घटनाएं सामने आईं। सरकार के मुताबिक, सबसे ज्यादा तबाही बदुल्ला और नुवारा एलिया के पहाड़ी चाय उत्पादन क्षेत्रों में दिखी, जहां गुरुवार को ही 25 लोगों की मौत हो गई। आपदा प्रबंधन केंद्र के अनुसार इन दो क्षेत्रों में 21 लोग लापता हैं, जबकि 14 घायल बताए जा रहे हैं। इस तूफान का दितवाह नाम यमन ने दिया है, यह रोस्टर के अनुसार है जिसमें उत्तरी हिंद महासागर के ऊपर ट्रॉपिकल साइक्लोन के नाम सूची किए गए हैं।

## तेज बारिश के कारण कई जगह घर, सड़कें और खेत पानी में डूबे

**12313** परिवार प्रभावित

**3490** लोगों को बचाया

**20000** से अधिक जवान बचाव कार्य में जुटे

**43991** लोग अत्यधिक खराब मौसम से प्रभावित हुए



श्रीलंका के केलानिया में भारी बारिश के बाद घर डूबे हुए

### भारी बारिश से नदियां उफान पर

श्रीलंका के अन्य हिस्सों में भी भूस्खलनों से कई लोगों की जान गई है। लगातार तेज बारिश से अधिकतर नदियां और जलाशय उफान पर हैं। इसके चलते कई सड़कें बंद हैं। चट्टानें, पेड़ और मिट्टी गिरने से कई रास्ते और रेलवे ट्रैक बंद हो गए। इसी वजह से यात्री ट्रेनों की सेवाएं भी रोक दी गईं। श्रीलंका की वायुसेना, नौसेना और पुलिस नावों की मदद से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा रही है।

**रविवार तक जारी रहेगी भारी बारिश**

*श्रीलंकाई सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल लसंथा रोड्रिगो ने कहा कि सेना ने प्रभावित जिलों में रेस्क्यू, राहत और जानकारी शेयर करने की कोशिशों को लेकर तालमेल बिठाने के लिए एक सेंट्रल ऑपरेशन सेंटर सक्रिय किया है। 20,500 से ज्यादा जवानों को तैनात किया गया है। अब तक कुल 3,490 लोगों को बचाया गया और उन्हें दूसरी जगह बसाया गया है। मौसम विभाग ने कहा कि रविवार तक भारी बारिश जारी रहेगी।*

### 72 घंटों में 46 मौतें हुईं

आपदा प्रबंधन केंद्र (डीएमसी) ने बताया कि पिछले 72 घंटों में 46 मौत के मामले दर्ज किए गए हैं। अत्यधिक खराब मौसम से 12,313 परिवारों के 43,991 लोग प्रभावित हुए हैं। सिंचाई विभाग ने कोलंबो के निचले उत्तरी हिस्सों में केलानी नदी के पास रहने वाले निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की चेतावनी देते हुए कहा कि इस क्षेत्र को द्वीप राष्ट्र के इतिहास में सबसे खराब बाढ़ का सामना करना पड़ सकता है।

### कई फ्लाइट्स डायवर्ट

मस्कट, दुबई, नई दिल्ली और बैंकॉक समेत छह फ्लाइट्स को कोलंबो के बंदरनायके इंटरनेशनल एयरपोर्ट से पहले ही रीडायरेक्ट कर दिया गया था। श्रीलंका जाने वाली पांच फ्लाइट्स (जिनमें से तीन मिडिल ईस्ट रीजन से और एक-एक मलेशिया और भारत से थीं) को शुक्रवार को कोलंबो में खराब मौसम के कारण डायवर्ट कर दिया गया।

### भारत में अलर्ट जारी

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने बताया कि तमिलनाडु के उत्तरी हिस्सों, पुडुचेरी और दक्षिण आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों के लिए चक्रवात का अलर्ट जारी किया गया है। दितवाह पिछले छह घंटों में 10 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ़्तार से उत्तर और उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर बढ़ता रहेगा और 30 नवंबर की सुबह तक तमिलनाडु, पुडुचेरी और आंध्र प्रदेश के तटों से टकराएगा।

### भारत ने तुरंत राहत सामग्री भेजी

पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि श्रीलंका के उन लोगों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है जिन्होंने तूफान दितवाह की वजह से अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं सभी प्रभावित परिवारों की सुरक्षा, पुनर्वास और जल्दी ठीक होने की प्रार्थना करता हूं। अपने सबसे करीबी समुद्री पड़ोसी के साथ एकजुटता दिखाते हुए, भारत ने ऑपरेशन सागर बंधु के तहत तुरंत राहत सामग्री और जरूरी एचएडीआर सपोर्ट भेजा है। हम और मदद देने के लिए तैयार हैं। भारत जरूरत के समय में श्रीलंका के साथ मजबूती से खड़ा है।

## खबर संक्षेप

### हिफजुर रहमान बने लीबिया के राजदूत



**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने डॉक्टर हिफजुर रहमान को लीबिया में भारत का नया राजदूत बनाया है। इससे पहले वह चाड गणराज्य के राजदूत थे। अब वह जल्द ही लीबिया में अपना नया पद संभालेंगे। विदेश मंत्रालय ने जानकारी देते हुए कहा कि डॉ. हिफजुर रहमान को लीबिया राज्य में भारत का एम्बेसडर नियुक्त किया गया है। भारत ने 1969 में त्रिपोली में अपना डिप्लोमैटिक मिशन खोला था। भारत-लीबिया रिश्तों का सबसे अहम पड़ाव 1984 में स्व. पीएम इंदिरा गांधी का लीबिया दौरा था।

### कपिल का षड़यंत्रकारी बंधु मान सिंह गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने कनाडा में कपिल शर्मा के रेस्टोरेंट पर गोलीबारी की साजिश रचने के मामले में गैंगस्टर बंधु मान सिंह को गिरफ्तार किया है। वह गोल्डी ढिल्लों गिरोह का एक कुख्यात अपराधी है और उसके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसके पास से एक चाइनीज पिस्तौल और कारतूस बरामद किए गए हैं। कपिल शर्मा के कनाडा स्थित 'कैप्स कैफे' पर पहली बार जुलाई में, दूसरी बार अगस्त में और तीसरी बार दिवाली से पहले फायरिंग हुई थी।

### दक्षिणी सीरिया में गोलीबारी में 13 की मौत



**दमिश्क।** इजराइली सेना ने दक्षिणी सीरिया के एक गांव में छापेमारी की और इस दौरान स्थानीय निवासियों द्वारा प्रतिरोध किये जाने पर गोलीबारी की, जिसमें कम से कम 13 लोग मारे गए। स्थानीयअधिकारियों ने यह जानकारी दी। सीरिया के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि यह हमला 'एक भयानक नरसंहार' था और मारे गए लोगों में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। इजराइली सेना बेत जिन गांव में घुसकर स्थानीय लोगों को हिरासत में लेने की कोशिश कर रही थी।

## वॉशिंगटन में आतंकी हमले के बाद राष्ट्रपति ट्रंप का बड़ा फैसला

**अपराधियों पर लगाम लगाना बेहद जरूरी**

# 19 देशों के ग्रीन कार्ड धारकों की 'सघन जांच' की जाएगी

*ट्रंप ने कहा कि अमेरिका उन प्रवासियों को देश से बाहर करेगा जो अपराध करते हैं या देश के लिए बोझ बनते हैं। अवैध रूप से घुसे लोगों के सभी रिकॉर्ड रद्द किए जाएंगे। ऐसे सभी प्रवासियों की नागरिकता हटाई जाएगी जो अमेरिका की शांति को नुकसान पहुंचा रहे हैं*

अवैध रूप से घुसे लोगों के सभी रिकॉर्ड रद्द किए जाएंगे

गैर-अमेरिकियों को सरकारी लाभ और सब्सिडी देना बंद करेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को बड़ा बयान देते हुए कहा कि वे थर्ड वर्ल्ड देशों (वे देश जो चुनौतियों से जूझ रहे हैं) से आने वाले प्रवासियों को स्थाई रूप से रोक देंगे। उन्होंने कहा कि यह कदम अमेरिका में हो रही अवैध घुसपैठ और अपराधों पर नियंत्रण के लिए जरूरी है। यह बयान तब आया जब हाल ही में वॉशिंगटन डीसी में एक अफगान मूल के नागरिक रहमानुल्लाह लकनवाल ने दो नेशनल गार्ड सैनिकों पर गोली चलाई। इस हमले में एक सैनिक की मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए ट्रंप ने कहा, अमेरिका जरूरत पड़ने पर उन प्रवासियों को देश से बाहर करेगा जो अपराध करते हैं या देश के लिए बोझ बनते हैं। अवैध रूप से घुसे लोगों के सभी रिकॉर्ड रद्द किए जाएंगे। ऐसे सभी प्रवासियों की नागरिकता हटाई जाएगी जो अमेरिका की शांति और कानून व्यवस्था को नुकसान पहुंचाते हैं। गैर-अमेरिकियों को मिलने वाले सरकारी लाभ और सब्सिडी बंद करने की भी बात कही। ट्रंप ने अपने संदेश में कहा कि अमेरिका में रह रहे 'गैरकानूनी और असामाजिक समूहों' के चलते देश में अपराध, बेरोजगारी और सामाजिक असंतुलन बढ़ रहा है।

### पूर्व राष्ट्रपति बाइडन की पुनर्वास नीति का यह दुखद परिणाम



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

ट्रंप ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन की नीतियों को इस हालात के लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि बाइडन प्रशासन ने लाखों लोगों को बिना जांच के अमेरिका में आने दिया। गुरुवार को वॉशिंगटन डीसी में नेशनल गार्ड्स पर हमले के आरोपी की पहचान रहमानुल्लाह लकनवाल के रूप में हुई है, जो अफगानिस्तान का मूल निवासी है और साल 2021 में अमेरिका आया था। वह अफगानिस्तान में सीआईए के साथ काम कर चुका था और अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता पर काबिज होने के बाद बाइडन सरकार की पुनर्वास नीति के तहत अमेरिका आया था।

### अमेरिकी लोगों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा

यूएससीआईएस के निदेशक जोसेफ बी एल्डो ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि अमेरिकी राष्ट्रपति के निर्देश पर मैं सभी संबंधित देशों से आने वाले एलियंस के ग्रीन कार्ड की सघन जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने लिखा कि 'अमेरिका और अमेरिका के लोगों की सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है। अमेरिकी लोग पूर्व की सरकार की बेकार पुनर्वास नीति की कीमत नहीं चुकाएंगे। अमेरिकी लोगों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा।

### हमला इंसानियत के खिलाफ

ट्रंप ने कहा कि यह घिनौना हमला बुराई, नफरत और आतंक का काम था। यह देश और इंसानियत के खिलाफ एक जुर्म था। उन्होंने कहा कि हिरासत में लिया गया संदिग्ध व्यक्ति अफगानिस्तान से हमारे देश में आया है, जो धरती पर एक नरक है।

### इमिग्रेशन आवेदन प्रक्रिया कड़ी होगी

घटना के बाद यूएस सिटीजन एंड इमीग्रेशन सर्विसेज (यूएससीआईएस) ने नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अब 19 देशों से आने वाली इमिग्रेशन आवेदन प्रक्रिया में सुरक्षा जांच और कड़ी होगी। देश की स्थिति और जोखिम स्तर को भी ध्यान में रखा जाएगा। जिन 19 देशों के ग्रीन कार्ड होल्डर्स के दस्तावेजों की जांच का फैसला किया गया है, उनमें अफगानिस्तान, बर्मा, चाड, कांगो गणतंत्र, इक्वेटोरियल गिनी, एरीट्रिया, हैती, ईरान, लीबिया, सोमालिया, सूडान, यमन, बुरुंडी, क्यूबा, लाओस, सिएरा लियोन, टोगो, तुर्कमेनिस्तान और वेनेजुएला का नाम शामिल है। गुरुवार के हमले के बाद यूएससीआईएस ने ऐलान किया है कि अफगान नागरिकों के सभी अप्रवासन आवेदनों को अनिश्चितकाल के लिए बर्खास्त कर दिया गया है।

## पाकिस्तान की उड़ी नींद

# भारत और अफगानिस्तान ने की 900 करोड़ की डील



दुबई में एमओयू पर हस्ताक्षर किए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत और अफगानिस्तान की प्रमुख दवा कंपनियों ने 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 900 करोड़ रुपए) के समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस एमओयू ने पाकिस्तान की नींद उड़ा दी है। अफगानिस्तान की रोफी इंटरनेशनल ग्रुप ऑफ कंपनीज और भारत की जाइडस लाइफसाइंसेज के बीच दुबई में इस समझौता ज्ञापन पर साइन किया गया है। इसे अफगानिस्तान के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में भारत के पदचिह्न का विस्तार करते हुए वहां की फार्मास्युटिकल क्षमता के पुनर्निर्माण में एक ऐतिहासिक कदम के रूप में देखा जा रहा है। इस समझौता ज्ञापन पर दुबई में अफगान वाणिज्य दूतावास में साइन किया गया। इस मौके पर अफगान राजदूत और वरिष्ठ वाणिज्यिक अधिकारी मौजूद रहे।

### भारत दवाएं निर्यात करेगा

अफगानिस्तान के उद्योग और वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, भारत के प्रमुख दवा निर्माताओं में से एक, जायडस लाइफ साइंसेज, शुरुआत में अफगानिस्तान को दवाएं निर्यात करेगा। समय के साथ, कंपनी अपना प्रतिनिधि कार्यालय अफगानिस्तान में ट्रांसफर कर देगी और वहां घरेलू स्तर पर दवा उत्पादन शुरू कर देगी। स्थानीय विनिर्माण के लिए तकनीकी डेटा और जानकारी का ट्रांसफर पहले ही शुरू हो चुका है। अफगानिस्तान ने समझौते को स्वास्थ्य देखभाल मानकों में सुधार, घटिया आयातित दवाओं पर निर्भरता कम करने और अफगान फार्मास्युटिकल सुविधाओं की तकनीकी क्षमताओं को महत्वपूर्ण रूप से उन्नत करने के लिए एक परिवर्तनकारी कदम बताया।

### पाक के साथ अफगानिस्तान का अनुबंध समाप्त

तालिबान ने हाल ही में पाकिस्तान के साथ व्यापार पर प्रतिबंध लगा दिया है। अफगान कंपनियों को तीन महीने के भीतर पाकिस्तानी सप्लायर्स के साथ दवा व्यापार संबंध खत्म करने का निर्देश दिया गया है। इसलिए नए भारत-अफगानिस्तान समझौते को व्यापक रूप से पाकिस्तान के लिए सीधे झटके के रूप में देखा जाता है, जो परंपरागत रूप से अफगानिस्तान के लिए एक प्रमुख पारगमन (ट्रांजिट) और व्यापार केंद्र के रूप में काम करता है। यह व्यापार साझेदारी में विविधता लाने, नई दिल्ली के साथ रणनीतिक संबंधों को गहरा करने और पाकिस्तानी व्यापार चैनलों पर निर्भरता कम करने के काबुल के इरादे का संकेत देता है।

## अडाणी समूह को ऑस्ट्रेलिया में राहत

# कोर्ट ने एक्टिविस्ट को गोपनीय डेटा की जांच प्राप्त करने से रोका, विवाद खत्म

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया में क्वींसलैंड सुप्रीम कोर्ट से अडाणी समूह की एक कंपनी को बड़ी राहत मिली है। अदालत ने एक जीवाश्म ईंधन विरोधी एक्टिविस्ट को अडाणी की कारमाइकल कोयला खदानों से जुड़ी गोपनीय जानकारी हासिल करने और उसका उपयोग करने से रोकने के लिए स्थाई आदेश जारी किया है। इस तरह अडाणी समूह और उसके लंबे समय से एक विरोधी के बीच कई वर्षों से चल रहा कानूनी विवाद समाप्त हो गया है। अडाणी समूह से जुड़ी कंपनी ब्रावस माइनिंग एंड रिसोर्सेज की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, बेन पेनिंग्स को ब्रावस के कर्मचारियों, ठेकेदारों या भावी ठेकेदारों से गोपनीय व्यावसायिक जानकारी प्राप्त करने के सभी प्रयासों को रोकना होगा। इसके साथ ही उन्हें दूसरों को ऐसी जानकारी का खुलासा करने के लिए प्रोत्साहित करने से भी रोक दिया।



गौतम अडाणी

## इमरान खान से मिलने नहीं दे रहे

# पूर्व पीएम की बहन ने इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में दायर की याचिका

एजेंसी ⏭ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की बहन ने उन्हें जेल में बंद अपने भाई से मिलने की अनुमति न देने के लिए शुक्रवार को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में अदियाला जेल के अधीक्षक और अन्य अधिकारियों के खिलाफ अदालत की अवमानना की याचिका दायर की। अलीमा खान ने यह याचिका खैबर पख्तूनख्वा के सीएम सोहैल आफरीदी और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अन्य नेताओं की मौजूदगी में दायर की। याचिका में इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के 24 मार्च के आदेश का जिक्र किया गया है, जिसमें अदालत ने 73 वर्षीय खान से सप्ताह में दो बार मुलाकात करने की अनुमति दी थी। खान अगस्त 2023 से रावलपिंडी की अदियाला जेल में हैं। उन्होंने अवमानना की कार्रवाई शुरू करने का अनुरोध किया है।



अलीमा खान

## स्काई डाइनिंग में खराबी, 3 घंटे हवा में रहे पर्यटक

**इडुक्की।** केरल के इडुक्की जिले के मुन्नार के पास अनाचल में शुरू की गई स्काई डाइनिंग फैसिलिटी में शुक्रवार शाम एक बड़ा हादसा टल गया। यहां भोजन के दौरान 120 फीट ऊंचाई पर लटका प्लेटफ़ॉर्म अचानक तकनीकी खराबी के कारण हवा में अटक गया, जिसमें पांच लोग तीन घंटे से अधिक समय तक फंसे रहे। करीब तीन घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद सभी लोगों को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया।



## नौसेना के एमएच60आर हेलीकॉप्टरों के जंगी बेड़े को होगा बड़ा लाभ

# भारत-अमेरिका ने किए 7 हजार करोड़ से अधिक के प्रस्तावों पर हस्ताक्षर

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को रक्षा मंत्रालय से जुड़े दो महत्वपूर्ण घटनाक्रम सामने आए हैं। जिनमें से पहले में मंत्रालय ने अमेरिका की सरकार के साथ करीब 7 हजार 995 करोड़ रुपए के भारतीय नौसेना से जुड़े हुए एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव और स्वीकृति पत्रों पर हस्ताक्षर किए हैं। दूसरे में चाणक्य रक्षा संवाद-2025 के समापन समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत वर्तमान वैश्विक परिवेश में संतुलन और जिम्मेदारी की आवाज बन गया है। समझौते की मदद से नौसेना के एमएच60आर हेलीकॉप्टरों के जंगी बेड़े को सहायता और अनुवर्ती आपूर्ति सहायता के जरिए 5 साल की अवधि के लिए लगातार समर्थन प्रदान किया जा सकेगा।

**पैकेज में पुर्जों उपकरणों की मरम्मत और प्रशिक्षण शामिल**

**एमएसएमई को फायदा, स्वदेशी उत्पादों के विकास को बढ़ावा मिलेगा**



रक्षा सचिव राजेश कुमार मिश्रा (मध्य में) की उपस्थिति में एमओयू साइन किया गया

### रक्षा पैकेज के मुख्य बिंदु

मंत्रालय ने कहा कि नौसेना से जुड़े हुए व्यापक सहायता पैकेज में पुर्जों, सहायक उपकरणों, उत्पाद सहायता, प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता, घटकों की मरम्मत, पुनः पूर्ति और आवधिक रखरखाव निरीक्षण सुविधाओं की स्थापना शामिल है। देश में इन तमाम सुविधाओं का विकास लंबी अवधि में क्षमता निर्माण सुनिश्चित करेगा। जिससे एक ओर अमेरिका की सरकार पर निर्भरता घटेगी। तो दूसरी ओर सूक्ष्म एवं लघु उद्योग (एमएसएमई) और अन्य भारतीय फर्मों के माध्यम से स्वदेशी उत्पादों और सेवाओं के विकास को बढ़ावा मिलेगा।

**उद्देश्य की स्पष्टता की दरकार**

रक्षा मंत्री के मुताबिक, भू-राजनीतिक अनिश्चितता, आतंकवाद, चरमपंथी तत्वों को सीमापार से मिलता समर्थन, यथास्थिति को बदलने के प्रयास, समुद्री दबाव और सूचना युद्ध जैसी चुनौतियों के लिए निरंतर सतर्कता के साथ ही उद्देश्य की स्पष्टता की आवश्यकता है। फिलहाल सुधार, विकल्प से ज्यादा रणनीतिक आवश्यकता बनते जा रहे हैं। सामर्थ्य के अलावा दृढ़ता भी इसी के समान महत्वपूर्ण है। सशक्त भारत झटकों को झेल सकता है, तेजी से बदलते परिवेश में स्वयं को ढाल सकता है। इसके अलावा परिस्थितियों से बेपरवाह होकर आगे बढ़ सकता है।

### ग्लोबल साउथ का भरोसेमंद साझेदार भारतः रक्षा मंत्री सिंह

चाणक्य रक्षा संवाद को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य के बीच भारत संतुलन और जिम्मेदारी की आवाज बन गया है। जिसके चलते हिंद-प्रशांत और वैश्विक दक्षिण के तमाम देश भारत को एक भरोसेमंद साझेदार के रूप में देखते हैं। हमारा देश शांति और संवाद में विश्वास रखता है। लेकिन जब लोगों की संप्रभुता और सुरक्षा की बात आती है तो हम समझौता नहीं करते हैं। देश के सशस्त्र बल एक प्रेरक शक्ति हैं। जो देश की क्षेत्रीय स्थिरता में योगदान करते हुए अपने पड़ोसी की चुनौतियों से निपटने में उसे सक्षम बनाते हैं।

## रिहायशी इलाके में हांगकांग अग्निकांड

# मृतकों की संख्या बढ़कर 128, जली हुई इमारतों से मिल रहे शव, 3 अरेस्ट

एजेंसी ⏭ हांगकांग

हांगकांग की रिहायशी इमारतों में लगी आग में मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 128 हो गया है। हांगकांग के सुरक्षा सचिव क्रिस तांग ने बताया कि जली हुई इमारतों से शव बरामद हो रहे हैं और मृतकों का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है। बुधवार दोपहर में हांगकांग के ताई पो इलाके में स्थित वांग फुक कोर्ट परिसर में आठ इमारतों में से सात में आग लग गई थी। इमारतों में पुनर्निर्माण के काम के लिए बांस की मचान लगी हुई थी, जिनके चलते आग तेजी से फैली और एक इमारत से शुरू हुई आग ने सात इमारतों को चपेट में ले लिया। एक हजार से ज्यादा अग्निशमन दल के जवानों ने 24 घंटे में आग पर नियंत्रण पाया था। जिस परिसर में आग लगी, उसमें करीब दो हजार फ्लैट हैं, जिनमें करीब 4800 लोग रह रहे थे। हादसे में 70 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं, जिनमें 11 अग्निशमन दल के जवान हैं। हांगकांग पुलिस ने हादसे में लापरवाही बरतने को लेकर एक निर्माण कंपनी के निदेशकों समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।



आग के बाद इमारतों से निकलता धुआं




## फीफा अंडर-17 विश्व चैंपियन, पुर्तगाल ने जीता खिताब

**दोहा।** पुर्तगाल ने फीफा अंडर-17 विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रिया को 1-0 से हराकर इस आयु वर्ग में अपना पहला वैश्विक खिताब जीता। बेनफिका के फॉरवर्ड अनीसियो कैब्राल ने 48 देशों के टूर्नामेंट में गुरुवार को खेले गए खिताबी मुकाबले के 32वें मिनट में मैच का इकलौता गोल किया। इससे पहले इटली ने तीसरे स्थान के मैच में ब्राजील को शूटआउट में 4-2 से हराया, जिससे यूरोप की टीमों ने शीर्ष तीन स्थानों पर अपना दबदबा बनाया। मुकाबला बराबरी पर छूटने के बाद गोलकीपर एलेसेंड्रो लोंगोनी ने दो पेनल्टी बचा कर इटली की जीत पक्की की। फीफा अंडर-17 विश्व कप का यह 20वां सत्र है। फीफा इस टूर्नामेंट को अब हर दो साल के बजाय सालाना आयोजित करता है।



## रोमा ने मिड्टजिलैंड को दी शिकस्त, दर्ज की पहली घरेलू जीत

**नॉटिंघमशायर।** रोमा ने मिड्टजिलैंड को 2-1 से शिकस्त देकर पहली घरेलू जीत दर्ज की। इस टीम के लिए नील एल ऐनाउई और स्टीफन ऐल शरावी मुकाबले के हीरो रहे, जिन्होंने एक-एक गोल किए। नील एल ऐनाउई ने मुकाबले के 7वें मिनट खाता खोला। इसके बाद स्टीफन ऐल शरावी ने 83वें मिनट गोल दागकर रोमा को 2-0 से आगे कर दिया। मुकाबले के 86वें मिनट मिड्टजिलैंड ने पॉलिन्हो के गोल की बदौलत अपना खाता खोला, लेकिन यह टीम मुकाबला गंवा बैठी। इस बीच, डोनियल मैलेन के शानदार प्रदर्शन की बदौलत एस्टन विला ने यंग बॉयज को 2-1 से शिकस्त देकर पांच लीग फेज मैचों में अपनी चौथी जीत दर्ज की।



## फॉरेस्ट ने माल्मो को 3-0 से रौंदा, हासिल किए तीन प्वाइंट्स

**नॉटिंघमशायर।** नॉटिंघम फॉरेस्ट ने माल्मो एफएफ को 3-0 से मात देकर यूरोपा लीग में तीन प्वाइंट्स हासिल कर लिए हैं। मुकाबले के 27वें मिनट कप्तान रायन येट्स ने गोल दागकर नॉटिंघम फॉरेस्ट का खाता खोला। इसी के साथ टीम ने मुकाबले में 1-0 से लीड हासिल कर ली। मुकाबले के 44वें मिनट अर्नॉड कलिमुएंडो ने गोल करते हुए फॉरेस्ट की लीड को दोगुना कर दिया। माल्मो एफएफ की टीम 0-2 से पिछड़ गई थी। टीम लगातार गोल करने की कोशिश करती रही, लेकिन इसी बीच 59वें मिनट में निकोला मिलेंकोविक ने गोल दागकर फॉरेस्ट को 3-0 से आगे कर दिया। इस जीत के साथ नॉटिंघम फॉरेस्ट ने 8 प्वाइंट्स हासिल कर लिए हैं। फॉरेस्ट टेबल में 16वें नंबर पर आ गई है। दूसरी ओर, माल्मो के पास 1 अंक है। यह टीम 34वें पायदान पर मौजूद है।

## खबर संक्षेप



### उज्बेकिस्तान से मैत्री मैच खेलेगी भारतीय महिला टीम

**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-20 महिला फुटबॉल टीम 29 नवंबर और 2 दिसंबर को तमिलनाडु के महाबलीपुरम स्थित एफसी मद्रास अकादमी में उज्बेकिस्तान के खिलाफ दो मैत्री मैच खेलेगी। फीफा महिला अंतरराष्ट्रीय मैच विंडो के दौरान आयोजित किए जा रहे दोनों मैच बिना दर्शकों के खेले जाएंगे और भारतीय समयानुसार शाम 5 बजे से शुरू होंगे।
मुख्य कोच जोकिम अलेक्जेंडरसन ने इन दो मैचों के लिए 24 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। ये दोनों मैच 2026 एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप की तैयारी का हिस्सा है। भारतीय टीम को एशियाई कप के ग्रुप सी में जापान, ऑस्ट्रेलिया और चीनी ताइपे के साथ रखा गया है। उज्बेकिस्तान भी इसी टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर चुका है और उसे ग्रुप बी में डीपीआर कोरिया, कोरिया गणराज्य और जॉर्डन के साथ रखा गया है।

### महिला मुक्केबाजी टीम के मुख्य कोच बने नीवा

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी के पूर्व हाई परफार्मेंस निदेशक (एचपीडी) सैंटियागो नीवा महिला टीम के मुख्य कोच के रूप में राष्ट्रीय टीम से फिर से जुड़ गए हैं। अर्जेंटीना में जन्मे स्वीडन के इस पूर्व मुक्केबाज ने 2017 से 2022 तक भारत की पुरुष टीम के साथ बड़े स्तर पर काम किया था। उन्होंने अपने पिछले कार्यकाल में कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की, जिनमें तोक्यो ओलंपिक में भारत की अब तक की सर्वोच्च भागीदारी और 2019 पुरुष विश्व चैंपियनशिप में दो ऐतिहासिक पदक शामिल हैं। नीवा ने कहा, 'भारत वापस आकर बेहद उत्साहित हूं। मेरे पिछले कार्यकाल में यहां पांच साल शानदार रहे। मैं इस अगले अध्याय का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।



### तीन अंडर 69 के स्कोर से 10वें स्थान पर अदिति



**मलागा।** अदिति अशोक एंडालूसिया कोस्टा डेल सेल ओपन डि एस्पाना गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में तीन अंडर 69 के स्कोर से संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर हैं। अदिति ने तीन बर्डी और एक ईगल किया लेकिन दो बोगी भी कर गईं, जिससे उनका स्कोर तीन अंडर रहा। लेडीज यूरोपीय टूर पर कई बार की विजेता अदिति शीर्ष पर चल रही डेनमार्क की समिला टार्निंग सोंडरबी और थाईलैंड की त्रिचाट चेंगलाब से तीन शॉट पीछे हैं, जो छह अंडर के स्कोर से संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। भारतीय खिलाड़ियों के लिए पहला दिन मिश्रित सफलता वाला रहा। अवनि प्रशांत 71 के स्कोर से संयुक्त रूप से 27वें जबकि हिताषी बख्शी (73) संयुक्त रूप से 45वें पायदान पर हैं।

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी : म्हात्रे ने जड़ा टी20 करियर का पहला शतक

# आयुष ने 49 गेंद में ठोका शतक, 16 छक्के-चौके लगाकर किया कमाल, मुंबई को दिलाई जीत

एजेंसी ▶▶| मुंबई

युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे ने टी20 करियर का पहला शतक लगाते हुए मुंबई को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 में लगातार दूसरी जीत दिला दी। विदर्भ से ग्रुप एक के मुकाबले में मिले 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए म्हात्रे ने 110 रन की नाबाद पारी खेली।

इससे मुंबई ने 13 गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। म्हात्रे ने 53 गेंद खेली और आठ छक्के व इतने ही चौके लगाए। इससे पहले विदर्भ ने अथर्व ताइडे के 64 और अमन मोखाडे के 61 रन के दम पर नौ विकेट पर 192 रन का मजबूत स्कोर बनाया था। मुंबई की ओर से शिवम दुबे और सैराज पाटिल ने तीन-तीन विकेट लिए।

### आयुष ने 20 गेंद में लगाई फिफ्टी

म्हात्रे ने 20 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने दुबे के साथ चौथे विकेट के लिए 85 रन की अटूट साझेदारी की। म्हात्रे ने छक्का लगाकर टी20 करियर का पहला शतक 49 गेंद में पूरा किया। वहीं दुबे ने 19 गेंद में तीन छक्के व इतने ही चौके लगाते हुए 39 रन की तूफानी पारी खेली। इससे मुंबई ने बड़े आराम से जीत हासिल की. विदर्भ के पास उमेश यादव, दर्शन नालकंडे, यश ठाकुर और हर्ष दुबे जैसे बॉलर थे लेकिन कोई भी म्हात्रे को रोक नहीं पाया।




### हिम्मत सिंह ने जड़ा छक्का, टीम को दिलाई जीत

**अहमदाबाद।** यश धुल की 46 गेंद में 71 रन की आक्रामक अर्धशतकीय पारी से दिल्ली ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 के ग्रुप डी के रोमांचक मुकाबले में शुक्रवार को तमिलनाडु को छह विकेट से हराया। तमिलनाडु ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 198 रन बनाए। हिम्मत सिंह ने आखिरी गेंद पर छक्का जड़कर दिल्ली को जीत दिला दी। दिल्ली ने चार विकेट पर 203 रन बनाए। धुल ने अपनी पारी में चार चौके और इतने ही छक्के जड़ने के अलावा तीन अर्धशतकीय साझेदारी कर मैच पर दिल्ली की पकड़ बनाए रखी। उन्होंने प्रियांश आर्य (15 गेंद में 35 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 52, कप्तान नीतिश राणा (26 गेंद में 34 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी करने के बाद आयुष बडोनी (23 गेंद में 41 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी की।

### मध्यप्रदेश के खिलाफ वैभव के बल्ले से नहीं निकले रन

मध्य प्रदेश और बिहार की टीम के बीच मुकाबला हुआ,जिसमें बिहार को 62 रनों से हार का मुंह देखना पड़ा। मध्य प्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 174 रन बनाए। इसके बाद बिहार की टीम सिर्फ 112 रनों पर सिमट गई। मैच में वैभव सूर्यवंशी बड़ी पारी नहीं खेल पाए हैं। वैभव सूर्यवंशी कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए और बुरी तरह से फ्लॉप साबित हुए। उन्होंने 9 गेंदों में सिर्फ 13 रन बनाए, जिसमें एक चौका और एक छक्का शामिल रहा। उनके अलावा कप्तान शाकिबुल गनी भी 12 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। बिहार की टीम के लिए सिर्फ विपिन सौरभ ने ही कुछ देर क्रीज पर टिकने की कोशिश की और उन्होंने 24 गेंदों में कुल 32 रन बनाए, जिसमें तीन चौके और दो छक्के जड़े। बिहार की पूरी टीम 20 ओवर्स भी नहीं खेल पाई और 19.2 ओवर्स में टीम ने 112 रन बनाए। इसी वजह से उसे हार का मुंह देखना पड़ा।

### राजस्थान ने त्रिपुरा को हराया

ग्रुप के एक अन्य मैच में राजस्थान ने सात गेंद शेष रहते त्रिपुरा को पांच विकेट से हराया। कमलेश नागरकोटी के तीन विकेट से त्रिपुरा को सात विकेट पर 169 रन पर रोकने के बाद राजस्थान ने शुभम गढ़वाल की 20 गेंद में 50 रन की पारी के बूते 18.5 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। राजस्थान के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज कुणाल सिंह राठौड़ ने 18 गेंद में नाबाद 33 रन की आक्रामक पारी खेली। उत्तराखंड ने कुणाल चंदेला (94) और आंजनेय सूर्यवंशी की नाबाद 73 रन की पारी से सौराष्ट्र को छह विकेट से हराया। सौराष्ट्र को सात विकेट पर 183 रन पर रोकने के बाद उत्तराखंड ने 18.1 ओवर में चार विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

## एशेज टेस्ट

# 'पिंक बॉल' टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया ने किया स्क्वाड का ऐलान



एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ 4 दिसंबर से गाबा में शुरू होने जा रहे डे-नाइट एशेज टेस्ट के लिए 14 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है, जिसमें कोई बदलाव नहीं किया गया।

कप्तान पैट कमिंस लगातार दूसरे मैच में नहीं खेल सकेंगे। पैट कमिंस पीठ की चोट के कारण पर्थ में सीरीज का पहला टेस्ट में नहीं खेले थे। इस लो-स्कोरिंग मुकाबले को ऑस्ट्रेलियाई ने सिर्फ दो दिनों के अंदर अपने नाम किया था। इस तेज गेंदबाज को पूरी तरह से फिट होने के लिए दो हफ्तों का समय दिया गया है। 32 वर्षीय पैट कमिंस टीम के साथ ब्रिस्बेन जाएंगे। पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में ब्रेंडन डॉग्गेट, मिचेल स्टार्क और स्कॉट बोलैंड के साथ अपनी जगह बनाए रख सकते हैं। ब्रेंडन डॉग्गेट ने पर्थ में टेस्ट डेब्यू करते हुए 5 विकेट हासिल किए थे।

### ओपनर उस्मान ख्वाजा टीम में शामिल

टीम में अनुभवी ओपनर उस्मान ख्वाजा को शामिल किया गया है। ख्वाजा पीठ में ऐंठन के कारण पर्थ में खेल गए सीरीज के पहले मैच की दूसरी पारी में बल्लेबाजी नहीं कर सके थे। ऑस्ट्रेलियाई टीम रविवार को गाबा में अपना पहला ट्रेनिंग सेशन करेगी,जिसके बाद सोमवार को एक सेशन होगा। बता दे कि पर्थ स्टेडियम में खेले गए सीरीज के शुरुआती मैच में इंग्लैंड की टीम पहली पारी में महज 172 रन पर सिमट गई थी। इस पारी में मिचेल स्टार्क ने 7 विकेट हासिल किए थे।

**कमिंस की एडिलेड टेस्ट में वापसी की संभावना :** दूसरा टेस्ट चार दिसंबर से शुरू होगा। कमिंस हालांकि टीम के अभ्यास करना जारी रखने के लिए ब्रिसबेन जाएंगे। उनके 17 दिसंबर से एडिलेड में होने वाले तीसरे टेस्ट में वापसी करने की संभावना है। कमिंस को इससे पहले शुक्रवार को ही सिडनी क्रिकेट मैदान पर टीम के अभ्यास सत्र में स्मिथ को गेंदबाजी करते हुए देखा गया था।

# अंडर-19 एशिया कप के लिए टीम इंडिया का ऐलान, वैभव टीम में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उभरते हुए बल्लेबाज आयुष म्हात्रे को अंडर-19 एशिया कप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम का कप्तान बरकरार रखा गया। टीम में आक्रामक किशोर बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को जगह मिली है जबकि 12 से 21 दिसंबर तक दुबई में 50 ओवरों के प्रारुप में खेले जाने वाले इस आयु वर्ग के महाद्वीपीय टूर्नामेंट के लिए विहान मल्होत्रा को उप-कप्तान नियुक्त किया गया है। म्हात्रे ने इससे पहले सितंबर और अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया के बहु-प्रारुप दौरे के दौरान भी भारत का नेतृत्व किया था। यह टूर्नामेंट अगले साल जनवरी-फरवरी में जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेले जाने वाले अंडर-19 विश्व कप की तैयारी का आधार होगा।




### भारतीय अंडर-19 टीम

आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा (उपकप्तान), वेदांत त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), युवराज गोहिल, कनिष्क चौहान, खिलान ए. पटेल, नमन पुष्पक, डी. दीपेश, हेनिल पटेल, किशन कुमार सिंह, उधव मोहन, आरोन जॉर्ज। स्टैंडबाई खिलाड़ीः राहुल कुमार, हेमचुदेशन जे, बीके किशोर,आदित्य रावत।

### हॉकी विश्व कप में जर्मनी ने दक्षिण अफ्रीका को हराया

**मदुरै।** गत चैंपियन जर्मनी ने दक्षिण अफ्रीका को 4-0 से हराकर एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत शानदार जीत के साथ की। सात बार के चैंपियन जर्मनी की ओर से जस्टस वारवेग ने 19वें और 56वें मिनट में मैदानी गोल दागे जबकि बेन हैशबैक (43वें मिनट) और पॉल ग्लेंडर (44वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर एक-एक गोल किया। पूल ए के पहले मैच में आयरलैंड ने कड़े मुकाबले में कनाडा को 4-3 से हराया। आयरलैंड को 13वें मिनट में लुई रोव से बढ़त दिलाई लेकिन गुरनूर भुल्लर ने 26वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। रोव ने 33वें मिनट में एक और मैदानी गोल दागकर स्कोर 2-1 किया जबकि ग्रेगरी विलियम्स ने 35वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर आयरलैंड को 3-1 से आगे कर दिया। माइलो थॉम्पसन ने एक और मैदानी गोल दागकर आयरलैंड की बढ़त को 4-1 किया।



# पाकिस्तान को हराकर ट्राई सीरीज के फाइनल में श्रीलंका, चमीरा को 4 विकेट

एजेंसी ▶▶| रावलपिंडी

तेज गेंदबाज दुष्मंता चमीरा (20 रन पर चार) ने लक्ष्य का बचाव करते हुए आखिरी ओवर में सिर्फ तीन रन खर्च किए, जिससे श्रीलंका ने त्रिकोणीय श्रृंखला के अपने करो या मरो मैच में पाकिस्तान को छह रन से हराकर फाइनल का टिकट पक्का किया। पाकिस्तान पहले ही फाइनल में पहुंच चुका था और जिम्बाब्वे की जगह खिताबी मुकाबले में पहुंचने के लिए श्रीलंका को खेले गए मैच में जीत की जरूरत थी। टीम ने सलामी बल्लेबाज कामिल मिसरा की 48 गेंदों में 76 रनों की पारी की बदौलत पांच विकेट पर 184 रन बनाने के बाद पाकिस्तान को सात विकेट पर 178 रन पर रोक दिया।




### आगा की नाबाद पारी नहीं दिला सकी जीत

पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा के कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ नाबाद 63 रनों की पारी खेली लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके। चमीरा ने पावरप्ले में अपने शुरुआती दो ओवर में तीन रन पर तीन विकेट लेकर पाकिस्तान को बैकफुट पर धकेल दिया और फिर आखिरी ओवर में क्रीज पर आगा की मौजूदगी के बावजूद 10 रन का शानदार तरीके से बचाव किया। उन्होंने चौथे ओवर में साहिबजादा फरहान (नौ) को धीमी गेंद पर गच्चा देने के बाद बाबर आजम (शून्य) को खाता खोले बगैर पगबाधा किया।

## 21 से 30 दिसंबर तक विशाखापत्तनम और तिरुवनंतपुरम में होंगे मैच

# भारतीय टीम श्रीलंका से खेलेगी 5 मैचों की सीरीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय महिला टीम 21 से 30 दिसंबर तक विशाखापत्तनम और तिरुवनंतपुरम में श्रीलंका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेगी। बीसीसीआई ने शुक्रवार को जानकारी दी। इससे पहले बांग्लादेश के खिलाफ निर्धारित मैच दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव के कारण स्थगित कर दिया गया था।

हाल ही में वनडे विश्व कप जीतने के बाद यह भारतीय महिला टीम का पहला मैच होगा। बीसीसीआई से जारी बयान के मुताबिक,'भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने आगामी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। भारत अगले महीने पांच मैचों की श्रृंखला के लिए श्रीलंका की मेजबानी करेगा। यह श्रृंखला विशाखापत्तनम में शुरू होगी और शेष मैच तिरुवनंतपुरम में खेले जाएंगे।'




| | | |
|---|---|---|
| पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय | : | 21 दिसंबर, विशाखापत्तनम |
| दूसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय | : | 23 दिसंबर, विशाखापत्तनम |
| तीसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय | : | 26 दिसंबर, तिरुवनंतपुरम |
| चौथा टी20 अंतरराष्ट्रीय | : | 28 दिसंबर तिरुवनंतपुरम |
| पांचवां टी20 अंतरराष्ट्रीय | : | 30 दिसंबर तिरुवनंतपुरम |

### श्रीलंका टीम 2016 के बाद भारत में खेलेगी सीरीज

*पहले से तय कार्यक्रम के मुताबिक भारतीय महिला टीम को इसी दौरान बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में भाग लेना था। श्रीलंका की टीम 2016 के बाद पहली बार भारत में कोई द्विपक्षीय टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेगी, जिसे मेजबान टीम ने 3-0 से जीता था। भारतीय महिला टीम ने इस साल जुलाई में इंग्लैंड में अपनी पिछली टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेली थी। टीम ने इस श्रृंखला को 3-2 से जीत कर इतिहास रचा था। यह इंग्लैंड के खिलाफ उसके घर में टीम की पहली टी20 श्रृंखला जीत थी।*

# पुणे ग्रैंड टूर 19 जनवरी से भारत की दो टीमें लेंगी हिस्सा




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की पहली 'यूनियन साइकिलिस्ट इंटरनेशनल (यूसीआई)' 2.2 श्रेणी की रोड रेस चैंपियनशिप 'पुणे ग्रैंड टूर' के शुरुआती सत्र का आयोजन 19 से 23 जनवरी तक होगा। भारतीय साइकिलिंग महासंघ (सीएफआई) इसमें दो टीमें उतारेगा। इन टीमों का चयन ओडिशा के संबलपुर में दो से छह दिसंबर तक होने वाले राष्ट्रीय चैंपियनशिप सह चयन ट्रायल से होगा। इससे चयनित खिलाड़ियों का आकलन 28 दिसंबर को पुणे में एक राष्ट्रीय रोड रेस के माध्यम से किया जाएगा। भारत 'ए' और भारत 'बी' की उपस्थिति से उभरते और अनुभवी साइकिल चालक खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए बड़ा मंच मिलेगा। 'बजाज पुणे ग्रैंड टूर' भारत में वैश्विक साइकिलिंग का प्रमुख आयोजन है। इसका उद्देश्य पुणे और भारत को यूसीआई के वैश्विक कैलेंडर में स्थायी रूप से शामिल करना है।




फाइनल में यूआईटी-आरजीपीवी को 47 रन से हराया

# राधारमण-आरजीपीवी नोडल क्रिकेट टूर्नामेंट का ओरिएंटल कॉलेज चैंपियन



विजयी मुद्रा में ओरिएंटल कॉलेज की चैंपियन टीम।



मैन ऑफ द मैच हिमांशु मिश्रा को पुरस्कृत करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राधारमण समूह के क्रिकेट मैदान पर 'शुक्रवार को आरजीपीवी नोडल क्रिकेट टूर्नामेंट 2025-26 का फाइनल मुकाबला खेला गया, जिसमें ओरिएंटल कॉलेज ने यूआईटी–आरजीपीवी को 47 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया।

रोमांच और प्रतिस्पर्धा से भरे इस मुकाबले में दोनों टीमों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया, लेकिन ओरिएंटल की सटीक गेंदबाज़ी और संयमित बल्लेबाज़ी ने उन्हें विजेता बना दिया। फाइनल मुकाबले की शुरुआत में यूआईटी–आरजीपीवी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी चुनी। ओरिएंटल कॉलेज ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 130 रन बनाए। टीम की ओर से अंश पुरोहित ने 30 रन की पारी खेली, जबकि प्रियांशु आचार्य ने 26 रन बनाए। आयुष्मान सिंह ने 12 गेंदों पर 16 रन की उपयोगी पारी खेलते हुए टीम के रन रेट को बढ़ाया। अतिरिक्त 22 रन भी टीम के कुल स्कोरमें अहम साबित हुए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूआईटी–आरजीपीवी की टीम ओरिएंटल की कसी हुई गेंदबाज़ी के आगे संघर्ष करती दिखी और पूरी टीम 18.3 ओवर में 83 रन पर सिमट गई। बल्लेबाज़ी में कोई भी खिलाड़ी बड़ा स्कोर खड़ा नहीं कर सका। वरुण कोस्थे ने 12 रन और श्रेयांश मिश्रा ने 9 रन बनाए, लेकिन रन गति हमेशा दबाव में रही। ओरिएंटल कॉलेज के हिमांशु मिश्रा ने 4 ओवर में मात्र 8 रन देकर 2 विकेट चटकाए। वहीं विशाल मीणा ने 2, संकल्प शिव ने 2 और श्रेयांश मिश्रा ने भी 2 विकेट लेकर यूआईटी–आरजीपीवी को बड़े अंतर से रोक दिया। तेज़ शुरुआत में ही मनस सोनी ने फ़ैज़ान क़ादिर को पहली गेंद पर आउट कर दबाव बना दिया था। ओरिएंटल की ओर से शानदार गेंदबाज़ी और लयबद्ध टीम प्रदर्शन को देखते हुए हिमांशु मिश्रा को फाइनल का मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

# टीवी पर नजरें गड़ाए बैठा था पूजा का परिवार, जैसे ही बोली 85 लाख पर पहुंची, खुशी छा गई

**भोपाल।** शहडोल की बेटी और भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर पूजा वस्त्राकर ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि कठिनाइयों के बीच भी प्रतिभा अपना रास्ता खुद बना लेती है। लंबे समय से कंधे की गंभीर चोट से जूझ रहीं पूजा को महिला प्रीमियर लीग 2026 की नीलामी में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने 85 लाख रुपये की बड़ी बोली लगाकर अपनी टीम में शामिल किया। नीलामी के दौरान बोली जैसे ही पूजा के नाम पर पहुंची, शहडोल में उनके घर पर खुशियों का माहौल देखने लायक था। परिजन टीवी स्क्रीन पर लगातार नजरें जमाए बैठे थे और बोली 85 लाख पर पहुंचते ही खुशी का माहौल झूम उठा। परिवार ने कहा कि पूजा ने चोट के लंबे संघर्ष के बाद सभी को पछाड़ते हुए यह साबित कर दिया कि उनका जज्बा अभी भी उतना ही मजबूत है जितना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के समय था।



~~आरजीपीवी की टीम~~

## कंधे की चोट के कारण भारतीय टीम और डब्ल्यूपीएल दोनों से दूर रही

पूजा वस्त्राकर बीते डेढ़ वर्ष से कंधे की चोट के कारण भारतीय टीम और डब्ल्यूपीएल दोनों से दूर रहीं। 2024 टी-20 वर्ल्ड कप के बाद चोट इतनी गंभीर हो गई कि उन्हें सर्जरी, इलाज और लंबी रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। इसके बावजूद पूजा ने हार नहीं मानी और बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में लगातार मेहनत से अपनी फिटनेस पर काम करती रहीं।

स्व. ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता

# ग्रीन पैराडाइस, मीडिया एकादश और डीजीपी एकादश की टीमें



हिमांशु तिवारी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वर्गीय ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति अखिल भारतीय ग्रीन पैराडाइस कप क्रिकेट प्रतियोगिता में शुक्रवार को तीन मैच खेले गए जिसमें पहला मैच ग्रीन पैराडाइज और भोपाल टाइगर्स के बीच खेला गया जिसमें ग्रीन पैराडाइस ने 188/6 रन बनाए।

साबिर मोहम्मद ने 78 नाबाद और मनीष भास्कर ने 50 एवं राशिद अंसारी ने 27 रन बनाए। भोपाल टाइगर्स की ओर से आशुतोष लोया ने 3 और अंचल साहू ने दो विकेट लिए। जवाब में भोपाल टाइगर्स की टीम 119/10 रन ही बना सकी और मैच 69 रनों से हार गई।

शुभम भट्टाचार्य ने 35 और अंकुर जैन ने 27 रन बनाए। वहीं, योगेश,अज़ीज़ और मोहम्मद साबिर ने दो-दो विकेट लिए। मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए साबिर मोहम्मद को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

**अश्विन बने मैन ऑफ द मैच:** दिन का दूसरा मैच मीडिया एकादश विरुद्ध ब्लेजिंग यॉर्कर्स के बीच खेला गया, जिसमें मीडिया एकादश ने 172/3 रन बनाए। इनमें अश्विन ने नाबाद 46, अजय यादव ने 41 और प्रभात ने 32 रन बनाए। ब्लेजिंग यॉर्कर के अर्पित ने एक विकेट लिया ।

जवाब में ब्लेजिंग यॉर्कर की टीम 153/10 रन पर आउट हो गई और मैच को 19 रनों से हार गई। सचिन जैन ने 64 श्लोक ग्वालानी ने 29 रन और पुरु प्रधान ने 27 रन बनाए। मीडिया एकादश की ओर से अश्विन ने 5 और कृष्ण कुमार गंगवार ने दो विकेट लिए। मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए अश्विन को मैन ऑफ द मैच चुना गया ।

### 194 रन के बड़े अंतर से डीजीपी एकादश ने एमएलयू को हराया

आज का तीसरा मैच डीजीपी एकादश व माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय की टीमों के बीच खेला गया जिसमें डीजीपी एकादश ने प्रतियोगिता का सबसे बड़ा स्कोर 302/3 रन बनाए। हिमांशु तिवारी ने शतक 128, जबकि हेमंत शाक्य ने 61, नरेंद्र सिंह ने 41 और नागेंद्र नाबाद 40 रन बनाए। माखनलाल के संदीप और विनोद ने एक-एक विकेट लिया ।जवाब में माखनलाल की टीम 108/4 ही बना सकी और मैच को 194 रनों के विशाल अंतर से डीजीपी एकादश ने जीत लिया। गोपाल वर्मा ने नाबाद 59 और मनोज ने 45 रन बनाए। डीजीपी एकादश के नरेंद्र ने दो,जबकि राम दुबे और विपिन सुस्ते ने एक-एक विकेट लिए। शानदार बल्लेबाजी के लिए हिमांशु तिवारी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार नागेंद्र सिंह कमांडेंट 25 वीं बटालियन ,आईपीएस नरेंद्र रावत आईपीएस और पिनाकी भट्टाचार्य पूर्व संतोष ट्रॉफी खिलाड़ी द्वारा प्रदान किया गया ।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930